FINECAB®
WIRES AND CABLES

खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

FINECAB®
WIRES AND CABLES

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | बुधवार, 24 दिसंबर, 2025 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु.| वर्ष-7 | अंक-351






# मुझे बिल क्लिंटन बहुत पसंद, मेरे उनसे हमेशा अच्छे संबंध रहे हैं

**एपस्टीन फाइल्स रिलीज के बाद पहली बार ट्रंप का बयान आया सामने**

वाशिंगटन,23 दिसंबर (एजेंसियां)।

एपस्टीन फाइल्स पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हैं। इसे लेकर अमेरिकी सियासत में भूचाल आ गया। वहीं अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप का कहना है कि यह अमेरिका की सफलता से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए किया जा रहा है। ट्रंप के मुताबिक कई लोग अंजाने में जेफ्री एपस्टीन से मिले थे और उन्हें एपस्टीन के काले कारनामों की भनक तक नहीं थी। ऐसे में अगर एपस्टीन फाइल्स के सारे नाम सामने आते हैं तो कई लोगों की छवि खराब हो सकती है।

मीडिया रिपोट के मुताबिक अमेरिका के न्यायिक विभाग ने शुक्रवार से एपस्टीन फाइल्स रिलीज करना शुरू किया है, जिसके बाद ट्रंप का पहली बार इसपर बयान सामने आया है। ट्रंप का कहना है कि एपस्टीन पर हंगामा मचाने का सीधा मकसद यही है कि वह अमेरिका के विकास में रिपब्लिकन पार्टी की सफलता को नजरअंदाज करना चाहते हैं। एपस्टीन फाइल्स के पहले बैच में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की तस्वीर भी मौजूद थी। जब ट्रंप से इसपर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि मुझे बिल क्लिंटन बहुत पसंद हैं। मेरे उनसे हमेशा अच्छे संबंध रहे हैं। मुझे एपस्टीन फाइल्स में उनकी तस्वीरें देखना बिल्कुल पसंद नहीं है। वैसे उसमें मेरी भी तस्वीरें हैं। सभी इस आदमी एपस्टीन के दोस्त थे।

ट्रंप ने कहा कि बिल क्लिंटन एक समझदार व्यक्ति हैं। वह इस मामले को संभाल लेंगे, लेकिन एपस्टीन फाइल्स में कई ऐसे लोगों की भी तस्वीरें हैं, जो बेगुनाह है और अंजाने में एपस्टीन से मिले थे। तस्वीरें जारी करने से बहुत लोग नाराज हैं। उनका एपस्टीन से वास्तव में कोई लेना-देना नहीं था।

बता दें अमेरिका के सबसे धनी और प्रभावशाली व्यक्तियों की फेहरिस्त में शुमार जेफ्री एपस्टीन पर यौन तस्करी करने का आरोप है। 2019 में न्यूयॉर्क की जेल में एपस्टीन की मौत हो गई थी, जिसे आत्महत्या करार दिया था। हालांकि, एपस्टीन फाइल्स भी दुनिया के लिए राज बनी हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### मैक्सिको की नौसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, पांच की मौत



**गैल्वेस्टन (टेक्सास)।** मैक्सिको की नौसेना का एक विमान सोमवार को टेक्सास के गैल्वेस्टन में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में कई लोगों की मौत हो गई। राहत और बचाव कार्य जारी है। मृतकों की संख्या पर रिपोर्ट अलग-अलग हैं। अमेरिकी कोस्ट गार्ड के अनुसार, इस हादसे में कम से कम पांच लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। अन्य रिपोर्टों में पायलटों, एक डॉक्टर और मरीज सहित छह लोगों की मौत का अंदेशा जताया गया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स और ह्यूस्टन क्रानिकल की रिपोर्ट के अनुसार, इस विमान में चार मैक्सिकन नेवी अधिकारियों और चार नागरिकों सहित आठ लोग सवार थे। यह विमान आग में गंभीर रूप से झुलसे एक साल के बच्चे को ले जा रहा था। बताया गया है कि राहत और बचाव अभियान के दौरान कम से कम दो लोगों को बचाकर स्थानीय चिकित्सा केंद्रों में ले जाया गया। इनमें एक 27 वर्षीय महिला भी है। दुर्घटना की वजह घना कोहरा बताया गया है। गैल्वेस्टन काउंटी शेरिफ जिमी फुलन ने कहा कि यह विमान दोपहर 3:17 बजे गैल्वेस्टन कॉज-वे के पश्चिम में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। शाम पांच बजे तक छह लोगों को बाहर निकाला जा सका। मेक्सिको की नौसेना के सचिवालय ने एक्स पोस्ट में कहा, ''दुर्घटना के समय विमान मिचौ और माउ फाउंडेशन के साथ समन्वय में एक मेडिकल सहायता मिशन पर था। मिचौ और माउ फाउंडेशन मेक्सिको में आग में गंभीर रूप से झुलसे बच्चों की मदद करते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गैल्वेस्टन पुलिस विभाग, गैल्वेस्टन काउंटी शेरिफ कार्यालय, अमेरिकी कोस्ट गार्ड और टेक्सास सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के अधिकारी हादसे की जांच कर रहे हैं।

### यूनुस सरकार हर नागरिक की सुरक्षा तय करे, चाहे वह किसी भी धर्म का हो

**जेनेवा।** बांग्लादेश में हिंसा के बीच अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं पर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताई है। यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बयान जारी करते हुए कहा कि हम बांग्लादेश की स्थिति पर फिक्रमंद हैं। हम बांग्लादेश की सरकार से अपील करते हैं कि हर एक नागरिकों की सुरक्षा तय की जाए, चाहे वह किसी भी धर्म से ताल्लुक रखता हो। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश में बीते हफ्ते से ढाका समेत कई शहरों में विरोध प्रदर्शन और हिंसक घटनाएं हो रही हैं। युवा नेता उस्मान हादी की मौत के बाद ये हिंसक घटनाएं शुरू हुई हैं। इस दौरान दीपू चंद्रदास की भीड़ के हाथों हत्या ने यूएन समेत दुनिया का ध्यान खींचा है। दीपू की ईशनिंदा के आरोप में ना सिर्फ भीड़ ने हत्या कर दी बल्कि उनको शव को भी जला दिया। स्टीफन दुजारिक ने बांग्लादेश में हिंसा पर चिंता जताते हुए कहा कि जो लोग बहुसंख्यक समुदाय से नहीं हैं, उन्हें भी सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है। ऐसे में यह जरूरी है कि बांग्लादेश में हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए यूनुस की अंतरिम सरकार कदम उठाए। रिपोर्ट के मुताबिक गुटेरेस के प्रवक्ता ने यूनुस सरकार से उम्मीद जताई कि वह हर बांग्लादेशी को सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। यूएन मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने बांग्लादेश के लोगों से शांति बनाए रखने और हिंसा समाप्त करने का आह्वान किया है।



### जापान के पास न्यूक्लियर हथियार होने चाहिए! चीन ने दी तीखी प्रतिक्रिया

**बीजिंग।** चीन ने जापान के एक वरिष्ठ अधिकारी की परमाणु हथियारों को लेकर की गई टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जापान के पास भी परमाणु हथियार होना चाहिए। लेकिन, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि ऐसा कदम राजनीतिक रूप से कठिन होगा। मीडिया आउटलेट्स ने बताया कि जापानी अधिकारी पीएम सनाए ताकाइची के कार्यालय से थे। जापान में परमाणु हथियार एक संवेदनशील विषय है, क्योंकि यह इस हथियार से पीड़ित दुनिया का इकलौता देश है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मुख्य कैबिनेट सचिव मिनोरू किहारा ने कहा कि जापान की परमाणु नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन उन्होंने उन टिप्पणियों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और यह भी बताने से मना किया कि विपक्षी नेताओं द्वारा अधिकारी को हटाने की मांग के बीच वह व्यक्ति अपने पद पर बना रहेगा या नहीं। जापान में अपने तीन परमाणु-विरोधी सिद्धांतों को शिथिल करने के लिए राजनीतिक और सार्वजनिक इच्छाशक्ति बढ़ रही है, जिसके तहत परमाणु हथियार रखना, विकसित करना या अपने क्षेत्र में आने की अनुमति देना मना है।



# हिंसाग्रस्त बलोचिस्तान में इस वर्ष मारे गए 248 लोग और 205 सैनिक

क्वेटा,23 दिसंबर (एजेंसियां)।



आजादी की मांग से गूंजायमान पाकिस्तान का अशांत प्रांत बलोचिस्तान इस साल भी हिंसा की लपटों में झुलसता रहा। 2025 में बलूचिस्तान में हमलों, बम धमाकों और हथियारबंद घटनाओं में कम से कम 248 आम नागरिक और 205 पाकिस्तान के सुरक्षाकर्मी मारे गए। यह साल बलूचिस्तान के सबसे हिंसक वर्षों में से एक बन गया। रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि 2025 बलूचिस्तान में कानून-व्यवस्था के लिए एक और मुश्किल और खूनखराबे वाला साल साबित हुआ। सुरक्षा अधिकारियों की रिपोर्ट में कहा गया है कि साल के दौरान बलूचिस्तान में कुल 432 घटनाएं दर्ज की गईं। पूरे प्रांत में डर का माहौल रहा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, हिंसा में 248 आम नागरिकों और 205 सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई। इन घटनाओं ने रोजमर्रा की जिंदगी को बुरी तरह प्रभावित किया और बलोचिस्तान में समग्र सुरक्षा स्थिति के बारे में गंभीर सवाल खड़े किए। रिपोर्ट के अनुसार, इस साल क्वेटा, मस्तुंग, खुजदार, तुरबत और नोकुंडी में छह आत्मघाती बम धमाके किए गए। 11 मार्च को बलोच आजादी समर्थक समूहों ने बोलन इलाके में जाफर एक्सप्रेस पर हमला किया। इससे पहले 18 फरवरी को बरखान में सात लोग मारे गए। 15 मई को खुजदार में एक बस पर हमला हुआ, जिसमें छह लोग मारे गए। 30 सितंबर को क्वेटा में फ्रंटियर कॉर्प्स मुख्यालय पर एक आत्मघाती बम धमाके में 12 लोग मारे गए। दूसरी ओर, बलोचिस्तान के अधिकारियों का कहना है कि पूरे साल बड़े पैमाने पर आतंकवाद विरोधी अभियान जारी रहे। 2025 में पूरे बलूचिस्तान में 78,000 से ज्यादा खुफिया आधारित अभियान चलाए गए। इनमें में बलोच समूहों के 707 सदस्य मारे गए। सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि सशस्त्र समूहों और उनके सदस्यों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहे, लेकिन वे यह भी मानते हैं कि बलोचिस्तान में सुरक्षा का बड़ा खतरा है। अधिकारियों ने 2025 को बलोचिस्तान में शांति और स्थिरता के लिए एक निराशाजनक साल बताया है। आलोचकों का तर्क है कि बड़ी संख्या में घटनाएं रिपोर्ट नहीं की जाती हैं, जबकि सुरक्षा कर्मियों के बीच हताहतों की संख्या भी कथित तौर पर कम बताई जाती है।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के करक में पुलिस वैन पर हमला, पांच कांस्टेबल मारे गए



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के करक के गुरगुरी इलाके में आज एक पुलिस वैन पर हुए हमले में पांच कांस्टेबल मारे गए। जिला पुलिस अधीक्षक शौकत खान ने घटना और हताहत कांस्टेबलों की संख्या की पुष्टि की है। रिपोर्ट के अनुसार, जिला पुलिस अधीक्षक खान ने बताया कि शहीद पुलिसकर्मियों की पहचान कांस्टेबल शाहिद इकबाल, समीउल्लाह, आरिफ, सफदर और मोहम्मद अबरार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इलाके को घेर लिया गया है। हमलावरों की तलाश की जा रही है। दुनिया न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, पांचों कांस्टेबल रोज की तरह गश्त पर निकले थे। हमलावरों ने घात लगाकर उनकी वैन पर गोलियां चला दीं। दुनिया न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल (2025) अब तक खैबर पख्तूनख्वा में हुएआतंकी हमलों में सुरक्षा अधिकारियों सहित 502 लोग मारे गए। खैबर पख्तूनख्वा पुलिस के अनुसार, कुल 1,588 आतंकवादी घटनाएं हुईं, जिनमें 223 नागरिकों की मौत हुई और 570 घायल हुए। इसके अलावा, 137 पुलिस अधिकारी शहीद हुए और 236 अन्य घायल हुए, जबकि विभिन्न एजेंसियों के 18 कानून प्रवर्तन कर्मियों ने भी अपनी जान गंवाई। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन हमलों में फेडरल कांस्टेबुलरी के 124 कर्मी शहीद हुए और 244 घायल हुए। इस दौरान सुरक्षा बलों ने आतंकवाद से लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विभिन्न अभियानों के दौरान 348 आतंकवादियों को मार गिराया गया। आतंकवाद से संबंधित सबसे ज्यादा 394 घटनाएं बन्नू क्षेत्र में

# चक्रवात प्रभावित श्रीलंका को 45 करोड़ डॉलर की मदद करेगा भारत



कोलंबो,23 दिसंबर (एजेंसियां)।

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने चक्रवाती तूफान दित्वा से प्रभावित श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मंगलवार को यहां मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से राष्ट्रपति अनुरा को संदेश दिया और चक्रवात प्रभावित पड़ोसी के साथ एकजुटता प्रगट की। विदेश मंत्री ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि भारत ऑपरेशन सागर बंधु के तहत हमारी प्रथम रिस्पॉन्डर गतिविधि को आगे बढ़ाते हुए श्रीलंका के लिए 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर के पुनर्निर्माण पैकेज की घोषणा करता है। भारत अपने सभ्यतागत संबंधों, नेबरहुड फर्स्ट और विजन महासागर के आधार पर श्रीलंका के साथ मजबूती से खड़ा है। भारत के पैकेज में सड़क, रेलवे और पुल कनेक्टिविटी के पुनर्वास और बहाली; पूरी तरह से नष्ट और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घरों का निर्माण; विशेष रूप से चक्रवात से क्षतिग्रस्त स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों के लिए सहायता; कृषि, जिसमें अल्पकालिक और मध्यम अवधि में संभावित कमी को दूर करना तथा बेहतर आपदा प्रतिक्रिया और तैयारी को शामिल किया गया है। विदेश मंत्री ने इस दौरान राष्ट्रपति और विदेश मंत्री के साथ उत्तरी प्रांत के किलिनोच्ची जिले में स्थित 120 फुट लंबा दोहरी लेन वाला बेली ब्रिज का उद्घाटन किया। यह चक्रवात दित्वाह से बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में से एक में स्थित है। विदेश मंत्री ने श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरासुरिया से भी मुलाकात की और भारत की ओर से चक्रवात दित्वा के बाद श्रीलंका के पुनर्निर्माण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। भारत द्वारा प्रस्तावित पुनर्निर्माण पैकेज हमारे दोनों देशों के बीच गहरे संबंधों का प्रतीक है।

## ढाका में हवा की गुणवत्ता खराब



**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका 252 के वायु गुणवत्ता सूचकांक के साथ दुनिया के सबसे खराब हवा की श्रेणी वाले शहरों की सूची में तीसरे पायदान पर रही। वायु गुणवत्ता और प्रदूषण सिटी रैंकिंग के अनुसार, ढाका की हवा को 'बहुत खराब' श्रेणी में रखा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सूची में मिस्र का काहिरा, भारत का दिल्ली और कोलकाता क्रमशः पहले, दूसरे और चौथे स्थान पर रहे। इनका वायु गुणवत्ता सूचकांक क्रमशः 374, 290 और 210 रहा। 151 से 200 के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक को 'खराब' माना जाता है, जबकि 201-300 को 'बहुत खराब' और 301-400 को 'खतरनाक' माना जाता है। ढाका लंबे समय से वायु प्रदूषण की समस्याओं से जूझ रहा है। सर्दियों में इसकी हवा की गुणवत्ता आमतौर पर खराब हो जाती है और मानसून के दौरान इसमें सुधार होता है।

# नेपाली कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए गगन थापा ने की, उम्मीदवारी की घोषणा

काठमांडू,23 दिसंबर (एजेंसियां)।

**नेपाली कांग्रेस के महामंत्री गगन थापा ने पार्टी के आगामी 15वें महाधिवेशन में पार्टी अध्यक्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है और पार्टी नेतृत्व को महाधिवेशन के आयोजन में विलंब किये जाने को लेकर चेतावनी देते हुए कहा है कि वह इसके लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हैं।**



थापा ने मंगलवार को यहां पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में कहा कि वह पार्टी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे और नेतृत्व की दौड़ में जीत को लेकर आश्वस्त हैं। उन्होंने महाधिवेशन समय पर कराये जाने पर जोर दिया और यह भी स्पष्ट किया कि महाधिवेशन पूरा किए बिना पार्टी चुनाव में नहीं जाएगी।

थापा ने कहा, 'मैं अब 15वें महाधिवेशन में पार्टी अध्यक्ष पद का उम्मीदवार हूं। मैं पार्टी अध्यक्ष बनूंगा और बनना चाहता हूं।' उन्होंने कहा कि महाधिवेशन केवल नेतृत्व परिवर्तन का विषय नहीं है, बल्कि पार्टी के नवीनीकरण से जुड़ा हुआ है।

नेपाली कांग्रेस के महामंत्री ने कहा कि वह बार-बार पार्टी अध्यक्ष शेरबहादुर देउबा से कह चुके हैं कि महाधिवेशन समय पर होना चाहिए और इस मुद्दे पर उनका रुख पूरी तरह स्पष्ट है। उन्होंने कहा, 'महाधिवेशन समय पर पूरा हो सकता था, लेकिन कहीं न कहीं देरी का आभास हो रहा है। हम पार्टी नेतृत्व को इस बारे में स्पष्ट रूप से बता रहे हैं और इसके लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हैं।'

थापा ने जोर देकर कहा कि नेपाली कांग्रेस को नियमित या विशेष महाधिवेशन में से कोई एक अवश्य करना होगा और बिना महाधिवेशन के पार्टी चुनाव में नहीं जाएगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, 'महाधिवेशन के बिना नेपाली कांग्रेस चुनाव में नहीं जाएगी। उसे नहीं जाना चाहिए, नहीं जा सकती और नहीं जाएगी। यह पूरी तरह स्पष्ट है।'

थापा ने 5 मार्च 2026 को चुनाव कराना अनिवार्य बताते हुए कहा कि संविधान को 'पटरी पर लाने' के लिए यह जरूरी है। उन्होंने कहा कि नेपाली कांग्रेस अपना महाधिवेशन पूरा कर उसी तिथि पर होने वाले चुनाव में भाग लेगी।

# नेपाल : रवि लामिछाने-बालेन शाह की मुलाकात से राजनीतिक गठजोड़ की अटकलें तेज

काठमांडू,23 दिसंबर (एजेंसियां)।

**नेपाल में हाल ही में कैद से निकले राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने और काठमांडू महानगरपालिका के मेयर बालेन शाह के बीच बीती रात हुई मुलाकात के बाद आगामी आम चुनाव में दोनों नेताओं के बीच भविष्य में राजनीतिक सहयोग की संभावनाओं को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।**

सूत्रों के अनुसार यह मुलाकात पूर्व सांसद एवं आरएसपी केंद्रीय समिति सदस्य आसिम शाह के निवास पर हुई। यह ऐसे समय में हुई है जब हिरासत से रिहा होने के बाद रवि लामिछाने की राजनीतिक सक्रियता बढ़ी है, जिससे आगामी चुनावों को लेकर उनकी रणनीति और संभावित गठबंधनों पर जिज्ञासा और बढ़ गई है।

मुलाकात के बाद आसिम शाह ने सोशल मीडिया पर इसे 'कहानी की एक सुखद शुरुआत' बताते हुए साझा किया। उन्होंने इसे दो भाइयों के पुनर्मिलन के रूप में वर्णित किया और कहा कि यह केवल व्यक्तिगत मुलाकात नहीं, बल्कि उस आशा का संगम है जिसकी देश लंबे समय से तलाश कर रहा है। उन्होंने नेपाली जनता को बधाई भी दी, जिससे इस मुलाकात के राजनीतिक अर्थ और गहरे हो गए।

हालांकि आसिम शाह ने बातचीत के विवरण सार्वजनिक करने से इनकार किया, लेकिन उन्होंने कहा कि इस बैठक का व्यापक महत्व है। उनका कहना था, 'आखिरकार, कहानी की शुरुआत सकारात्मक रही है। यह केवल व्यक्तियों की बात नहीं, बल्कि उस उम्मीद की है जिसकी देश को जरूरत है।



सूत्रों के अनुसार रवि लामिछाने और बालेन शाह ने करीब पांच घंटे साथ बिताए। यह बैठक सोमवार रात करीब 8 बजे शुरू होकर देर रात लगभग 1 बजे तक चली। चर्चा में आरएसपी के उपाध्यक्ष डीपी आर्याल भी मौजूद थे, जबकि मेयर शाह की ओर से उनके सलाहकार कुमार बेन शामिल हुए।

लंबी बैठक के बावजूद न तो आरएसपी और न ही मेयर शाह की टीम ने आधिकारिक तौर पर एजेंडा या नतीजों का खुलासा किया है। हालांकि सोशल मीडिया पर प्रसारित तस्वीरों और वीडियो में लामिछाने और शाह को एक ही वाहन में स्थल से निकलते देखा गया। मुलाकात के मेजबान आसिम शाह, विघटित प्रतिनिधि सभा के समानुपातिक सांसद रह चुके हैं और आरएसपी के प्रमुख नेता हैं। पूर्व फिल्म निर्देशक रहे शाह मुस्लिम समुदाय से आते हैं। पारंपरिक पार्टी ढांचे से इतर वैकल्पिक राजनीतिक शक्तियों और नेतृत्व में बढ़ती जन-रुचि के बीच इस मुलाकात को राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि रवि लामिछाने और बालेन शाह दोनों ने बातचीत की सामग्री पर चुप्पी साध रखी है, लेकिन मुलाकात का समय और उसका प्रतीकात्मक महत्व इसे नेपाल की बदलती राजनीतिक परिदृश्य में तीव्र बहस का विषय बनाए हुए है।

MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MINISO
Please visit store nearest to you at these locations :
IRRUMMANZIL (L&T MALL)
MOOSARAMBAGH (L&T MALL)
KOMPALLY (TNR PLAZA)

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | बुधवार, 24 दिसंबर, 2025 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु.| वर्ष-7 | अंक-351

# ग्रेटर चुनाव फरवरी में !

## हैदराबाद के 3 भाग - अधिसूचना आज संभव



तेलंगाना सरकार ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (GHMC) को तीन अलग-अलग निगमों में विभाजित करने की व्यापक योजना बना रही है। मिली जानकारी के अनुसार, 150 डिवीजनों वाले एक मुख्य निगम के अलावा, विलय की गई नगर पालिकाओं और नगर निगमों को मिलाकर दो और नए निगम बनाए जाएँगे। चूंकि वर्तमान बल्दिया गवर्निंग काउंसिल का कार्यकाल 10 फरवरी 2026 को समाप्त हो रहा है। इस संदर्भ में खबरें हैं कि सरकार फरवरी में ही 'ग्रेटर' चुनाव कराने की तैयारी में है। संभावना जताई जा रही है कि चुनाव की अधिसूचना 10 फरवरी के बाद किसी भी समय जारी की जा सकती है।

GHMC के विस्तार और वार्डों के परिसीमन (Delimitation) के मार्ग में आने वाली बाधाएँ अब लगभग समाप्त हो गई हैं। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने वार्डों के विभाजन के खिलाफ दायर 80 से अधिक याचिकाओं को खारिज कर दिया है। अदालत की टिप्पणियों के बाद परिसीमन प्रक्रिया का रास्ता साफ हो गया है। बताया जा रहा है कि अधिकारियों को विस्तार और परिसीमन को लेकर 10 हजार से अधिक आपत्तियां प्राप्त हुई थीं। प्राप्त आपत्तियों की जाँच के बाद, अधिकारी लगभग 40 वार्डों के नाम और 10 वार्डों की सीमाओं को बदलने की योजना बना रहे हैं। उम्मीद है कि सरकार कल (बुधवार) वार्डों के परिसीमन पर अंतिम अधिसूचना जारी कर देगी।

### हलचल तेज

दूसरी ओर, वार्डों के परिसीमन को लेकर कुछ इलाकों में स्थानीय विरोध प्रदर्शन और आंदोलन भी जारी हैं। ग्रेटर हैदराबाद को तीन निगमों में विभाजित करने और फरवरी में चुनाव कराने के फैसले ने शहर की राजनीति में हलचल पैदा कर दी है और यह चर्चा का मुख्य विषय बन गया है। गौरतलब है कि गोशामहल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गोशामहल, जामबाग, बेगमबाजार, गणफाउंड्री, मंगलहाट व दत्तात्रेयनगर के अलावा एक और वार्ड एक्जीबिशन ग्राउंड बनाया गया है, जिसमें मात्र 25,000 जनसंख्या है। भाजपा जन प्रतिनिधियों का आरोप हैं मजलिस को लाभ पहुँचाने के लिए ही यह कार्य हुआ है। माना जा रहा है कि गोशामहल के कई वार्डों के साथ छेडछाड की गई, इसका राजनीतिक प्रभाव पड़ना तय है। स्थानीय भाजपा विधायक टी.राजा सिंह ने भी आपत्ति जताते हुए जीएचएमसी कमिश्नर को खत लिखा था, जिसमें कुछ अच्छे सुझाव भी थे।

## लूट सके तो लूट

# संपत्ति कर के ब्याज में 90% की भारी छूट

**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**




ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (GHMC) ने शहर के निवासियों के लिए एक बड़ी राहतभरी योजना की घोषणा की है। GHMC OTS (One Time Settlement) योजना के तहत, संपत्ति मालिक अपने लंबे समय से लंबित संपत्ति कर के बकाया पर 90% की छूट के साथ भुगतान कर सकते हैं। इस कदम का मुख्य उद्देश्य करदाताओं के बोझ को कम करना और साथ ही निगम के राजस्व संग्रह में सुधार करना है। GHMC अधिकारियों के अनुसार, यह ओटीएस (OTS) योजना निजी और सरकारी दोनों संपत्तियों पर लागू होती है। योजना के प्रावधान इस प्रकार हैं:

संपत्ति मालिकों को केवल मूल संपत्ति कर की राशि के साथ लंबित ब्याज/बकाये का 10% भुगतान करना होगा। इस भुगतान के होते ही शेष 90% बकाया राशि माफ कर दी जाएगी। अधिकारियों को उम्मीद है कि इस भारी छूट के बाद डिफॉल्टर बिना किसी देरी के अपना कर जमा करने के लिए आगे आएँगे।

GHMC कमिश्नर आर. वी. कर्णन ने कहा कि यह योजना ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम क्षेत्र के भीतर आने वाली सभी संपत्तियों को कवर करती है। उन्होंने बताया कि इससे नागरिकों को अपनी पुरानी कर देनदारियों को आसानी से निपटाने में मदद मिलेगी और निगम का ▶10 पर

# रेवंत अब खर्च कटौती में जुटे

**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने मंगलवार शाम को एक महत्वपूर्ण बैठक में राज्य के सभी विभागों के सचिवों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने आदेश दिया है कि प्रत्येक सचिव को अपने संबंधित विभागों में कार्यरत नियमित, आउटसोर्स और अनुबंध कर्मचारियों का पूरा विवरण 26 जनवरी 2026 तक मुख्य सचिव को सौंपना होगा।

राज्य सचिवालय में आयोजित इस उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कई अन्य महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि आउटसोर्स कर्मचारियों को उनका वेतन समय पर मिल रहा है या नहीं। साथ ही, उन्हें ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) और ईएसआई (कर्मचारी राज्य बीमा) जैसे लाभ मिल रहे हैं या नहीं, इसकी भी गहन जांच की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पूरी प्रक्रिया 26 जनवरी तक संपन्न हो जानी चाहिए।



**26 तक मांगी सभी कर्मचारियों की सूची**

**सरकारी भवनों में स्थानांतरित होंगे कार्यालय**

प्रशासनिक खर्चों को कम करने और दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने एक बड़ा निर्णय लिया कि सरकारी कार्यालय अब निजी किराए की इमारतों से संचालित नहीं होंगे।

वर्तमान में जो भी सरकारी कार्यालय किराए के भवनों में चल रहे हैं, उन्हें 26 जनवरी तक खाली करना होगा।

इन सभी कार्यालयों को अनिवार्य रूप से सरकारी स्वामित्व वाली इमारतों में स्थानांतरित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री के इन निर्देशों से प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आने और सरकारी संसाधनों के बेहतर उपयोग की उम्मीद है ।

# पीवी को भूली कांग्रेस : रामचंद्र राव

**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना राज्य भाजपा अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि भारत के आर्थिक परिवर्तन में अद्वितीय योगदान देने के बावजूद कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव को वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे हकदार थे।



नेकलेस रोड स्थित पी.वी. घाट पर नरसिम्हा राव की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद मीडिया से बात करते हुए रामचंद्र राव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने साहसिक आर्थिक सुधारों के माध्यम से भारत को एक नए विकास पथ पर ले जाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी।

उन्होंने याद दिलाया कि पी.वी. के कार्यकाल के दौरान राष्ट्रीय हित की भावना से महत्वपूर्ण सुधार लागू किए गए थे, जिसमें तत्कालीन विपक्ष के नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने सरकार को पूर्ण सहयोग दिया था। उन्होंने कहा, यह नेतृत्व का एक दुर्लभ उदाहरण था जहाँ देश को सही रास्ते पर लाने के लिए राजनीति से ऊपर उठकर काम किया गया।

रामचंद्र राव ने कांग्रेस पर पूर्व पीएम की विरासत को व्यवस्थित रूप से कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस में सम्मान केवल गांधी परिवार के सदस्यों के लिए आरक्षित है?

क्या यह कांग्रेस की परंपरा है कि दिल्ली में स्मारक और सम्मान केवल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के लिए ही होंगे?

बीजेपी नेता ने पी.वी. नरसिम्हा राव के निधन के बाद की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि पूरा देश जानता है कि कैसे पूर्व प्रधानमंत्री के पार्थिव शरीर को दिल्ली में अंतिम विदाई देने की अनुमति नहीं दी गई और प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हुए उनका अंतिम संस्कार हैदराबाद में कराया गया। उन्होंने कहा, वह अपमान आज भी लोगों के दिलों में अंकित है।

### भारत रत्न और वर्तमान सरकार पर निशाना


उन्होंने आगे आरोप लगाया कि आज भी तेलंगाना की कांग्रेस सरकार के नेता और मंत्री पी.वी. घाट पर प्रोटोकॉल का पालन करने में विफल रहे हैं। रामचंद्र राव ने कहा कि जहाँ कांग्रेस ने कभी ईमानदारी से उन्हें सम्मान नहीं दिया, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित कर राष्ट्र के प्रति उनकी सेवाओं को सही पहचान दी है।

इस अवसर पर भाजपा विधायक वेंकट रमण रेड्डी और पलवई हरीश बाबू, तेलंगाना भाजपा महासचिव वेमुला अशोक, राज्य मुख्य प्रवक्ता और पी. वी. नरसिम्हा राव के पोते एन. वी. सुभाष सहित अन्य पार्टी नेताओं ने भी घाट पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# ज्ञानपीठ से सम्मानित विनोद कुमार शुक्ल का निधन

**रायपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)**


हिंदी साहित्य के प्रख्यात रचनाकार और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित विनोद कुमार शुक्ल का मंगलवार को रायपुर एम्स में निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे।श्री शुक्ल लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। सांस लेने में तकलीफ के कारण उन्हें दो दिसंबर को एम्स में भर्ती कराया गया था, जहां वेंटिलेटर पर ऑक्सीजन सपोर्ट के दौरान उन्होंने आज शाम को अंतिम सांस ली।श्री शुक्ल का जन्म एक जनवरी 1937 को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में हुआ था। उन्होंने अध्यापन को आजीविका के रूप में अपनाते हुए अपना संपूर्ण जीवन साहित्य सृजन को समर्पित किया। सादगी, मौलिकता और गहरी संवेदनशीलता उनके लेखन की पहचान रही।



**साहित्य जगत में शोक की लहर**

हिंदी साहित्य में उनके असाधारण योगदान के लिए वर्ष 2024 में उन्हें 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया। वे इस प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित होने वाले हिंदी के 12वें साहित्यकार और छत्तीसगढ़ के पहले लेखक थे। ▶10 पर

## कार्टून कॉर्नर




## बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के विरोध में आज देशभर में प्रदर्शन करेगी विहिप

**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने सोमवार को बांग्लादेश में हिंदुओं की नृशंस हत्याओं और हिंदू समाज के खिलाफ हो रही सुनियोजित हिंसा की कड़ी निंदा की। उन्होंने इस बर्बरता के खिलाफ मंगलवार को भारत के प्रत्येक जिले में देशव्यापी आंदोलन का आह्वान किया है। मीडिया को संबोधित करते हुए आलोक कुमार ने कहा कि मयमनसिंह में दीपू चंद्र दास की पीट-पीटकर और जिंदा जलाकर की गई हत्या मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं वैश्विक मानवता के लिए कलंक हैं। आलोक कुमार ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस पर तीखा हमला करते हुए उनसे नोबेल शांति पुरस्कार वापस लेने की मांग की। उन्होंने तर्क दिया कि जो नेतृत्व अपने देश के अल्पसंख्यकों की रक्षा करने में विफल रहता है, उसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नैतिक वैधता का कोई अधिकार नहीं है। विहिप अध्यक्ष ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कूटनीतिक और राजनीतिक उपाय करे।

विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रविनुथला शशिधर ने घोषणा की कि अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर तेलंगाना और आंध्र प्रदेश (तेलुगु राज्यों) के सभी जिला मुख्यालयों ▶10 पर

# रफ्तार का कहर दो बाघों की मौत

**विजयवाड़ा/नेल्लोर, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

आंध्र प्रदेश में मंगलवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो बाघों की मौत हो गई। ये घटनाएं पलनाडु और प्रकाशम जिलों के राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुईं, जिसने वन क्षेत्रों से गुजरने वाले सड़क गलियारों में वन्यजीवों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि ये मौतें अज्ञात वाहनों द्वारा टक्कर मारकर भागने (हिट-एंड-रन) की वजह से हुई हैं।

पहली घटना प्रकाशम जिले के मरकापुर रेंज में राष्ट्रीय राजमार्ग 563 पर बंदलाबागू के पास हुई। मंगलवार रात करीब 1 बजे एक बाघ का शव मिला। सूचना मिलते ही वन अधिकारी मौके पर पहुंचे और विस्तृत निरीक्षण किया।

प्रोटोकॉल के तहत बाघ का पोस्टमार्टम कराया गया और उसके बाद शव का अंतिम संस्कार (दाह संस्कार) कर दिया गया। मरकापुर टाइगर प्रोजेक्ट के डिप्टी डायरेक्टर मोहम्मद अब्दुल रऊफ शेख ने बताया कि विस्तृत रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



दूसरी घटना पलनाडु जिले के माचेरला निर्वाचन क्षेत्र के वेल्दुर्थी मंडल में राष्ट्रीय राजमार्ग 565 पर सिरीगिरीपाडु के पास हुई। मंगलवार तड़के एक अज्ञात वाहन ने बाघ को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। विजयपुरी साउथ रेंज की वन अधिकारी वी. सुजाता के अनुसार, इस वन क्षेत्र में चार बाघ थे, ▶10 पर

# मुझे सीताफल आइसक्रीम बेहद पसंद है : अली



अभिनेता और कॉमेडियन अली ने आइसबर्ग ऑर्गेनिक आइसक्रीम्स के संस्थापक सुहास की सराहना करते हुए कहा कि यह वास्तव में बड़े साहस का काम है कि कोई खुले तौर पर यह चुनौती दे सके कि आइसक्रीम खाने से सर्दी, खांसी या बुखार नहीं होगा। अली हैदराबाद के चंदा नगर में आइसबर्ग ऑर्गेनिक के नए आउटलेट के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। आइसबर्ग ऑर्गेनिक आइसक्रीम्स ने भारत की पहली और एकमात्र ऑर्गेनिक क्रीमरी के रूप में पहले ही अपनी एक विशेष पहचान बना ली है। अपनी विकास यात्रा को जारी रखते हुए, ब्रांड ने इस नए आउटलेट का भव्य शुभारंभ किया। आइसक्रीम के साथ अपने व्यक्तिगत जुड़ाव को साझा करते हुए अली ने कहा कि उन्हें बचपन से ही आइसक्रीम बहुत पसंद है। उन्होंने बताया कि सीताफल आइसक्रीम उनकी माँ की पसंदीदा थी, और उन्हें विशेष रूप से उलवापाडु कस्टर्ड एप्पल (सीताफल) आइसक्रीम का स्वाद बहुत पसंद आया। उन्होंने विश्वास जताया कि लोग ऐसे अनूठे और अभिनव स्वादों की काफी सराहना करेंगे। ब्रांड की निरंतर सफलता की कामना करते हुए।



# सोनम बाजवा ने बताई फिल्म बॉर्डर 2 में शामिल होने की कहानी





बॉलीवुड में जब भी देशभक्ति और युद्ध पर बनी फिल्मों की बात होती है, तो 1997 में आई जेपी. दत्ता की फिल्म 'बॉर्डर' का नाम सबसे पहले लिया जाता है। यह फिल्म सिर्फ एक कहानी नहीं थी, बल्कि उस दौर के लाखों लोगों की भावनाओं से जुड़ी हुई थी। आज भी यह फिल्म टीवी पर आते ही लोगों को स्क्रीन से बांध लेती है। अब जब इस फिल्म का सीक्वल यानी 'बॉर्डर 2' आ रहा है, तो दर्शकों की उम्मीदें पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई हैं। इसी फिल्म से जुड़ने को लेकर अभिनेत्री सोनम बाजवा ने आईएएनएस से खास बात की और अपनी खुशी साझा की। सोनम बाजवा 'बॉर्डर 2' में अभिनेता दिलजीत दोसांझ के साथ नजर आने वाली हैं। आईएएनएस से बात करते हुए सोनम बाजवा ने बताया कि उनके लिए यह फिल्म सिर्फ एक नया प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि बचपन की यादों से जुड़ा एक खास अनुभव है। 'बॉर्डर' उनके दिल के बेहद करीब रही है और उसी फिल्म के सीक्वल का हिस्सा बनना उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा है।

सोनम ने कहा, ''मैंने बचपन में 'बॉर्डर' फिल्म न जाने कितनी बार टीवी पर देखी होगी। यह फिल्म मेरे लिए सिर्फ मनोरंजन नहीं है, बल्कि देशभक्ति, भावनाओं और बलिदान की सीख देने वाली कहानी है। इस फिल्म से मेरी कई प्यारी यादें जुड़ी हुई हैं और इसलिए 'बॉर्डर 2' का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व और खुशी का पल है।'' उन्होंने इंटरव्यू में आगे बताया कि उन्हें 'बॉर्डर 2' में काम करने का मौका कैसे मिला। सोनम ने कहा, फिल्म के निर्देशक अनुराग सिंह ने खुद मुझसे संपर्क किया था। इससे पहले मैंने अनुराग सिंह के साथ 2017 में आई पंजाबी फिल्म 'सुपर सिंह' में काम किया था। हमारे बीच पहले से ही अच्छा प्रोफेशनल रिश्ता रहा है, जिसकी वजह से यह सहयोग और भी सहज हो गया।

इस बातचीत में सोनम ने एक और दिलचस्प बात साझा की। उन्होंने बताया कि 'सुपर सिंह' और 'बॉर्डर 2' दोनों फिल्मों में एक समान चीज है, और वह है दिलजीत दोसांझ।

सोनम ने कहा, अनुराग सिंह और दिलजीत के साथ काम करना हमेशा खास रहा है। पंजाब से जुड़ी इन फिल्मों ने हमारे आपसी रिश्ते को और मजबूत किया है, और यही वजह है कि मैं इस टीम के साथ फिर से काम करने को लेकर काफी उत्साहित थी। फिल्म में अपने किरदार को लेकर सोनम ने बताया, ''मैं मंजीत नाम की एक पंजाबी लड़की की भूमिका निभा रही हूं। मेरा किरदार अंबाला से ताल्लुक रखता है और मेरी शादी दिलजीत दोसांझ के निभाए गए किरदार फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह से होती है। यह किरदार भावनात्मक रूप से काफी गहरा है और कहानी में इसकी अहम भूमिका है।'' अभिनेत्री ने कहा, ''निर्देशक अनुराग सिंह ने मुझसे कहा था कि मंजीत के किरदार के लिए सबसे पहले उन्हें मेरा ही नाम दिमाग में आया था। यह बात मेरे लिए सच में बहुत मायने रखती है। जैसे ही मुझे पता चला कि 'बॉर्डर 2' पर काम शुरू होने वाला है, उसी पल से यह फिल्म मेरे लिए एक ड्रीम प्रोजेक्ट बन गई थी। ऐसे ऐतिहासिक और भावनात्मक प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना हर कलाकार के लिए खास होता है।'''बॉर्डर 2' फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# नए साल की शुरुआत कीजिए संदीपा धर के इन होलिस्टिक फिटनेस मंत्र के साथ

अभिनेत्री और परफ़ॉर्मर संदीपा धर का फिटनेस फ़लसफ़ा संतुलन, निरंतरता और अपने शरीर की ज़रूरतों को समझने पर आधारित है। उनकी इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर एक नज़र डालते ही साफ़ हो जाता है कि उनका वर्कआउट रूटीन बेहद विविध और संतुलित है, जिसमें स्ट्रेंथ, फ़्लेक्सिबिलिटी, माइंडफुलनेस और हाई-इंटेंसिटी ट्रेनिंग का बेहतरीन मेल देखने को मिलता है। संदीपा के लिए फिटनेस कोई अस्थायी लक्ष्य नहीं, बल्कि एक लाइफ़स्टाइल है। आइए, उनके वर्कआउट डायरी से उनके फिटनेस मंत्र के अहम पहलुओं पर नज़र डालते हैं। ताक़त और स्ट्रेस रिलीज़ के लिए किकबॉक्सिंग: संदीपा अपनी रूटीन में किकबॉक्सिंग को खास जगह देती हैं। फिटनेस उनके ट्रेनिंग वीडियोज़ में दमदार पंच, सटीक किक्स और फ़ोकस्ड फुटवर्क नज़र आते हैं, जो यह दिखाते हैं कि यह कॉम्बैट स्पोर्ट न सिर्फ़ मसल्स को टोन करता है, बल्कि स्टैमिना और फुर्ती भी बढ़ाता है। शारीरिक फ़ायदों के साथ-साथ किकबॉक्सिंग उनके लिए एक बेहतरीन स्ट्रेस-बस्टर भी है, जो मानसिक एकाग्रता बढ़ाने और ऊर्जा को सही दिशा देने में मदद करता है।

**कोर स्ट्रेंथ और कंट्रोल के लिए पिलाटेस:**

पिलाटेस संदीपा के फिटनेस रूटीन का एक अहम हिस्सा है, ख़ासकर कोर स्ट्रेंथ और पोस्चर के लिए। उनकी पिलाटेस सेशंस में कंट्रोल्ड मूवमेंट्स, डीप मसल एंगेजमेंट और बैलेंस पर ज़ोर दिया जाता है। यह लो-इम्पैक्ट वर्कआउट फ़्लेक्सिबिलिटी बढ़ाने, कोर को मज़बूत करने और बॉडी अलाइनमेंट सुधारने में मदद करता है, और लंबे शूटिंग आवर्स और फिज़िकली डिमांडिंग रोल्स के बीच काम करने वाले एक्टर के लिए बेहद ज़रूरी है।

फ़्लेक्सिबिलिटी और माइंडफुलनेस के लिए योग: संदीपा के इंटेंस फिटनेस शेड्यूल में योग, शांति और संतुलन लाता है। अलग-अलग आसनों और फ्लो-बेस्ड प्रैक्टिस के ज़रिए वह फ़्लेक्सिबिलिटी, ब्रीदिंग और मानसिक स्पष्टता पर काम करती हैं। योग न सिर्फ़ रिकवरी में मदद करता है, बल्कि उन्हें अंदर से ग्राउंडेड भी रखता है, जिससे यह उनके होलिस्टिक वेलनेस अप्रोच का अभिन्न हिस्सा बन जाता है।

एंड्योरेंस के लिए एब्स और कार्डियो: स्टैमिना और ओवरऑल फिटनेस बनाए रखने के लिए संदीपा एब्स वर्कआउट्स और कार्डियो सेशंस को भी अपने रूटीन में शामिल करती हैं। ये एक्सरसाइज़ दिल की सेहत सुधारने, सहनशक्ति बढ़ाने और एनर्जी लेवल ऊँचा रखने में मदद करती हैं, जो शूट्स, रिहर्सल्स और ट्रैवल के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए ज़रूरी है।

**संतुलन ही है असली मंत्र:**

संदीपा धर के फिटनेस मंत्र को खास बनाती है उसकी विविधता। हाई-इंटेंसिटी वर्कआउट्स और माइंडफुल प्रैक्टिस का संतुलित मेल उनके शरीर को मज़बूत, लचीला और इंजरी-फ्री बनाए रखता है। उनका यह अप्रोच आधुनिक फिटनेस सोच को दर्शाता है, जहाँ एक्सट्रीम्स की बजाय सस्टेनेबिलिटी को महत्व दिया जाता है और शारीरिक के साथ-साथ मानसिक सेहत को भी प्राथमिकता दी जाती है।



# लंबी हाइट की वजह से कई टीवी सीरियल में काम करने का मौका नहीं मिला : करिश्मा तन्ना


चमचमाते पर्दे पर ग्लैमर और रंगीन दुनिया की तरफ आकर्षित होना आसान है, लेकिन उस आसमान में खुद को सितारा बनकर चमचमाता देखना बहुत मुश्किल है, खासकर अभिनेत्रियों के लिए। कुछ अभिनेत्रियों के लिए हिंदी सिनेमा या टीवी की दुनिया में आना आसान रहा, लेकिन कुछ को रंग, रूप और लंबी हाइट के लिए रिजेक्शन का सामना करना पड़ा। उन्हीं में से एक हैं टीवी से लेकर फिल्मों में काम करने वाली करिश्मा तन्ना, जिन्हें अपनी लंबी हाइट की वजह से कई टीवी सीरियल में काम करने का मौका नहीं मिला। करिश्मा तन्ना ने कभी नहीं सोचा था कि वो टीवी सीरियल या फिल्मों की तरफ रुख करेंगी। अभिनेत्री ने कॉलेज के समय अपने दोस्तों के कहने पर फोटोग्राफी के सेशन में भाग लिया। उनके दोस्तों ने करिश्मा की फोटोज को अलग-अलग जगह भेज दिया और फिर शुरू हुआ मॉडलिंग का सिलसिला। तन्ना को फोटोशूट और मॉडलिंग प्रोजेक्ट के फोन आने लगे और उन्हीं में से एक कॉल बालाजी प्रोडक्शन हाउस की तरफ से था। तन्ना को फोन कॉल के जरिए अपना पहला शो मिला और पहली बार में ही उन्हें सेलेक्ट कर लिया गया।

करिश्मा को 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में देखा गया, जिसके बाद वे साल 2003 में टीवी सीरीज 'कोई दिल में है' में नजर आईं। साल 2005 के टीवी शो 'एक लड़की अंजानी सी' में उन्होंने निगेटिव रोल भी प्ले किया और फिर 'प्यार के दो नाम: एक राधा, एक श्याम' का हिस्सा रहीं। टीवी में ठीक-ठाक काम करने के बाद, उन्होंने फिल्मों में काम ढूंढना शुरू किया, क्योंकि ज्यादातर सीरियल में वे साइड रोल में नजर आईं।

फिल्मों में भी उन्हें छोटे और साइड रोल भी ऑफर हुए और पहचान बनाना मुश्किल हो गया। 2013 में आई 'ग्रैंड मस्ती' उनकी पहली फिल्म थी, जिसके बाद, 'टीना एंड लोलो' और रणबीर कपूर की फिल्म 'संजू' में नजर आईं। फिल्म 'संजू' उनके करियर की सबसे हिट फिल्मों में से एक थी, लेकिन 'संजू' करने के बाद उन्हें काम मिलना बंद हो गया। 1 साल तक करिश्मा ने घर में समय काटा और डिप्रेशन का शिकार हो गईं।

अभिनेत्री ने बताया था कि संजू में भी काम करना उनके करियर के लिए कारगर साबित नहीं हुआ क्योंकि 1 साल तक किसी ने काम नहीं दिया। उन्होंने कई प्रोडक्शन कंपनियों के पास फोन किया और काम की उम्मीद की, लेकिन हर जगह से हाथ खाली। उन्होंने बताया था कि उनके दोस्त भी इस इंडस्ट्री का हिस्सा नहीं थे, इसलिए उनसे शेयर करना सही नहीं समझा, लेकिन फिर खुद को समझाने की कोशिश की और धीरे-धीरे डिप्रेशन से बाहर आने लगीं। अब अभिनेत्री सीरीज में दिख रही हैं, और उन्हें आखिरी बार 'हश-हश' नाम की सीरीज में पुलिसवाली के रोल में देखा गया।

# पायल गेमिंग के वायरल वीडियो ने मचा रखा है बवाल



पायल गेमिंग यानी पायल धरे इस समय सोशल मीडिया पर हंगामा मचाए हुए हैं। कुछ समय पहले ही पायल गेमिंग का एक आपत्तिजनक वीडियो सामने आया था। इस वीडियो के वायरल होते ही फैंस के बीच हंगामा मच गया था। लोग लगातार पायल गेमिंग और उनके वीडियो के बारे में बात कर रहे थे। हाल ये हो गया था कि सोशल मीडिया हर जगह पायल गेमिंग के नाम के हैशटैग वायरल हो रहे थे। इसी पायल गेमिंग को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है। महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने पायल गेमिंग लेकर एक बड़ा बयान दे दिया है। चलिए जानते हैं कि पायल गेमिंग के बारे में अब क्या बात हो रही हैं।

वीडियो वायरल होने के बाद से ही लोग पायल गेमिंग को लगातार सपोर्ट कर रह हैं। फैंस का कहना है कि पायल गेमिंग का ये वीडियो असली नहीं है। ऐसे में सोशल मीडिया 2 हिस्सों में बंट चुका है। बताया जा रहा है कि पायल गेमिंग के वीडियो को शेयर करने की वजह से किसी को भी जल हो सकती है। दरअसल वीडियो शेयर करके आगर आप किसी की इमेज खराब कोशिश करने की कोशिश करेंगे तो वो शख्स आप पर मानहानि का दावा ठोक सकते हैं। गलत कंटेंट शेयर करने के लिए आईटी एक्ट के तहत भी सजा हो सकती है, जैसे ही पायल गेमिंग के वीडियो वायरल हुआ वैसे ही साइबर क्राइम एक्शन मोड़ में आ गया। साइबर क्राइम ने दावा किया है कि पायल गेमिंग के वीडियो असली नहीं है। पुलिस उस शख्स के पीछे पड़ी है जिसने ये हरकत की है।

# बुधवार को गुड़हल फूल से करें ये चार उपाय

## देवी दुर्गा की कृपा से धन-धान्य में होगी वृद्धि

हिंदू धर्म में बुधवार का दिन भगवान गणेश को समर्पित माना गया है। साथ ही, इस दिन दुर्गा मां की पूजा करने का भी विधान होता है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार इस दिन कुछ विशेष उपाय करने से जातक को दुर्गा मां और गणेशजी की कृपा प्राप्त हो सकती है। गुड़हल के फूल विघ्नहर्ता को बेहद प्रिय हैं और देवी दुर्गा की पूजा में भी इन फूलों का



प्रयोग किया जाता है। ऐसे में अगर आप बुधवार को गुड़हल फूल के कुछ उपाय कर लें तो इससे दुर्गा माता और गणपतिजी की कृपा प्राप्त हो सकती है। साथ ही, करियर में सफलता मिल सकती है।

**जीवन की बाधाएं दूर करने का उपाय**

अगर आपके जरूरी कार्यों व जीवन में बार-बार बाधाएं आ रही हैं तो बुधवार के दिन गुड़हल फूल का उपाय आजमा सकते हैं। इसके लिए सुबह जल्दी उठकर स्नानादि करें और साफ वस्त्र धारण करें। इसके पश्चात, भगवान गणेश को गुड़हल के फूल अर्पित करें और 'ओम गं गणपतये नमः' मंत्र का 108 बार जाप करें। इस उपाय को करने से जातक को कार्यों में आ रही बाधाओं से मुक्ति मिल सकती है। साथ ही, बिगड़े हुए काम भी बनने शुरू हो सकते हैं।

**करियर में सफलता का उपाय**

बुधवार के दिन भगवान गणेश और माता दुर्गा की पूजा करने का विधान होता है। ऐसे में इस दिन सुबह और शाम के वक्त विधि-विधान से पूजा और आरती करनी चाहिए। देवी दुर्गा और भगवान गणेश को गुड़हल के पुष्प व दूर्वा बेहद प्रिय हैं। ऐसे में पूजा के दौरान ये दो चीजें उन्हें जरूर अर्पित करनी चाहिए। साथ ही, मां दुर्गा के मंत्रों का भी जाप करें। इस उपाय को करने से नौकरी और करियर में आ रही समस्याओं से राहत मिल सकती है। साथ ही, करियर में सफलता के मार्ग खुल सकते हैं।

**मनोकामना पूर्ति का उपाय**

बुधवार को सुबह जल्दी उठकर स्नानादि करें और साफ वस्त्र धारण करें। इसके बाद, मन में अपनी मनोकामना बोलते हुए कुछ ताजे गुड़हल के फूल मां दुर्गा को अर्पित करें और विधि-विधान से पूजा करें। पूजा के साथ ही बुधवार को दुर्गा चालीसा का पाठ भी अवश्य करना चाहिए। फिर, अगले दिन फूलों को मंदिर से उठाकर बहते जल या नदी में प्रवाहित कर दें। इस सरल उपाय से आपकी मनोकामनाएं पूर्ण हो सकती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

**धन-धान्य में वृद्धि का उपाय**

इसके लिए बुधवार को सुबह स्नानादि करके लाल रंग के वस्त्र धारण करें। इसके बाद, देवी दुर्गा के सामने घी का दीपक जलाएं और कुछ ताजे गुड़हल के फूल उन्हें अर्पित करें। फिर, शाम के समय विधि-विधान से पूजा करने के बाद गुड़हल के फूलों को मंदिर से उठाकर लाल रंग के साफ वस्त्र में बांध लें। अब इस पोटली को अपनी अलमारी या धन रखने वाले स्थान पर रखें। इसे बुधवार के दिन बदल देना चाहिए। ऐसा करने से धन संबंधी समस्याओं से मुक्ति मिल सकती है और धन-धान्य में वृद्धि होती है।

# आज से 29 तक रहेगा साल का अंतिम पंचक



साल 2026 की शुरुआत से पहले अंतिम पंचक लगने जा रहा है। पंचक में किए गए कुछ काम भविष्य में नुकसान या अशुभ परिणाम देने वाले माने जाते हैं। जब चंद्रमा 27 नक्षत्रों में से आखिरी के पांच नक्षत्रों धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वा भाद्रपद, उत्तरा भाद्रपद और रेवती में होता है तो उस अवधि को पंचक कहा जाता है। इस पांच दिनों की अवधि के दौरान कुछ खास कार्यों को करने से बचने की सलाह दी जाती है। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार, पंचक के समय में अगर कोई अशुभ कार्य हो जाए तो वह 5 बार फिर होता है।

नए साल की शुरुआत में बस कुछ ही समय बचा है। ऐसे में साल का आखिरी पंचक के दौरान आपको अधिक सतर्क रहना होगा। पंचांग के अनुसार, साल 2025 का अंतिम पंचक 24 दिसंबर 2025, बुधवार शाम 7 बजकर 47 मिनट से शुरू हो रहा है। पांच दिनों तक चलने वाला पंचक 29 दिसंबर 2025, सोमवार सुबह 7 बजकर 41 मिनट पर समाप्त हो जाएगा।

**कितने प्रकार के होते हैं पंचक?**

ज्योतिष शास्त्र में हर पंचक का प्रभाव अलग-अलग माना जाता है। रविवार के दिन शुरू होने वाले पंचक को रोग पंचक कहा जाता है, जो मानसिक तनाव और कष्ट देने वाला होता है। पंचक सोमवार के दिन शुरू हो तो उसे राज पंचक कहा जाता है। आमतौर पर इसे शुभ माना जाता है। मंगलवार से शुरु होने वाले पंचक को अग्नि पंचक कहा जाता है और इस अशुभ माना जाता है। शुक्रवार से शुरू होने वाले पंचक को चोर पंचक कहा जाता है। इस दौरान यात्रा करना हानिकारक माना जाता है। वहीं, शनिवार से लगने वाले पंचक को मृत्यु पंचक कहा जाता है। इसे अत्यंत अशुभ माना गया है।

**पंचक में किन कार्यों को नहीं करना चाहिए?**

ज्योतिष में पंचक की अवधि के दौरान कुछ कार्यों को करने से मना किया गया है। इस काल में घर की छत नहीं लगवानी चाहिए। इसके अलावा लकड़ी की चारपाई या पलंग बनवाना भी अशुभ माना जाता है। कहा जाता है कि ऐसा करने से परिवार में बीमारी का योग बन सकता है। इस दौरान दक्षिण दिशा की यात्रा करने से भी बचना चाहिए।

**पंचक में अंतिम संस्कार के नियम?**

पंचक में अगर किसी की मृत्यु हो जाए तो शव के अंतिम संस्कार को लेकर भी विशेष नियम बताए गए हैं। पंचक के अशुभ प्रभाव से बचने के लिए कुश के 5 पुतलों का भी दाह संस्कार किया जाता है। मान्यता है कि ऐसा न करने से परिवार के लोगों पर मृत्यु का संकट मंडराता रहता है।

# धन-वैभव के लिए बुधवार को करें ये खास उपाय, करियर व कारोबार में मिलेगी तरक्की




हिंदू पंचांग के अनुसार सप्ताह का प्रत्येक दिन किसी न किसी देवी-देवता और ग्रह को समर्पित होता है। बुधवार का दिन विशेष रूप से भगवान गणेश और बुध ग्रह का माना गया है। इस दिन विघ्नहर्ता गणेश जी की विधिवत पूजा करने से शुभ फल प्राप्त होते हैं और जीवन के सभी संकट दूर होने लगते हैं। बुधवार का स्वामी बुध ग्रह है, जिसे नवग्रहों का राजकुमार कहा जाता है। यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में बुध कमजोर हो, तो उसे मानसिक तनाव, निर्णय लेने में कठिनाई, आर्थिक चुनौतियां और पारिवारिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में बुधवार के दिन कुछ विशेष उपाय करने से न केवल गणपति बप्पा की कृपा प्राप्त होती है, बल्कि कुंडली में कमजोर बुध भी मजबूत होता है और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आने लगते हैं।

**बुधवार को करें इन मंत्रों का जाप**

बुधवार के दिन बुध ग्रह के मंत्रों का जप करना लाभकारी हो सकता है। इसके साथ ही कुंडली में बुध की स्थिति मजबूत हो सकती है।

बीज मंत्र : ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः

**बुधवार को करें हरी मूंग दाल का दान**

हिंदू धर्म में दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। बुधवार के दिन हरी चीजों का दान करने से कुंडली में बुध की स्थिति मजबूत होती है। इसलिए बुधवार के दिन हरी मूंग दाल का दान करें। ऐसा करने से भगवान गणेश की विशेष कृपा प्राप्त होती है और बौद्धिक व आर्थिक प्रगति के अवसर बढ़ते हैं।

**बुधवार को पढ़ें ऋणहर्ता गणेश स्तोत्र**

अगर आप आर्थिक तंगी से परेशा है या फिर कर्ज से मुक्ति पाना चाहते हैं, तो बुधवार के दिन श्रद्धा से ऋणहर्ता गणेश स्तोत्र का पाठ करें। इससे गणेशजी की अनंत कृपा मिलती है और जीवन के सभी विघ्न व बाधाएं दूर होने लगती हैं।

**भगवान गणेश को अर्पित करें दूर्वा**

गणपति बप्पा को दूर्वा अत्यंत प्रिय है। बुधवार को 11 या 21 दूर्वा की गांठें उनके मस्तक पर चढ़ाएं। माना जाता है कि इससे मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं और हर तरह का दुख धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है।

**मंत्र जप से मिलेगा बुध दोष से छुटकारा**

यदि जन्मपत्रिका में बुध दोष हो, तो प्रतिदिन माता दुर्गा की उपासना करें। इस मंत्र का 5, 7, 11, 21 या 108 बार जप करें। 'ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे'

**गाय को खिलाएं हरी घास**

बुधवार के दिन गाय को हरी घास खिलाना बहुत शुभ माना जाता है। इससे जीवन में चल रही परेशानियां कम होती हैं और सौभाग्य बढ़ता है।


# नववर्ष 2026 का राशिफल कैसा रहेगा

## मकर राशि

पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा.अनीष व्यास ने बताया कि साल 2026 मकर राशि के जातकों के लिए उपलब्धियों और नए अवसरों का साल साबित होने वाला है। इस वर्ष सफलता पाने के लिए मेहनत और कर्मप्रधान रवैये की आवश्यकता रहेगी। ग्रहों की स्थिति और उनका गोचर आपके जीवन में महत्वपूर्ण प्रभाव डालेंगे, जिससे परिवारिक संबंध मजबूत होंगे और भाई-बहनों के साथ जुड़ाव बढ़ेगा। शनि, बृहस्पति और राहु का गोचर आपके आत्मविश्वास, संचार क्षमता और रचनात्मकता को बढ़ाएगा। इसके अलावा आपका कौशल और प्रतिस्पर्धा में सफलता भी विशेष रूप से बढ़ेगी। हालांकि, स्वास्थ्य संबंधी कुछ सावधानियां बरतना जरूरी होगा। जितना आप अपनी जिम्मेदारियों और कर्मों पर ध्यान देंगे, उतना ही आपको सालभर सफलता मिलती जाएगी। गुरु का गोचर साल के दूसरे भाग में कर्म क्षेत्र को प्रभावित करेगा, जब वह कर्क राशि में गोचर करेगा। इस समय आपकी काम करने की शक्ति एवं स्थिति में सुधार के साथ विस्तार भी हो सकता है और आप अपने कार्यों में पूरी मेहनत और निष्ठा से लगे रहेंगे। इससे आपको कार्यक्षेत्र में सम्मान और सफलता मिलने के संकेत हैं। इसी दौरान गुरु का प्रभाव आपके सामाजिक जीवन को भी सुधार सकता है, और आपके रिश्तों में सामंजस्य बढ़ सकता है। साल के अंतिम भाग में गुरु सिंह राशि में गोचर करेंगे, जिससे अष्टम भाव का प्रभाव आपके जीवन में गहरे बदलाव ला सकता है। यह समय किसी बड़ी आंतरिक यात्रा या आत्म-साक्षात्कार का हो सकता है, जो आपको नए दृष्टिकोण से सोचने के लिए प्रेरित करेगा। इस वर्ष शनि देव का गोचर आपकी मेहनत, जिम्मेदारियों और कर्मों की असली परीक्षा लेने वाला है। यदि आपने अब तक जीवन में अनुशासन और ईमानदारी का पालन किया है, तो यह साल आपकी तरक्की की राह खोल सकता है। शनि आपको कुछ सख्त सबक जरूर देगा, लेकिन यही सबक भविष्य की मजबूत नींव बनेंगे। दूसरी ओर, बृहस्पति (गुरु ग्रह) का गोचर आपकी किस्मत को चमका सकता है। विशेष रूप से शिक्षा, विवाह, संतान सुख, और अध्यात्म से जुड़े लोगों के लिए यह समय उत्साह और अवसरों से भरा होगा। गुरु की कृपा से आप जीवन के बड़े निर्णय आत्मविश्वास से ले पाएंगे और समाज में आपकी प्रतिष्ठा भी बढ़ सकती है। मंगल इस वर्ष सामान्य गति से गोचर करेगा, जिससे आपके कार्यों में सक्रियता बनी रहेगी। यह समय आपके आत्मविश्वास को बढ़ाने और अपनी कार्य शक्ति में सुधार लाने का है। किसी भी कठिन परिस्थिति का सामना करने के लिए आपका साहस और मेहनत आपको सफलता दिला सकते हैं। वर्ष की शुरुआत में शुक्र ग्रह अस्त रहेगा जिसका असर आपकी व्यक्तिगत और भावनात्मक जिंदगी पर पड़ सकता है। इस दौरान रिश्तों में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अगर आप समझदारी से काम लें, तो इन समस्याओं का समाधान भी संभव है।

**कैरियर** –नौकरी की दृष्टि से मकर राशि वालों के लिए वर्ष 2026 काफ़ी हद तक अनुकूल रह सकता है। तीसरे भाव में स्थित शनि मेहनती लोगों को शुभ फल प्रदान करेंगे और कर्मफल दाता शनि पूरे वर्ष ही इस स्थिति में रहने वाले हैं। ऐसे में, धैर्य और मेहनत के साथ काम करने वालों और अनुभवी लोगों की बात मानने वालों को नौकरी में सकारात्मक परिणामों की प्राप्ति होगी। हालांकि, बृहस्पति देव साल की शुरुआत से लेकर 02 जून तक आपके छठे भाव में रहेंगे और इसे ज्यादा अच्छा तो नहीं कहा जाएगा। लेकिन फिर भी मैनेजमेंट सेक्टर, शिक्षा और फाइनेंस से जुड़े हुए लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। वहीं, कोर्ट-कचहरी और वकालत से संबंधित जातकों के लिए अवधि शुभ रहेगी। इसके बाद, 02 जून से 31 अक्टूबर तक का समय काफ़ी अच्छा रहेगा और इस दौरान आपके पदोन्नति के भी योग बनेंगे। अगर आपका प्रमोशन नहीं हो पाता है, तो इस समय किए गए कार्यों से आपको भविष्य में लाभ मिलेगा। मकर राशिफल 2026 के अनुसार, 31 अक्टूबर के बाद बृहस्पति देव कमज़ोर स्थिति में होंगे और उस समय शनि देव आपका सहयोग करेंगे। ऐसे में, आपके लिए नौकरी में किसी भी तरह का जोख़िम लेना ठीक नहीं रहेगा। बता दें कि बुध ग्रह आपको मिले-जुले परिणाम दे सकते हैं जबकि शुक्र देव आपके पक्ष में नतीजे देंगे। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए हम कह सकते हैं कि वर्ष 2026 आपकी नौकरी के लिए औसत से बेहतर या काफ़ी हद तक अनुकूल रहेगा और आप मेहनत करके उन्नति प्राप्त करने में सक्षम होंगे। नौकरी में प्रमोशन की स्थिति बनेगी और आपके सीनियर्स आपके पक्ष में आ जाएंगे और आपको सपोर्ट करेंगे। आपके अंदर काम करने का नया उत्साह देखने को मिलेगा। बिजनेस करने वालों को साल के बीच में बिजनेस में एक्सपेंशन मिलेगा और आप अपने बिजनेस में अच्छा लाभ प्राप्त करेंगे। आप जिस काम को भी हाथ में लेंगे, सफलता दौड़ी हुई आपके पास आएगी। आप नया स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं। इसी समय अवधि में नई नौकरी के लिए प्रयास करने से भी आपको सफलता मिल सकती है। साल के अंतिम महीना में बिजनेस में अच्छे लाभ देखने को मिलेंगे। आपका बिजनेस में बड़े नामचीन लोग और इंटरेस्ट दिखाएंगे, लेकिन नवंबर, दिसंबर में आपको कानूनी दिक्कतों से बचना होगा। नौकरी वालों के लिए यह समय अच्छा रहेगा।

**आर्थिक स्थिति** –मकर राशि के जातकों के आर्थिक जीवन के लिए वर्ष 2026 मिलाजुला रहेगा। हालांकि, आपके लिए समय कभी-कभी कमज़ोर भी रह सकता है। आय की दृष्टि से इस साल को अच्छा कहा जाएगा। वहीं, आपके लाभ भाव के स्वामी मिलेजुले फल प्रदान कर सकते हैं, परंतु गुरु ग्रह की स्थिति आपके लिए काफ़ी हद तक शुभ रहेगी जो कि एक अनुकूल बिंदु है। लेकिन, संभव है कि इस साल आप ज्यादा बचत न कर पाएं। वर्ष की शुरुआत में आपके सितारों का योग खर्चों की बढ़ोत्तरी को दिखा सकता है। इस समय आप अपना धन घर परिवार की आवश्यकताओं पर ही लगा सकते हैं। इस समय सेविंग के काम के लिए समय साथ न दे पाए। इस दौरान आपको किसी भी निवेश या नए काम को शुरू करने से बचना चाहिए क्योंकि ग्रहों का प्रभाव ऐसे कार्यों के लिए अच्छा नहीं रहेगा। आप महसूस करेंगे कि जितना आप अपने धन के लिए बचत को लेकर मेहनत कर रहे हैं उतना ही नतीजा उम्मीद के मुताबिक नहीं आ रहा है। आत्मविश्वास में कमी हो सकती है और आपको यह लगेगा कि आपके पास वह सभी संसाधन नहीं हैं जो आपको अपनी योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए चाहिए। आपके लिए इस समय सबसे जरूरी बात यह होगी कि आप धैर्य रखें और अपने प्रयासों में लगे रहें। आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए आपको निरंतर मेहनत करने की आवश्यकता होगी। आपको जल्दी से कोई बड़ा मुनाफा मिलने की संभावना कम ही रहेगी, लेकिन यदि आप शांत और संयमित रहते हैं, तो बाद में इसका अच्छा






डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

परिणाम मिलेगा। इस समय आपको निवेश के मामलों में भी सतर्क रहना होगा। किसी बड़े निवेश की योजना बनाना या नया व्यवसाय शुरू करना इस समय बहुत लाभकारी नहीं होगा। आपके लिए यह एक अच्छा समय होगा कि आप अपनी योजनाओं और निवेश को भविष्य के लिए स्थगित कर दें और इस समय को अपने मौजूदा आर्थिक ढांचे को मजबूत करने में लगाएं। यदि आप अपने वर्तमान व्यवसाय या नौकरी से संतुष्ट हैं, तो आपको उसमें सुधार करने और उसे बेहतर बनाने के लिए कोशिश करनी चाहिए। यह समय आपके लिए थोड़ी आर्थिक तंगी का हो सकता है, लेकिन जैसे-जैसे साल का मध्य आता है, स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होने लगेगा। अक्टूबर के बाद आपके लिए स्थिति में काफी सुधार होगा। ग्रहों के प्रभाव में बदलाव के कारण आपको अपने आर्थिक पक्ष में काफी सकारात्मक बदलाव दिखाई देंगे। अब आपको यह महसूस होगा कि आपकी मेहनत का फल मिलना शुरू हो रहा है। यह समय आपके लिए एक नई शुरुआत का होगा, जहां आपकी योजनाएं और प्रयास फलित होने लगेंगे।

**परिवार** – मकर राशि वालों के पारिवारिक जीवन के लिए वर्ष 2026 थोड़ा कमज़ोर रह सकता है। बता दें कि दूसरे भाव में राहु ग्रह की स्थिति की वजह से परिजनों के बीच आपसी सामंजस्य में कमी रह सकती है क्योंकि सदस्य एक-दूसरे पर संदेह कर सकते हैं या किसी बात का बतंगड़ बन सकता हैं। बेहतर होगा कि एक-दूसरे के प्रति वफादार रहें और एक दूसरे के बारे में सकारात्मक सोचें। साथ ही, बातों को सुलझाने की कोशिश करें क्योंकि ऐसा करने के बाद ही आपका पारिवारिक जीवन संतुलित रहेगा, अन्यथा यह वर्ष पारिवारिक मामलों में सकारात्मक परिणाम देने में पीछे रह सकता है। गृहस्थ जीवन की तो वर्ष 2026 में किसी नकारात्मक ग्रह का प्रभाव चतुर्थ भाव पर लंबे समय तक नहीं होगा। मकर राशिफल 2026 कहता है कि चतुर्थ भाव का स्वामी मंगल आपको औसत परिणाम प्रदान करेगा, लेकिन किसी बड़े ग्रह का नकारात्मक प्रभाव चौथे भाव पर न होने के कारण आप गृहस्थ जीवन का आनंद ले सकेंगे। साथ ही, प्रयास करके आप इच्छित वस्तुओं की खरीदारी भी कर सकेंगे। जमीन-जायदाद से संबंधित समस्याएं शांत होने से घर-परिवार का माहौल अच्छा बना रहेगा और आप आनंदित रह सकेंगे। अगर आप पहले ही जाँच-पड़ताल करके सगाई के बाद तुरंत विवाह कर लेंगे, तो आपको समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं, साल की शुरुआत से लेकर 02 जून 2026 तक विवाह करवाने में कोई विशेष भूमिका नहीं निभाएगा। लेकिन, 02 जून से 31 अक्टूबर के बीच का समय काफ़ी अच्छा रहेगा। इस दौरान विवाह इत्यादि संपन्न हो सकता है जबकि 31 अक्टूबर के बाद की अवधि विवाह के लिए कमज़ोर रहेगी। वैवाहिक जीवन की, तो यह समय वैवाहिक जीवन के लिए अनुकूल रहेगा। मकर राशिफल 2026 कहता है कि किसी भी ग्रह का नकारात्मक प्रभाव लंबे समय तक सप्तम भाव पर नहीं होगा और इसका फायदा आपको मिलेगा। ऐसे में, आपका वैवाहिक जीवन पर किसी भी ग्रह का अशुभ प्रभाव नहीं होगा। साथ ही, 02 जून से 31 अक्टूबर के बीच बृहस्पति उच्च अवस्था में आपके सप्तम भाव में रहेंगे जो काफ़ी हद तक अनुकूल परिणाम देना चाहेंगे। यदि पिछले दिनों आपके वैवाहिक जीवन में किसी तरह की कोई परेशानी रही है, तो वह अब ठीक हो जाएगी। इसके बाद, 02 जून से 31 अक्टूबर की बीच की अवधि में रिश्ते में कोई प्रतिकूलता नहीं आएगी। अतः समझदार लोग इस वर्ष वैवाहिक जीवन का आनंद उठा सकेंगे।

**प्रेम – रोमांस**– मकर राशि वालों की लव लाइफ साल 2026 में उतार-चढ़ाव से भरी होगी, लेकिन साल की शुरुआत में आपको शादी या प्रेम के कुछ रिश्ते दिखाई दे सकते हैं। यह साल प्रेम संबंधों में अच्छी समझ और बैलेंस रखने की ओर संकेत करता है। आप अपने रिश्ते में नयापन लाने का प्रयास करेंगे और रोमांटिक जीवन को भी बढ़िया बनाने की कोशिश करेंगे। साल के शुरुआती महीनो में लव लाइफ में जटिलताएं देखने को मिलेंगी। उत्सुकता हावी हो सकती है। आपकी इच्छाएं बहुत ज्यादा प्रबल होगी और आप अपनी भावनाओं पर नियंत्रण नहीं रख पाएंगे और अपनी चाहत को बहुत ज्यादा खुलेपन से व्यक्त करना चाहिए। इस समय अवधि में आप बहुत ज्यादा रोमांटिक रहेंगे, इससे आपके पार्टनर को रोमांच महसूस होगा और आपके लव रिलेशनशिप मजबूत होंगे। बृहस्पति देव भले ही इस पूरे वर्ष ज्यादा मज़बूत स्थिति में नहीं होंगे। लेकिन, 02 जून से 31 अक्टूबर के बीच यह प्रेम संबंधों को मधुर बनाए रखेंगे। ऐसे में, अधिकांश ग्रह प्रेम के समर्थन में होंगे या फिर औसत परिणाम प्रदान करेंगे, लेकिन कोई ग्रह विरोध नहीं करेगा। शनि देव के आशीर्वाद से आपका प्रेम जीवन मधुर बना रहेगा। इसके परिणामस्वरूप, आप अपने जीवन का आनंद ले सकेंगे। जिनका प्रेम में सच्चाई का अभाव होगा, उनके बीच बहस या मतभेद हो सकते हैं या फिर एक-दूसरे के प्रति समर्पण न होने की स्थिति में रिश्ता कमज़ोर हो सकता है। सितंबर और अक्टूबर का समय मकर राशि के प्रेम जीवन के लिए सबसे खास और रोमांटिक रहेगा। इस समय आपका प्रेम जीवन अपने चरम पर होगा, और आप अपने साथी के साथ अत्यधिक खुश और संतुष्ट महसूस करेंगे। अक्टूबर में विशेष रूप से आपके संबंध में एक नई ऊर्जा और प्रेम का संचार होगा, जो आपके रिश्ते को एक नई दिशा दे सकता है। अगर आप किसी से प्यार करते हैं तो इस समय आपकी भावनाएं बहुत ही प्रबल हो सकती हैं। आपके रिश्ते में काफी सुधार हो सकता है। यह समय सगाई या विवाह के प्रस्ताव के लिए भी अनुकूल हो सकता है।

**शिक्षा** –शिक्षा की दृष्टि से मकर राशि वालों के लिए वर्ष 2026 औसत रहेगा। बता दें कि चतुर्थ भाव के स्वामी मंगल आपको मध्यम फल दे सकते हैं। लेकिन, पंचम भाव के स्वामी शुक्र काफ़ी हद तक आपके पक्ष में रह सकते हैं और पंचम भाव पर शनि की तीसरी दृष्टि होने से कभी-कभी आपका मन पढ़ाई से भटक सकता है। ऐसे में, आपका ध्यान पढ़ाई की बजाय दूसरी चीजों पर हो सकता है। वहीं, प्राथमिक शिक्षा के कारक ग्रह बुध देव आपको औसत से थोड़े बेहतर और बृहस्पति महाराज मिले-जुले परिणाम दे सकते हैं। साल की शुरुआत से लेकर 02 जून 2026 तक गुरु ग्रह प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिला दे सकते हैं जबकि अन्य मामलों में मध्यम फल की प्राप्ति की संभावना है। 02 जून से 31 अक्टूबर तक की अवधि शिक्षा के लिए शानदार कही जाएगी। वहीं, 31 अक्टूबर के बाद का समय रिसर्च के छात्रों के लिए अच्छा रहेगा जबकि अन्य छात्रों को औसत या औसत से थोड़े कमज़ोर परिणाम मिल सकते हैं। वहीं, 05 दिसंबर 2026 के बाद आपको कुछ स्वास्थ्य समस्याएं परेशान कर सकती है, जिसके चलते आपका प्रदर्शन शिक्षा में कमज़ोर रह सकता है। कुल मिलाकर, शिक्षा के क्षेत्र में वर्ष 2026 आपको औसत फल प्रदान कर सकता है। जो विद्यार्थी हायर एजुकेशन की तैयारी कर रहे हैं, खासकर लॉ या मेडिसिन के क्षेत्र में, उन्हें इस साल अपने मनचाहे कॉलेज में दाखिला मिल सकता है चाहे वे भारत में पढ़ना चाहें या विदेश जाना चाहें। इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह साल अनुकूल रहेगा। जो विद्यार्थी सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, खासतौर पर प्रशासनिक सेवाओं की, उनके लिए यह साल काफी शुभ रहेगा और वे टॉप तक पहुंच सकते हैं। हालांकि, ये साल पूरी तरह से आसान नहीं होगा। यह साल आपके धैर्य और समर्पण की परीक्षा लेगा। लेकिन जितनी ज्यादा आपकी लगन और मेहनत होगी, उतनी ही ज्यादा ईश्वरीय शक्ति लक्ष्य तक पहुंचने में आपकी मदद करेगी।

**स्वास्थ्य**– साल की शुरुआत मकर राशि के जातकों के लिए स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकती है। जनवरी से मार्च तक का समय विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है। इस दौरान ठंड की वजह से शारीरिक समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, और सर्दी, खांसी जैसी आम बीमारियां आपको प्रभावित कर सकती हैं। खासकर ठंडी हवाओं और मौसम की वजह से आपको अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना होगा। अगर आपको पहले से किसी प्रकार की सांस से जुड़ी समस्या है, तो यह समय आपके लिए थोड़ा कठिन हो सकता है। इसके अलावा, आपको छाती से संबंधित विकारों का सामना भी करना पड़ सकता है, जैसे कफ जमा होना या सांस लेने में कठिनाई। इन समस्याओं को हल्के में न लें। सर्दी-खांसी जैसी समस्याओं को अनदेखा करने से आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, इसलिए समय रहते उपचार और सावधानियां बरतना बहुत जरूरी होगा। यदि संभव हो, तो गर्म पानी का सेवन करें और खुद को ठंड से बचाकर रखें। साल के मध्य भाग से मकर राशि के जातकों के स्वास्थ्य में सुधार दिखने लगेगा। विशेषकर जो लोग पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं उन्हें राहत मिल सकती है। पेट संबंधी विकार जैसे गैस, कब्ज या अपच जैसी समस्याओं से निजात पाने के अच्छे अवसर हैं।शरीर को अत्यधिक थकने से भी यह समस्या आएगी। आपको भरपूर मात्रा में पानी पीना बहुत सारी समस्याओं को दूर करने में मदद करेगा। साल के अंतिम महीना में अपनी जीवन शैली को कंट्रोल करना बहुत जरूरी होगा और प्रतिदिन फिजिकल एक्टिविटी और मेडिटेशन आपके लिए बहुत जरूरी होगा। इस समय अवधि में कोई चोट भी लग सकती है, इसलिए सावधान रहे। किसी भी यात्रा से पहले अपनी सेहत का पूरा ध्यान रखें और बदलते मौसम के प्रति संवेदनशील रहें।

**ज्योतिष उपाय** –शनिवार के दिन जरूरतमंद लोगों को कंबल दान कर सकते हैं। शनि चालीसा का पाठ करें। गौमाता को हरा चारा और थोड़ा सा गुड़ खिलाएं तथा चीटियों को आटा डालें। उड़द की दाल के पकोड़े सरसों के तेल में तल पर गरीबों को खिलाएं। शनिवार को शनिदेव की पूजा करें। सोमवार व शनिवार को स्नान के बाद गंगाजल और काले तिल मिलाकर शिवलिंग पर चढ़ाएं।

संपादकीय

# क्या भारत हिंदू राष्ट्र है?

**सरसंघचालक** मोहन भागवत ने फिर दोहराया है कि भारत 'हिंदू राष्ट्र' है। विश्व में हिंदुओं का एक ही देश है-भारत। हिंदुओं को एकजुट हो जाना चाहिए, नतीजतन बदलाव तय हैं। ये बदलाव बांग्लादेश, पाकिस्तान और दुनिया के किसी भी कोने में देखे और महसूस किए जा सकेंगे। संघ प्रमुख सभी समुदायों को बुनियादी तौर पर 'हिंदू' करार देते रहे हैं, उनका डीएनए भी एक ही मानते रहे हैं, बेशक पूजा-पद्धतियां और कुछ रीति-रिवाज भिन्न हैं। सरसंघचालक ने आरएसएस की सोच और विचारधारा को भी 'हिंदू राष्ट्रवाद' कहा है। संघ हिंदुओं के हित, कल्याण, सामर्थ्य, विकास और संरक्षण के लिए ही काम करता रहा है। हालांकि भागवत का बयान और यथार्थ तकनीकी और संवैधानिक आधार पर सही नहीं माना जा सकता। भारत के संविधान की प्रस्तावना में ही 'पंथनिरपेक्ष' देश घोषित किया गया है, लेकिन सरसंघचालक भागवत 'हिंदू राष्ट्र' के लिए संविधान संशोधन को भी अनिवार्य नहीं मानते। तो संविधान के मुताबिक, भारत को 'हिंदू राष्ट्र' कैसे माना जा सकता है? यदि संवैधानिक स्थिति नहीं है, तो वह कानूनन अवैध है। बहरहाल भारत की आबादी 147 करोड़ को पार कर चुकी है। हिंदू 78.9-79.4 फीसदी आबादी (करीब 115 करोड़) के साथ आज भी भारत का सबसे बड़ा धार्मिक समुदाय है। यह भी हकीकत है कि हिंदुओं की आबादी लगातार घटी है और मुस्लिम आबादी बढ़ते हुए 15.2 फीसदी से ज्यादा हो गई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आकलन है कि देश में मुस्लिम आबादी 24.6 फीसदी बढ़ी है, जबकि हिंदू समुदाय की जनसंख्या में 4.5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। गृहमंत्री आबादी के इस बदलते समीकरण को प्रजनन-दर की बढ़ोतरी या कमी के संदर्भ में नहीं आंकते, बल्कि 'घुसपैठ' को मुस्लिम आबादी में बढ़ोतरी का बुनियादी कारक मानते हैं। यदि ऐसा है, तो सरकार बीते साढ़े 11 साल से घुसपैठियों को चिह्नित करने और देश से बाहर खदेड़ने में अक्षम, असमर्थ क्यों है? यदि कुछ और ही कारण हैं, तो वे देश के सामने रखे जाने चाहिए। लोकतंत्र में तो यही अपेक्षित होता है। सरसंघचालक भागवत मुसलमानों को भी पीढ़ी-दर-पीढ़ी 'हिंदू' अथवा 'सनातनी' करार देते रहे हैं। उनका मानना है कि विशेष परिस्थितियों में उनके पूर्वजों को धर्मांतरण कर 'मुसलमान' बनना पड़ा। इस मुद्दे पर एक तार्किक और साक्ष्यनुमा बहस की दरकार है। अकेले सरसंघचालक ने बयान दे दिया और देश उसे स्वीकार कर लेगा, यह संभव नहीं है, क्योंकि भागवत कोई संवैधानिक पुरुष नहीं हैं। बेशक भारत में हिंदू एक महत्वपूर्ण और एकतरफा बहुसंख्यक समुदाय है, जिनके आधार पर भावनात्मक और प्रतीकात्मक रूप से भारत को 'हिंदू राष्ट्र' माना जा सकता है। दरअसल यह हिंदू सोच, संस्कृति, धर्मनिरपेक्षता और समभाव की चेतना की ही खूबसूरती है कि भारत में आज भी 5.5 लाख से अधिक मस्जिदें हैं। ईसाई धर्म के चर्च की अनुमानित संख्या 28,278 है। इनके अलावा बड़े चैपल और चर्च भी हैं। मसलन-सेंट पॉल कैथेड्रल (कोलकाता), क्राइस्ट चर्च (शिमला), सेंट थॉमस कैथेड्रल (मुंबई) आदि। केरल और तमिलनाडु में भी बड़े चर्च और चैपल हैं, जहां ईसाइयों की आबादी अच्छी-खासी है। भारत में केरल को ईसाई धर्म का 'उद्गम स्थल' माना जाता रहा है। इसी तरह भारत में सिखों के गुरुद्वारों की संख्या भी 2024 तक 7657 बताई जाती है। कमोबेश उन्हें 'हिंदू' करार नहीं दिया जा सकता, बेशक मुगलकाल में सोच 'सनातनी' रही होगी। तब राष्ट्र के लिए संघर्ष करने और बलिदान देने का जज्बा चरम पर था। बहरहाल सरसंघचालक ने जो भी हिंदूवादी बयान दिया है, वह उनकी सामाजिक-सांस्कृतिक सोच के अनुकूल होगा। उनकी चिंता बांग्लादेश में हिंदुओं पर ढाए जाने वाले अत्याचारों को लेकर स्वाभाविक है। उसके लिए उनका कहना है कि मोदी सरकार को संज्ञान लेना पड़ेगा। इसी संदर्भ में वे पश्चिम बंगाल की नई बाबरी मस्जिद को 'राजनीतिक साजिश' करार देते हैं, लिहाजा सरकार को जांच करानी चाहिए कि उस मुहिम में कौन लोग शामिल हैं? चंदे के तौर पर जो करोड़ों रुपए जमा हो रहे हैं, वे किसके हैं? हवाला के जरिए गलत पैसा तो भारत में नहीं आ रहा है? हिंदू राष्ट्र की अवधारणा व्यावहारिक नहीं लगती, लेकिन साधु-संतों और संघ की अपनी वैचारिक सोच है। हिंदूवादी सोच को अगर विस्तृत रूप से देखा जाए तो इसमें कई समुदाय आ जाते हैं, जैसा कि मोहन भागवत कहते हैं।

> हिंदुओं को एकजुट हो जाना चाहिए, नतीजतन बदलाव तय हैं। ये बदलाव बांग्लादेश, पाकिस्तान और दुनिया के किसी भी कोने में देखे और महसूस किए जा सकेंगे। संघ प्रमुख सभी समुदायों को बुनियादी तौर पर 'हिंदू' करार देते रहे हैं, उनका डीएनए भी एक ही मानते रहे हैं, बेशक पूजा-पद्धतियां और कुछ रीति-रिवाज भिन्न हैं। सरसंघचालक ने आरएसएस की सोच और विचारधारा को भी 'हिंदू राष्ट्रवाद' कहा है। संघ हिंदुओं के हित, कल्याण, सामर्थ्य, विकास और संरक्षण के लिए ही काम करता रहा है। हालांकि भागवत का बयान और यथार्थ तकनीकी और संवैधानिक आधार पर सही नहीं माना जा सकता। भारत के संविधान की प्रस्तावना में ही 'पंथनिरपेक्ष' देश घोषित किया गया है, लेकिन सरसंघचालक भागवत 'हिंदू राष्ट्र' के लिए संविधान संशोधन को भी अनिवार्य नहीं मानते। तो संविधान के मुताबिक, भारत को 'हिंदू राष्ट्र' कैसे माना जा सकता है? यदि संवैधानिक स्थिति नहीं है, तो वह कानूनन अवैध है। बहरहाल भारत की आबादी 147 करोड़ को पार कर चुकी है। हिंदू 78.9-79.4 फीसदी आबादी (करीब 115 करोड़) के साथ आज भी भारत का सबसे बड़ा धार्मिक समुदाय है। यह भी हकीकत है कि हिंदुओं की आबादी लगातार घटी है और मुस्लिम आबादी बढ़ते हुए 15.2 फीसदी से ज्यादा हो गई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आकलन है कि देश में मुस्लिम आबादी 24.6 फीसदी बढ़ी है, जबकि हिंदू समुदाय की जनसंख्या में 4.5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है।

राज्य सरकार ने स्वामीनाथन के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील कर दी है

# सेकुलरवाद का बहाना, वोटरों पर निशाना

उमेश चतुर्वेदी



**बिहार** में जाति-धर्म की सियासी पिच पर बुरी तरह मात खाने के बावजूद इंडिया गठबंधन का भरोसा इसी पर है। तमिलनाडु में जिस तरह कार्तिगई दीपम परंपरा स्थापित करने का आदेश देने वाले मद्रास हाईकोर्ट के न्यायाधीश जी आर स्वामीनाथन के खिलाफ गठबंधन ने लामबंदी की है, उससे यही संकेत मिल रहे हैं। डीएमके सांसद कनिमोई की अगुआई में विपक्षी गठबंधन के 120 सांसदों द्वारा स्वामीनाथन के खिलाफ महाभियोग का नोटिस देना गठबंधन की पारंपरिक राजनीति का ही विस्तार है। विपक्षी गठबंधन यह पचा नहीं पा रहा है कि कथित सेकुलर देश में किसी जज ने बहुसंख्यक सनातनी परंपरा स्थापित करने का निर्णय दे दिया है। स्वामीनाथन के फैसले के अनुसार, जहां कार्तिदीपम मनाया जाना है, वहां एक दरगाह भी है। दरगाह और मंदिर साथ हो तो मंदिर की कीमत पर दरगाह की परंपराएं अपने यहां चलती रही हैं। अब तक की शासन व्यवस्था के लिहाज से ऐसे मामलों में मंदिर के पक्ष में फैसला सवालों के घेरे में आता है। स्वामीनाथन ने मदुरै जिले की थिरूपरनकुंद्रम की पहाड़ी की चोटी पर कार्तिगई दीपम की परंपरा को स्थापित करने की मंजूरी दी है, जिसे 1920 के एक विवाद के बंद कर दिया गया था। यह बात और है कि डीएमके की अगुआई वाली तमिलनाडु सरकार ने विवाद की आशंका के बहाने अदालत के फैसले को लागू ही नहीं होने दिया। दिलचस्प है कि अल्पसंख्यक समुदाय ने इसका विरोध भी नहीं किया, बल्कि सरकार ही खुद आगे बढ़कर विवाद की आशंका से भर उठी। राज्य सरकार ने स्वामीनाथन के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील कर दी है। लेकिन इस फैसले के लिए स्वामीनाथन को पचा नहीं पा रही है। उसे लगता है कि अगर उसने जज को सबक नहीं सिखाया तो उसकी सेकुलरवाद के बुनियाद पर टिकी राजनीति में दरार पड़ सकती है। जज को सबक सिखाने और न्यायपालिका पर अंकुश लगाने के डीएमके के इस कदम में सबसे हैरतनाक कदम है, अखिलेश यादव का बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना। लोकसभा अध्यक्ष को महाभियोग प्रस्ताव पेश करते वक्त कनिमोई के साथ कांग्रेसी नेताओं और अखिलेश की मौजूदगी के संकेत गहरे हैं। दरअसल महागठबंधन के दल अल्पसंख्यक समुदाय को यह संकेत देने की कोशिश में हैं कि सिर्फ और सिर्फ इंडिया गठबंधन ही उसके हितों के लिए किसी जज को भी सूली पर चढ़ा सकता है। महागठबंधन की कोशिश कुछ महीने बाद होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए राज्य की करीब छह फीसद अल्पसंख्यक आबादी को लुभाना भी है। वैसे देखा जाए तो राज्य की सात करोड़ 21 लाख की आबादी में अल्पसंख्यकों की जनसंख्या महज 42 लाख तीस हजार ही है। ब्राह्मणवाद की बुनियाद पर उभरी डीएमके की राजनीति में अल्पसंख्यकवाद पिछड़ी जातियों को लुभाने का भी मंत्र रहा है। राज्य की अधिसंख्य पिछड़ी आबादी को भी लुभाने की इस बहाने की कोशिश हो रही है। इसीलिए कार्तिगई दीपम की परंपरा को रोकने में डीएमके को कोई हिचक नहीं हुई। इस पूरे मसले पर चर्चा से पहले जानना जरूरी है कि कार्तिगई दीपम त्योहार है क्या? दक्षिम के दीप पर्व के रूप में विख्यात कार्तिगई दीपम भगवान मुरूगन के सम्मान में तमिल महीने में दीप जलाने की परंपरा है। शिव और पार्वती के बड़े पुत्र कार्तिकेय तमिलनाडु में मुरूगन और सुब्रह्मण्यम के नाम से भी जाने जाते हैं। मदुरै जिले की जिस थिरुपरनकुंद्रम की पहाड़ी पर कार्तिगई दीपम मनाने का आदेश अदालत ने दिया, वह भगवान मुरूगन की छह पवित्र जगहों में से एक है। मान्यता है कि ब्रह्मा और विष्णु के बीच विवाद को सुलझाने के लिए शिवजी स्वयं अनंत अग्निस्तंभ के रूप में प्रकट हुए थे। उसी दीप स्तंभ की स्मृति स्वरूप उचिपिल्लायर मंदिर के पास प्राचीन दीपाथुन नामक स्तंभ के नजदीक महादीपक जलाया जाता है। थिरूपरनकुंद्रम की पहाड़ी पर भी इसकी परंपरा रही। लेकिन बाद में वहां मंदिर के नजदीक ही एक दरगाह स्थापित हो गई। दरगाह के बाद सेकुलरवाद को बढ़ावा देना जरूरी था, लिहाजा दीपम की परंपरा अधिकारियों ने रोक दी। जिसे शुरू करने को लेकर अदालती हस्तक्षेप की मांग की गई। पहले मदुरै की जिला अदालत में मामला चला और बाद में मद्रास हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जिसकी सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन ने पहाड़ी पर दीप जलाने की परंपरा शुरू करने का आदेश दिया। इसके बाद पहाड़ी पर तीन दिसंबर को दीप जलाने श्रद्धालुओं का जमावड़ा होने लगा। लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। राज्य की स्टालिन सरकार का कहना था कि इससे खून-खराबा हो सकता है। जबकि अल्पसंख्यकों की ओर से ऐसी कोई कोशिश या बयानबाजी भी नहीं हुई थी। बहरहाल, डीएमके सरकार के इस फैसले ने राज्य में पैर जमाने की कोशिश में बैठी बीजेपी को मुद्दा दे दिया। पार्टी का कहना है कि डीएमके सेक्युलरिज्म की बात करती तो है, लेकिन उसके निशाने पर सिर्फ़ हिंदू समुदाय ही रहता है। बीजेपी का आरोप है कि डीएमके ने कभी किसी गैर हिंदू परंपरा, दरगाह या आदि पर कभी कोई सवाल नहीं खड़ा किया। बीजेपी पूछ रही है कि आखिर राज्य के हिंदुओं ने कौन सी गलती की है कि उन्हें दीप जलाने के अधिकार के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। डीएमके की पूर्ववर्ती जस्टिस पार्टी की स्थापना 1916 में हुई थी। उसका घोषित उद्देश्य एनी बेसेंट की अगुआई वाले होम रूल लीग आंदोलन का विरोध था। जस्टिस पार्टी का मानना था कि अगर होमरूल आंदोलन सफल हुआ तो तमिलनाडु में जारी ब्राह्मणवाद की वजह से ब्राह्मण अधिकारियों की तादाद बढ़ जाएगी। एक तरह से कह सकते हैं कि जस्टिस पार्टी की स्थापना ब्राह्मणवाद के विरोध के लिए हुई थी। कालांतर में उसकी ब्राह्मणवाद विरोध की राजनीति बढ़ते-बढ़ते ब्राह्मण विरोध पर केंद्रित हो गई। बाद में उसके विरोध के दायरे में हिंदी और पूरी सनातन परंपरा समा गई। यही वजह है कि स्टालिन कुनबे को हिंदुत्व की कटु आलोचना से कभी परहेज नहीं रहता। अहर्निश हिंदी विरोध और अब कार्तिगई दीपम का विरोध इसी परंपरा का विस्तार है। विपक्षी गठबंधन को इन दिनों संविधान बचाने की बहुत चिंता है। 'संविधान खतरे में है' की आवाज बुलंद करने वाले विपक्षी गठबंधन के दलों की नजर में न्याय वही है, जो उनके नैरेटिव के हिसाब से हो, अन्यथा वह सेकुलरवाद का विरोध है। राममंदिर पर सर्वोच्च न्यायाल के फैसले को ये दल अब भी दिल से स्वीकार नहीं कर पाए हैं। इंदिरा गांधी के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चुनावी कदाचार के आरोप में रायबरेली का निर्वाचन खारिज कर दिया था, तब न्यायपालिका की शक्तियां ही क्षीण कर दी गईं। मोहन कुमार मंगलम तो इससे भी दो कदम आगे बढ़ते हुए प्रतिबद्ध न्यायपालिका की बात करने लगे थे। पिछले साल इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर यादव के एक बयान को लेकर भी विपक्षी गठबंधन नाराज हो गया था। शेखर ने कहा था, ₹ये कहने में बिल्कुल गुरेज़ नहीं है कि ये हिन्दुस्तान है। यहां रहने वाले बहुसंख्यकों के अनुसार ही देश चलेगा। यही क़ानून है। आप यह भी नहीं कह सकते कि हाई कोर्ट के जज होकर ऐसा बोल रहे हैं। क़ानून तो बहुसंख्यक से ही चलता है।₹ इसी अंदाज में स्वामीनाथन पर भी निशाना साधा जा रहा है। इसने एक बार फिर डीएमके और इंडिया गठबंधन की सियासी रणनीति का चेहरा उजागर किया है। डीएमके ने सेक्युलरिज्म आधारित जो प्रशासनिक मॉडल बनाया है, उसके निशाने पर सिर्फ हिंदू हैं। भगवान मुरुगन की सदियों पुरानी परंपरा को रोकना उसी मॉडल की परिणति है। डीएमके की नीति अल्पसंख्यक समुदायों को खुश करना और हिंदू समुदाय के खिलाफ़ आक्रामक रहा है। राज्य में वक्फ की ज़मीनों को लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं है। चर्च का धन भी अछूता है। लेकिन हिंदू मंदिरों के कोष पर राज्य का नियंत्रण है। मंदिरों की जमीनें भी सरकारी नियंत्रण में है। लेकिन अब राज्य का जनमत बदल रहा है। बीजेपी की कोशिश तमिल हिंदुत्व को उभारकर अपनी बुनियाद को मजबूत करना है। वह डीएमके के इस दोहरे चरित्र को लोगों को समझाने की कोशिश में है। ऐसे में तमिलनाडु विधानसभा चुनाव इस बार गैर पारंपरिक रंग में नजर आ सकता है।

> विपक्षी गठबंधन यह पचा नहीं पा रहा है कि कथित सेकुलर देश में किसी जज ने बहुसंख्यक सनातनी परंपरा स्थापित करने का निर्णय दे दिया है। स्वामीनाथन के फैसले के अनुसार, जहां कार्तिदीपम मनाया जाना है, वहां एक दरगाह भी है। दरगाह और मंदिर साथ हो तो मंदिर की कीमत पर दरगाह की परंपराएं अपने यहां चलती रही हैं। अब तक की शासन व्यवस्था के लिहाज से ऐसे मामलों में मंदिर के पक्ष में फैसला सवालों के घेरे में आता है। स्वामीनाथन ने मदुरै जिले की थिरूपरनकुंद्रम की पहाड़ी की चोटी पर कार्तिगई दीपम की परंपरा को स्थापित करने की मंजूरी दी है, जिसे 1920 के एक विवाद के बंद कर दिया गया था। यह बात और है कि डीएमके की अगुआई वाली तमिलनाडु सरकार ने विवाद की आशंका के बहाने अदालत के फैसले को लागू ही नहीं होने दिया। दिलचस्प है कि अल्पसंख्यक समुदाय ने इसका विरोध भी नहीं किया, बल्कि सरकार ही खुद आगे बढ़कर विवाद की आशंका से भर उठी।

देश दुनिया से

# प्राकृतिक खेती में उज्ज्वल भविष्य



**काश!** शहरों की धक्का-मुक्की करती भीड़ से अलग जहां केवल हम हों, ध्वनि प्रदूषण से दूर जहां सुकून भरी शांति हो, प्रदूषित जल व पानी की बोतलों के स्थान पर स्वच्छ शीतल नीर के फव्वारे चल रहे हों, शुद्ध मंद-मंद बहता समीर हो, चारों ओर हरे-भरे खेतों और बागानों में विभिन्न प्रकार के अनाज, सब्जियां, फल फूलों के पौधे लहरा रहे हों और इस पवित्र और स्वर्ग से भी सुंदर वातावरण में हम गुनगुनाते हुए अपने कार्य में मन लगाकर व्यस्त हों। संध्या होते ही हमारी गौरी और सुरभि रंभाकर हमें पुकारे कि अब घर आ जाओ। ताजा दूध दुह कर खुद भी पियो और हमारे बछड़ा मटरू और बछड़ी नंदिनी को भी भूख लगी है, उन्हें भी पिलाओ और फिर हमें मां के प्यार भरे स्पर्श से बना हुआ पौष्टिक भोजन मिले। इस सपने को वास्तविकता में बदला जा सकता है, अगर हम शहर की ओर पलायन न करके अपनी जड़ों से बंधे हुए वापस आ जाएं। पुरखों की बहुमूल्य धरोहर को संजोकर नए व आधुनिक ढंग से प्राकृतिक खेती करके खेतों को सजाएं। वह जमाना अब नहीं रहा जब किसान रात-दिन कड़ी मेहनत करता था और आर्थिक स्थिति फिर भी दयनीय थी। कठोर हाथ, चेहरे पर समय से पहले झुर्रियां और कपड़ों और बदन पर मैल और धूल की परत होती थी। आज का आधुनिक, शिक्षित किसान अपने व्यक्तित्व की ओर सजग, दस्ताने पहन कर कृषि और पशुओं का काम करता है। सीढ़ीदार खेतों में महिलाएं आधुनिक पोशाक पहन सुंदर केश लहराती हुई छोटे-छोटे ट्रैक्टर चलाती दिखाई देती हैं। वे अपने आराम, खानपान और सेहत का भी विशेष ध्यान रखते हैं। आज ऑनलाइन हर चीज की खरीददारी की जाती है और हर नई वस्तु का ज्ञान किसान को घर बैठे मिल रहा है। कई प्रशिक्षित युवा नौकरी छोडक़र आधुनिक कृषि करके खुशहाल जीवन जी रहे हैं। किसानों की खुशहाली के लिए सरकार भी कई योजनाएं चला रही है। विशेषकर हिमाचल प्रदेश जैसे स्थानों पर जहां प्राकृतिक खेती को राज्य की 'प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान' योजना के तहत आत्मा परियोजना के माध्यम से फैलाया जा रहा है। प्राकृतिक खेती से रसायनों और बाहरी इनपुट जैसे कीटनाशक, रासायनिक उर्वरक के बिना खेती करना, मिट्टी के स्वास्थ्य और जैव विविधता में सुधार करना और किसानों की आय बढ़ाना है। प्राकृतिक खेती और आत्मा प्रोजेक्ट का संबंध भारत में रासायनिक मुक्त और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने से है जहां प्राकृतिक खेती का लक्ष्य देसी गाय, स्थानीय संसाधनों और जैविक इनपुट का उपयोग कर लागत कम करना है, वहीं आत्मा प्रोजेक्ट जिला स्तर पर किसानों को प्रशिक्षण, जागरूकता और नवीनतम कृषि तकनीकी पहुंचाने का एक मंच है जो उन योजनाओं को लागू करने में अहम भूमिका निभाती है। केंद्र सरकार का राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन और हिमाचल की प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना इसके प्रमुख उदाहरण हैं। आत्मा प्रोजेक्ट किसानों को जैविक खाद बनाने के उपकरण जैसे ड्रम, बाल्टी आदि पर सब्सिडी देती है और प्राकृतिक खेती को लागू करने में मदद करती है। प्राकृतिक खेती एक लक्ष्य है और आत्मा परियोजना जिला और खंड स्तर पर कृषि विभाग के माध्यम से प्राकृतिक खेती की तकनीकों को उपलब्ध कराकर किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने में मदद करती है। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन में केंद्र सरकार ने नवंबर 2024 में राष्ट्रीय प्राकृतिक मिशन की शुरुआत की। हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है जहां सरकार ने नीतिगत फैसला लेते हुए प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान के साथ अब इस योजना के अधीन जैविक और अन्य रसायन रहित खेती विधियों को भी लाया जा रहा है। हिमाचल में अधिकतर छोटे एवं सीमांत किसान हैं जिनके पास थोड़ी-थोड़ी भूमि है। इन किसानों के दीर्घकालीन कल्याण के लिए प्राकृतिक खेती सहायक सिद्ध हो रही है। इस खेती से किसान थोड़ी भूमि में एक साथ बहुत सारी फसलें लगाकर अच्छा लाभ कमा सकते हैं। किसान आय वृद्धि और उनके दीर्घकालीन कल्याण के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्प है। यह देश की पहली सरकार बनी है जिसने किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वर्ष दो हजार अठारह में प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना की शुरुआत की है। राज्य सरकार ने कृषि-बागवानी में रसायनों के प्रयोग को कम करने के लिए इस योजना की तहत 'सुभाष पालेकर' प्राकृतिक खेती विधि को लागू किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्राकृतिक खेती पर विशेष बल देते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 7.28 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है। इसके अंतर्गत किसानों में क्षमता निर्माण, लगातार उनसे संपर्क बनाए रखने, निगरानी व नियमित सलाह एवं सहयोग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। किसानों को यह खेती विधि आसानी से समझ आ सके, इसके लिए इससे संबंधित साहित्य भी राज्य परियोजना कार्यान्वयन इकाई द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि पहाड़ी क्षेत्र के किसानों के दीर्घकालीन कल्याण को सुनिश्चित किया जा सके। इसके लिए सरकार ने स्वप्रमाणीकरण प्रणाली और मार्केटिंग के लिए 'हिम भोग' जैसे ब्राण्ड भी आरम्भ किए हैं।

आप का नज़रिया

# फिर उठी बांग्लादेश में अशांति की लहर

**अशांति** की लहर बांग्लादेश में युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद एक बार फिर अशांति और हिसा की लहर आ गईं है। 15 महीने बाद फिर हिसा भड़क गईं। भारत विरोधी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद कट्टरपंथियों ने गुरुवार देर रात चट्टोग्राम में भारतीय उच्चायोग पर हमला कर दिया। यहां पर उच्चायुक्त का निवास स्थान भी है। दंगाइयों ने जमकर पथराव किया और मयमनसिह के भालुका में दंगाइयों ने ईंशनिदा का आरोप लगा हिन्दू युवक दीपू चंद्र दास की पीट-पीट कर हत्या कर दी और पेड़ पर लटकाकर शव को जला दिया। बता दें कि कट्टरपंथी हादी ने पिछले साल अगस्त में छात्र आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। हादी हाल ही में जमात-ए-इस्लामी से जुड़े इंकबाल मंच में शामिल हो गया था। वह 12 फरवरी को होने वाले चुनाव में ढाका-8 सीट से इंकलाब मंच का प्रात्याशी था। ढाका में 12 दिसम्बर को हादी को दो युवकों ने गोली मार दी थी। उसकी सिगापुर में इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गईं थी। भारत संग रिश्ते लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। पाकिस्तान के बढ़ते कदम और बांग्लादेश से बिगड़ते रिश्तों पर संसदीय रिपोर्ट में इन चुनौतियों का ज़िक्र किया है। साल 1971 की जंग के बाद भारत को बांग्लादेश में सबसे बड़े रणनीतिक संकट का सामना करना पड़ रहा है, यह कहना गलत नहीं होगा। राष्ट्रवाद के उभार, इस्लामी संगठनों की दोबारा सव्रियता और चीन- पाकिस्तान के बढ़ते प्राभाव ने बांग्लादेश में भारत के सामने नईं चुनौतियां खड़ी कर दी है। अगर समय रहते भारत ने अपनी नीति में बदलाव नहीं किया तो वह बांग्लादेश में अप्रासंगिक हो जाएगा। यह बातें भारत में विदेशी मामलों की एक संसदीय समिति की रिपोर्ट में रेखांकित की गईं है। 99 पन्नों की इस रिपोर्ट में समिति ने भारत-बांग्लादेश के रिश्तों से जुड़ी उन चुनौतियों का ज़िक्र किया है, जो अगस्त 2024 के बाद खड़ी हुईं है। अगस्त 2024 यह वह महीना था जब बांग्लादेश में व्यापक जनप्राचार के बाद देश की तत्कालीन प्राधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भारत में शरण लेनी पड़ी थी। तब से वह यहां रह रही हैं और देश में मोहम्मद युनूस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार काम कर रही है। संसदीय समिति की रिपोर्ट तैयार करने के लिए कांग्रेस सांसद शशि थरूर को नेतृत्व करने के लिए चुना गया। समिति ने विदेश मंत्रालय के प्रातिनिधियों से बातचीत की और बीते जून को 4 विशेषज्ञों की राय भी सुनी है। इन विशेषज्ञों में पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शिव शंकर मेनन, सेवानिवृत्त ले. जनरल सैयद अता हसनैन, विदेश मंत्रालय की पूर्व सचिव रीवा गांगुली व अन्य शामिल थे। विश्लेषक के हवाले से बांग्लादेश के साथ भारत के रिश्ते में मौजूदा चुनौतियों के पीछे प्रामुख वजहें भी गिनाईं गईं हैं। अल्पसंख्यकों पर हमले के पीछे आईंएसआईं के हाथ से इंकार नहीं किया जा सकता। बांग्लादेश में चीन की बढ़ती मौजूदगी भी एक चुनौती है। लालमोनिरहाट एयरबेस का चीनी मदद से विकसित किया जाना भारत की सुरक्षा के लिए एक खतरा है। जमात-ए-इस्लामी पाटा के नेताओं के हालिया चीन दौरे का भी रिपोर्ट में ज़िक्र किया गया और कहा कि इससे बांग्लादेश के अलग-अलग राजनीतिक गुटों के साथ चीन की गहराती बातचीत का संकेत मिलता है, जिहादी वहां उसकी मौजूदगी और मजबूत हो रही है। समिति ने सिफारिश की है कि सरकार बांग्लादेश में विदेशी शक्तियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखे क्योंकि किसी भी वैसे देश, जिनके साथ भारत के रिश्ते अच्छे नहीं हैं (पाक-चीन) उनका वहां सैन्य ठिकाना बनाने की कोशिश भारत की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हो सकती है। मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश में ताजा हिसा पर सिर्प औपचारिक बयान देते दिख रहे हैं। अगर यूनुस वाकईं असहाय हो गए हैं और कट्टरपंथी तंत्र अराजकता पैलाने के लिए स्वतंत्र है तो यह न तो बांग्लादेश के लिए अच्छी है और भारत के लिए तो बहुत चिताजनक है ही। फिलहाल बांग्लादेश में जिस तरह की अराजकता पैली हुईं है और उनकी आंच में बहुत वुछ झुलसने की आशंका है। उसे देखते हुए भारत सरकार को चाहिए कि वह वूटनीतिक स्तर पर इन मामलों को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के समक्ष प्राभावी तरीके से उठाए।

> भारत विरोधी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद कट्टरपंथियों ने गुरुवार देर रात चट्टोग्राम में भारतीय उच्चायोग पर हमला कर दिया। यहां पर उच्चायुक्त का निवास स्थान भी है। दंगाइयों ने जमकर पथराव किया और मयमनसिह के भालुका में दंगाइयों ने ईंशनिदा का आरोप लगा हिन्दू युवक दीपू चंद्र दास की पीट-पीट कर हत्या कर दी और पेड़ पर लटकाकर शव को जला दिया। बता दें कि कट्टरपंथी हादी ने पिछले साल अगस्त में छात्र आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। हादी हाल ही में जमात-ए-इस्लामी से जुड़े इंकबाल मंच में शामिल हो गया था। वह 12 फरवरी को होने वाले चुनाव में ढाका-8 सीट से इंकलाब मंच का प्रात्याशी था। ढाका में 12 दिसम्बर को हादी को दो युवकों ने गोली मार दी थी। उसकी सिगापुर में इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गईं थी। भारत संग रिश्ते लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। पाकिस्तान के बढ़ते कदम और बांग्लादेश से बिगड़ते रिश्तों पर संसदीय रिपोर्ट में इन चुनौतियों का ज़िक्र किया है। साल 1971 की जंग के बाद भारत को बांग्लादेश में सबसे बड़े रणनीतिक संकट का सामना करना पड़ रहा है, यह कहना गलत नहीं होगा। राष्ट्रवाद के उभार, इस्लामी संगठनों की दोबारा सव्रियता और चीन- पाकिस्तान के बढ़ते प्राभाव ने बांग्लादेश में भारत के सामने नईं चुनौतियां खड़ी कर दी है।

कुछ अलग

# घोड़ा, मगर थोड़ा-थोड़ा

**हो** सकता है मेरे कुरसी पर बैठने के बाद लोग मुझे भी उसी तरह देखते हों, जैसे मैं कुरसी पर बैठे अन्य लोगों को देखता हूं। न जाने क्यों कुरसी पर बैठा हर इन्सान आजकल मुझे शुरू में गधा ही नजर आता है। मेरी यह धारणा तब ही टूट पाती है, जब मुझे उसके गधा होने में संदेह नहीं रहता। पर मेरे संदेह करने की भावना अंत तक बनी रहती है। ठीक उसी तरह जैसे सदन में चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष के माननीय सभासदों से मैं अंत तक शिष्टता, सभ्यता और सौम्यता की उम्मीद बनाए रखता हूं। संदेह और उम्मीद की इसी उठापठक में कई बार तो ऐसा होता है कि कुरसी पर बैठा जो आदमी मुझे कुछ देर पहले तक घोड़ा लगता है, मुंह खोलते ही वह अचानक गधे में तबदील होने लगता है। मुझे तो स्वर्ग में सभापति के आसन पर बैठे इन्द्र पर भी यही शंका बना रहती है। अगर ऐसा न होता तो देवता हर बार युद्ध में दानवों से हारने के बाद 'त्राहिमाम, त्राहिमाम' करते हुए त्रिदेव या भगवती से अपने उद्धार की प्रार्थना न करते। पहले यही शंका मुझे खडख़ड़ जी और छिछला महाराज पर भी होती थी।

दृष्टि कोण

# जरूरी है नया रोजगार गारंटी विधेयक



**मनरेगा** यानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम एक अधिकार-आधारित ग्रामीण रोजगार योजना है, जिसे 2005 में अधिनियमित किया गया और फरवरी 2006 से लागू किया गया। यह भारत के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को राज्य से भुगतानयुक्त काम की मांग करने का कानूनी अधिकार देता है। इस अधिनियम के तहत, किसी भी ग्रामीण परिवार का 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी वयस्क सदस्य काम के लिए आवेदन कर सकता है। सरकार पर प्रति वित्तीय वर्ष प्रति परिवार 100 दिनों तक अकुशल श्रम कार्य उपलब्ध कराने की कानूनी बाध्यता है, और यदि लिखित या मौखिक मांग के 15 दिनों के भीतर काम नहीं दिया जाता, तो राज्य को बेरोजगारी भत्ता देना होता है। इस कारण मनरेगा केवल एक कल्याणकारी योजना नहीं, बल्कि कानूनी रूप से प्रवर्तनीय अधिकार है। दुनिया भर में कहीं भी इस स्तर पर रोजगार के अधिकार की कोई योजना नहीं है। अपनी विशालता और कानूनी संरचना के कारण विशिष्ट है। यह योजना करोड़ों ग्रामीण नागरिकों के लिए है और उन्हें रोजगार एक वैधानिक अधिकार देता है। सूखा, कृषि संकट और कोविड-19 महामारी जैसे आर्थिक झटकों के समय इसने आर्थिक सुरक्षा कवच की भूमिका निभाई, जब लाखों प्रवासी श्रमिक गांव लौट आए और इसी योजना पर निर्भर रहे। इस योजना में कुछ बड़े बदलाव प्रस्तावित करते हुए संसद में विकसित भारत- ग्रामीण रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन विधेयक, 2025 (वीबी -जी राम जी) पारित कर दिया गया है और राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदन के बाद अब यह विधेयक मनरेगा का स्थान लेगा। जहां सरकार नए विधेयक को विकसित भारत के लिए एक सुधार के रूप में प्रस्तुत कर रही है वहीं विपक्ष इसका पुरजोर विरोध कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि सरकार जानबूझकर इस कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाकर राजनीति कर रही है। और क्योंकि इस विधेयक का संक्षिप्त नाम वीबीजीआरएएमजी या यूं कहें तो 'विकसित भारत जी राम जी' हो जाएगा, विपक्ष को यह रास नहीं आ रहा है। विधेयक के खिलाफ सारी बहस कानून में बदल पर बहस से कहीं अधिक वाकयुद्ध का रूप ले चुकी है। आज आवश्यकता इस बात की है कि इस विधेयक को विस्तार से समझा जाए कि वास्तव में इसके प्रावधान क्या हैं और इससे देश और ग्रामीण भारत को क्या फायदा या नुकसान हो सकता है? 2005 में बनाए गए इस अधिनियम के पीछे सोच यह थी कि ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को बेरोजगारी के कारण गरीबी से बचाने के लिए उन्हें आमदनी की गारंटी हो लेकिन इसके साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कार्यों जैसे जल संरक्षण परियोजनाएं, सिंचाई नहरें, ग्रामीण सडक़ें, बाढ़ नियंत्रण संरचनाएं और भूमि विकास से जुड़े कार्य भी किए जा सकें। इस योजना में वित्तीयन की पूरी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की थी, क्योंकि इस अधिनियम के पीछे सोच यह थी कि रोजगार एक अधिकार है और वो नहीं मिलने पर सरकार को रोजगार देना अनिवार्य है और कोई भी ऐसा व्यक्ति यदि स्वयं को पंजीकृत करवाए तो सरकार को उसे 100 दिन का रोजगार देना होगा, जिसके तहत उपरोक्त निर्माण कार्यों में उनका उपयोग किया जा सकेगा। समझना होगा कि यह योजना रोजगार की मांग से चलती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले सालों में जहां इस योजना में मजदूरी की दर बढ़ा कर उसे आकर्षक बनाया गया है, लेकिन रोजगार के लिए पंजीकृत करने हेतु दिवसों में भारी कमी आई है। इसका अभिप्राय है कि ग्रामीण लोगों को अन्य स्रोतों से अतिरिक्त रोजगार मिलने लगा है जो मनरेगा से अधिक आकर्षक है। ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ है।

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज समय बहतर रहेगा कार्य सिद्धि होगी । कारोबार में वृद्धि होगी। आपके सम्मान में बढोतरी होगी। नए काम से लाभ होगा। शत्रु पक्ष से सावधान रहें। नए व्यक्ति से मुलाकात होगी। निवेश संबंधी प्रस्ताव मिलेंगे। जरूरी फैसले जल्द–बाजी में न लें। पारिवारिक जीवन खुशनुमा रहेगा। धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। जोखिम वाले करने से बचें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा तरल भोजन करें।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज गणेश जी को दूर्वा और सिन्दूर चढाए मनोवांछित फल मिलेगा। मित्रों के साथ घूमने के लिए जाएंगे। पूजा पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय में प्रगति होगी।परिवार का सहयोग मिलेगा। उधार की रकम वापस मिलेगी। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। कार्यस्थल पर खुशखबरी मिलेगी। आपके ज्यादातर कार्य काम पूरे होंगे। आप बेहद खुश रहेंगे। आर्थिक लाभ होगा। सेहत ठीक रहेगी। उच्च पदस्थ व्यक्ति से लाभ होगा पदोन्नति संभव हैं।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

आज ध्यान और प्राणायाम करें शरीर मे उर्जा रहेगी। आपको यात्रा पर जाना पड़ा सकता है। जोखिम ले सकते हैं। निवेश के अवसर आएंगे। आमदनी होगी। पारिवारिक कार्य सफल रहेंगे। बुजुर्गों का मार्गदर्शन मिलेगा। पारिवारिक कार्यक्रम हो सकते हैं। किसी रिश्तेदार से काफी समय बाद मुला–कात होने की संभावना है। कैरियर से जुड़े कार्य पूरे होंगे। बेरोजगारी दूर होगी ।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज मनमुताबिक कार्य नही होंगे । बहते पानी मे शक्कर बहादें। खर्च ज्यादा होने की संभावना है। परिवार के किसी सदस्य की सेहत बिगड़ सकती है। गैरजरूरी कार्यों में समय नष्ट करेंगे। किसी को उधार न दें। नुकसान की आशंका है। विवाद की स्थिति से दूर रहें। कर्ज की रकम फिलहाल वापस नहीं मिलेगी। ऑफिस में किसी से बहस हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।गुस्सा करने से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

गणेश मंत्र का जप करें गाय को हरी सब्जी खिलाए । नई योजना बना सकते हैं। आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे। तनाव हो सकता है। शांत रहने का प्रयास करें। पुराने रूके हुए कार्य पूरे होंगे। उधार की रकम वापस मिल सकती है। सेहत को लेकर चिंतित रहेंगे। दफ्तर के सहयोगी से मतभेद दूर होंगे। लाभ के अवसर सामने आएंगे। व्यवसाय में प्रगति होगी। घर परिवार का माहौल ठीक रहेगा। यात्रा का योग बनेगा गुड का सेवन करें।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज धार्मिक ग्रन्थों का अवलोकन करें । आपको सत्संग का लाभ मिलेगा। पुराने काम पूरे हो सकते हैं। आध्यात्मिकता में रुचि बढ़ेगी। विशेषज्ञ का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। अचानक किसी के साथ तनाव हो सकता है। क्रोध पर काबू रखें। आर्थिक स्थिति सुधरने की उम्मीद है। व्यवसाय में लाभ की संभावना है। विरोधियों से सावधान रहें। खानपान में सावधानी बरते शाम को दूध का सेवन करें ।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आपको बुजुर्गों का माता पिता का आशीर्वाद लेकर चलें । आज खुशखबरी मिलेगी। प्रसन्न रहेंगे। बड़ी जिम्मेदारी पूरी कर पाएंगे। परिवार के लोगों से मुलाकात होगी। आमदनी में बढ़ोतरी होगी। नए काम के लिए प्रयास कर सकते हैं। कैरियर से जुड़ी जानकारी मिलेगी। रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। छात्रों का पढ़ाई में मन लगेगा। धन लाभ होने की संभावना है। अनजान लोगों से मेलमिलाप न करें। यात्रा का बिल्कुल नही है सावधानी बरते।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज का दिन अनुकूल नही हैं शिवमंत्र का जप करें । तनावग्रस्त हो सकते हैं। कार्यस्थल पर खुशखबरी मिल सकती है। संतान पक्ष की सफलता से प्रसन्न रहेंगे। आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। शारीरिक दिक्कत होने की आशंका है। हड़बड़ी में जरूरी फैसला न लें। शत्रुओं से हानि होगी। यात्रा कर सकते हैं। जोखिम लेने से बचें। सावधानी से खर्च करें। चींटियों को आटा डालें कर्ज मुक्त होंगे।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज का दिन शानदार बनाना हैं तो ब्रह्म मुहूर्त मे निंद्रा त्याग कर ईश्वर का चिंतन करें । अपने मित्रों के साथ समय बिता सकते हैं। विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त होगी। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर सकते हैं। घरेलू जिम्मेदारी पूरी करेंगे। नया मकान खरीदने का प्लान बना सकते हैं। किसी कार्य में ज्यादा खर्च होगा। सावधानी से बातचीत करें। दाम्पत्यजीवन मे पूर्ण सहयोग रहेगा। रिश्तों मे मधुरता बढेग

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज का दिन खुशहाल हैं तरक्की के रास्ते खुलेंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। यात्रा पर जा सकते हैं। ऑफिस में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। तरक्की की सूचना मिलेगी। अनजान लोगों की मदद करने से पहले सोच विचार कर लें। किसी की वजह से आपको नुकसान हो सकता है। कार–ोबार अच्छा चलेगा। विवाद से बचें। ईश्वर की आराधना में मन लगेगा। नौकरी मिलने की पूरे योग हैं धन के रास्ते खुलेंगे।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आप जो महनत करेंगे उसका परिणाम सौ प्रतिशत मिलेगा। आप काफी सकारात्मक रहेंगे। सेहत ठीक रहेगी। धन संबंधी स्थिति सुधरेगी। आपको खुशखबरी मिल सकती है। आपके स्वभाव से दूसरे प्रभावित रहेंगे। आपकी सराहना होगी। कुटिल लोगों से सतर्क रहें। आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे।युवाओं को आज सफलता मिलेगी। कुंवारों का रिश्ता तय हो सकता है दुर्गा जी को लाल पुष्प चढाए कार्य सिद्ध होगा।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आपको विरोधी नुकसान पहुंचा सकते हैं सतर्कता बरतें । किसी के बहकावे में न आएं। आर्थिक नुकसान की आशंका है। आज आपकी वजह से कई लोगों को लाभ होगा। किसी रिश्तेदार के यहां से दुखद समाचार मिल सकता है। तनाव की स्थिति निर्मित हो सकती है। वाणी पर क्रोध पर नियंत्रण रखें। अपशब्दों का इस्तेमाल न करें व्यवहार खराब होगा संयमित रहें।

## आज का पंचांग

दिनांक : 24 दिसंबर 2025 , बुधवार
विक्रम संवत : 2082
मास : पोष , शुक्ल पक्ष
तिथि : चतुर्थी दोपहर 01:13 तक
नक्षत्र : श्रवण प्रातः 07:08 तक
योग : हर्षण सायं 04:02 तक
करण : विष्टि दोपहर 01:13 तक
चन्द्रराशि : मकर रात्रि 07:47 तक
सूर्योदय : 06:42 सूर्यास्त 05:48 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:38 , सूर्यास्त 06:00 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:32 , सूर्यास्त 05:51 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:32, सूर्यास्त 05:41 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

लाभ : 06:00 से 07:30
अमृत : 07:30 से 09:00
शुभ : 10:30 से 12:00
चल : 03:00 से 04:30
लाभ : 04:30 से 06:00
राहुकाल : दोपहर 12:00 से 01:30
दिशाशूल : उत्तर दिशा
उपाय : तिल्ली खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : विनायक चतुर्थी, पंचक रात्रि 07:47 से , भद्रा दोपहर 01:13 तक



* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


# अटल जी पर आधारित पुस्तक का लोकार्पण भावुक क्षण : सी.पी. राधाकृष्णन

**जयपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा लिखित पुस्तक सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि का भव्य लोकार्पण मंगलवार को उपराष्ट्रपति एनक्लेव, नई दिल्ली में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय कृषि राज्य मन्त्री भागीरथ चौधरी , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष मिलिंद मराठे उपराष्ट्रपति के सचिव अमित खरे सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि आज का भारत विश्व में सबसे अधिक शक्तिशाली और सबसे अधिक संभावनाओं वाला राष्ट्र बनकर उभर रहा है। भारत माता के चरणों में नमन करते हुए सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि जैसी पुस्तक का लोकार्पण करना उनके लिए अत्यंत भावुक और गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन और विचारों पर आधारित यह कृति सही समय पर आई है, क्योंकि देश अटल जी की जन्म शताब्दी के अवसर की ओर अग्रसर है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि वे स्वयं अटल बिहारी वाजपेयी के साथ लंबे समय तक जुड़े रहे और उनके नेतृत्व में कार्य करने का सौभाग्य उन्हें मिला। महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम सहित अनेक अवसरों पर अटल जी के साथ संवाद और मंच साझा करने की स्मृतियां उनके लिए अमूल्य हैं। उन्होंने अटल जी को भारत का जॉन एफ. कैनेडी बताते हुए कहा कि उनके विचार, दृष्टि और नेतृत्व ने देश को नई दिशा दी।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि विकास की प्रत्येक बड़ी शुरुआत एक बिंदु से होती है। मुंबई–पुणे फोरलेन जैसी परियोजन–ाओं ने यह सिद्ध किया कि बेहतर कनेक्टिविटी कैसे अर्थव्यवस्था को गति देती है, जिसे आज माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में देश प्रत्यक्ष अनुभव कर रहा है। उन्होंने कहा कि अटल जी के शासनकाल में आधारभूत संरचना, मेट्रो रेल, राष्ट्रीय राजमार्ग और परमाणु शक्ति के क्षेत्र में जो नींव रखी गई, वही आज विकसित भारत की मजबूत आधारशिला है । उपराष्ट्रपति ने अपने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि अटल जी की सबसे बड़ी विशेषता उनके सिद्धांतों और मूल्यों के प्रति अडिग प्रतिबद्धता थी। वे कोमल, उदार, सौम्य और अत्यंत काव्यात्मक व्यक्तित्व के धनी थे, किंतु विचारों में कभी समझौता नहीं करते थे। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्र प्रथम, पार्टी बाद में और स्वयं सबसे अंत में के आदर्श को समर्पित था। वास्तव में, उनके जीवन में 'स्व' के लिए कोई स्थान नहीं था।




उन्होंने कहा कि सांसद के रूप में सात वर्षों तक अटल जी के साथ कार्य करने का सौभाग्य उन्हें मिला। तमिलनाडु से निर्वाचित पहले सांसद के रूप में उन्हें अटल जी का विशेष स्नेह और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बिना पूर्व नियुक्ति उनके कक्ष में प्रवेश की अनुमति मिलना, अटल जी की उदारता और मानवीय संवेदना का उदाहरण था, जिसे वे कभी नहीं भूल सकते।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि जनसंघ के कार्यकर्ता के रूप में अटल जी का सार्वजनिक जीवन अत्यंत संघर्षपूर्ण रहा। कोयंबटूर के शास्त्री मैदान की ऐतिहासिक जनसभा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद हजारों की भीड़ का एकत्र होना अटल जी के करिश्माई नेतृत्व और ओजस्वी वाणी का प्रमाण था। आपातकाल से पूर्व का वह दौर जनसंघ और लोकतंत्र दोनों के लिए निर्णायक था ।

# गृह राज्यमंत्री बेढम समेत डीग जिले के सभी तीन एमएलए की विकास निधि की भी सरकार करवा रही जांच



**डीग, 23 दिसंबर (एजेंसियां)।** हाल ही एक स्टिंग ऑपरेशन में तीन विधायकों बयाना ऋतु बनावत, हिंडौन की अनीता जाटव और खींवसर के रेवतराम डांगा का विकास कार्यों के लिए एमएलए फंड से पैसा मंजूर करने में कमीश–नखोरी सामने आने के बाद सरकार ने डीग जिले के सभी तीनों विधायकों की विकास निधि से हुए कामों की भी जांच कराई है। इनमें गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, कामां विधायक नोक्षम चौधरी और डीग–कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेष सिंह शामिल हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है, इसके तहत किसी भी लोक सेवक द्वारा भ्रष्टाचार किया जाना कतई स्वीकार्य नहीं है। दोषी पाए जाने पर ऐसे किसी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

जानकारी के अनुसार राज्य सरकार से मिले निर्देशों के तहत इसके लिए डीग जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहन सिंह के नेतृत्व में एक जांच कमेटी बनाई गई थी। इस कमेटी ने रेंडमली तीन–तीन कामों की जांच की है। इस कमेटी ने अपनी जांच पूरी कर ली है। संभवतः बुधवार को कमेटी अपनी जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप देगी।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले प्रदेश के एक प्रमुख समाचार पत्र में प्रदेश के तीन विधायकों के स्टिंग ऑपरेशन की खबर प्रकाशित हुई थी। इसमें दावा किया गया था कि विधायक अपनी विधायक निधि से विकास कार्यो की अनुशंसा करने के बदले 40 प्रतिशत तक कमीशन ले रहे हैं। हालांकि बयाना विधायक ऋतु बनावत ने इस स्टिंग ऑपरेशन को गलत बताते हुए अपनी आपत्ति भी जताई थी। उन्होंने इस स्टिंग ऑपरेशन के आधार पर प्रकाशित खबर के खिलाफ राजस्थान हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाए जाने का भी दावा किया था।इधर, यह मामला संज्ञान में आने के साथ ही राज्य सरकार ने मुख्य सतर्कता आयुक्त और गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए. सावंत की अध्यक्षता में गठित 4 सदस्यीय समिति से भी विधायक निधि से कराए जाने वाले कामों में कमीशनखोरी की जांच कराए जाने का फैसला किया है।

# भजनलाल सरकार के दो वर्ष के उपलक्ष्य में नागौर में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन



**नागौर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)।** केन्द्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सशक्त, विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो रहा है। उनके नेतृत्व में हमारी सरकार कृषि को लाभकारी बनाने के लिए कार्य कर रही है। हमारी मंशा है कि किसानों का फसल उत्पादन बढ़े तथा उनकी लागत में कमी आए। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, जिससे विकसित भारत–विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार किया जा सके। चौहान मंगलवार को राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मेड़ता में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में गत दो वर्षों में राजस्थान में विकास का नया अध्याय रचा गया है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत राज्य के किसानों को दी जाने वाली राशि में बढ़ोतरी कर 9 हजार रुपये किया है। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत भी राजस्थान के किसानों को लाभान्वित किया गया है।

# अनुभाग अधिकारी रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**जैसलमेर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)।** एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी जोधपुर शहर द्वारा आज कार्यवाही करतें हुए भवानी शंकर स्वामी अनुभाग अधिकारी कार्यालय वरिष्ठ प्रबन्धक रीको जैसलमेर को 30,000 रूपयें रिश्वत लेते रंगें हाथों गिरफ्तार किया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता नें बताया कि एसीबी की जोधपुर शहर ईकाई को एक शिकायत इस आशय की मिली कि भवानी शंकर स्वामी अनुभाग अधिकारी कार्यालय वरिष्ठ प्रबन्धक रीको जैसलमेर द्वारा परिवादी की भाभी के नाम किशनघाट औधोगिक क्षेत्र में प्लाट को रीको द्वारा वर्ष 2024 में निरस्त कर दिया गया, जिस पर परिवादी द्वारा अपील करनें पर रीको जैसलमेर द्वारा प्लॉट पुनः बहाल कर दिया गया था, उक्त भूखण्ड पर कार्य चालू करवानें व पत्रावली में कागजात ऑनलाईन करने की एवज में 30,000 रूपयें रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

# विधानसभा में कांग्रेस के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दे पाई भाजपा : भूपेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 23 दिसंबर (एजेंसियां)।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि विधानसभा के हालिया सत्र के दौरान भाजपा सरकार का रवैया पूरी तरह से जन–विरोधी और जनहित के मुद्दों से भागने वाला रहा। पूरे सत्र में सरकार ने विपक्ष के सवालों, प्रस्तावों और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर कोई ध्यान नहीं दिया। कांग्रेस ने चंडीगढ़ के स्टेटस, अरावली में खनन, किसानों की समस्याएं, बेरोजगार युवाओं, भर्ती घोटालों, एमएसपी, धान घोटाला, मनरेगा, भ्रष्टाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य, खिलाड़ियों की मौतें, एसवाईएल जल विवाद और भाजपा नेताओं की हेट स्पीच जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए विभिन्न प्रस्ताव दिए थे। लेकिन विधानसभा के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि कांग्रेस का एक भी स्थगन प्रस्ताव, कार्य स्थगन प्रस्ताव या अल्पकालिक चर्चा का प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया गया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि वोट चोरी जैसे गंभीर खुलासे के बाद बीजेपी के भीतर छटपटाहट साफ नजर आ रही है। इसीलिए विधानसभा में जानबूझकर इस मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए बीजेपी चुनाव सुधार पर चर्चा का प्रस्ताव लेकर आई। जबकि यह विधानसभा के अधिकार क्षेत्र में ही नहीं आता। इसीलिए कांग्रेस ने सदन से वॉकआउट किया। कांग्रेस वोट चोरी पर चर्चा के लिए अगले सत्र में विशेष प्रस्ताव लेकर आएगी।

हुड्डा अपने आवास पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान हमने खेलों और खिलाड़ियों पर विशेष ध्यान दिया। हमारी स्पोर्ट्स पॉलिसी की वजह से हरियाणा का नाम पूरे देश में चमका था, लेकिन मौजूदा सरकार ने उसे बर्बाद कर दिया। कांग्रेस ने 300 से अधिक स्टेडियम बनाए थे, लेकिन अब उनकी दुर्दशा हो रही है। प्रदेश के दो

# गुरुग्राम पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अपराधियों की अवैध जमीनों पर बुलडोजर एक्शन

**गुरुग्राम, 23 दिसंबर (एजेंसियां)।** गुरुग्राम पुलिस ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। अपराध से अर्जित संपत्ति और सरकारी जमीनों पर किए गए अवैध कब्जों को ध्वस्त करने की कड़ी में पुलिस ने खांडसा गांव निवासी कुख्यात अपराधी रिक्की की अवैध मार्केट पर बुलडोजर चलाकर उसे पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। यह बीते एक सप्ताह में अपराधियों की संपत्तियों पर की गई तीसरी बड़ी कार्रवाई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गुरुग्राम पुलिस ने ऐसे अपराधियों की पहचान के लिए एक विशेष खाका तैयार किया है जो आपराधिक गतिविधियों के जरिए अवैध और अनैतिक तरीके से संपत्ति अर्जित करते हैं और उसी संपत्ति के बल पर लगातार अपराधों को अंजाम देते हैं। इन अपराधियों की अवैध संपत्तियों को नष्ट करना पुलिस की रणनीति का अहम हिस्सा है ताकि अपराध की कमर तोड़ी जा सके। इसी अभियान के तहत मंगलवार को थाना सेक्टर–37, गुरुग्राम पुलिस ने कुख्यात अपराधी रिक्की के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। आरोपी रिक्की (29) गुरुग्राम का स्थायी निवासी है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, रिक्की बचपन से ही आपराधिक तत्वों के संपर्क में आकर अपराध की दुनिया में सक्रिय रहा है। उसके खिलाफ लड़ाई–झगड़ा, लोगों में भय पैदा करना, हत्या, हत्या का प्रयास और अवैध हथियार रखने जैसे गंभीर अपराधों के दर्जनों मामले दर्ज हैं। वह कई बार जेल जा चुका है और वर्तमान में कई आपराधिक धाराओं के तहत जिला जेल भोंडसी में बंद है।

# प्रदेश में पर्यावरण, पर्यटन को बढावा देने को दी प्राथमिकता : सैनी

**चंडीगढ़, 23 दिसंबर (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पर्यावरण और पर्यटन को बढ़ावा देने को प्राथमिकता दी है। सरस्वती आद्रभूमि जलाशय और सरस्वती जंगल सफारी जैसी परियोजनाएं प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण के साथ–साथ पर्यटन के लिए भी नए अवसर सृजित करेंगी। मुख्यमंत्री संत कबीर कुटीर निवास स्थान पर नागरिकों को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे आबियाने को जड़ से खत्म किया है। प्रदेश में जमीनों व सम्पत्तियों का पेप–रलेस रजिस्ट्रेशन शुरू किया गया है। अब रजिस्ट्री का काम पूरी तरह डिजिटल हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में तिगुणी ऊर्जा के साथ जनकल्याण में जुटी हुई हैं। इसलिए हम सब मिलकर हरियाणा को देश का सबसे विकसित राज्य बनाने का संकल्प लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र और लाडवा की उस पवित्र मिट्टी की महक आज उनके आवास तक पहुँची है। सभी नागरिकों का हृदय की गहराइयों से स्वागत, वदन और अभिनंदन है। हम सब मिलकर लाडवा के विकास रथ को बिना रुके आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि हलके को विकास के मामले में प्रदेश का अग्रणी क्षेत्र बनाना सरकार का लक्ष्य है। इसका उद्देश्य ईंट–पत्थर की इमारतें खड़ा करना नहीं है, बल्कि इस क्षेत्र के अंतिम पायदान पर खड़े नागरिक का भी उत्थान करना है।





नायब सिंह ने कहा कि शिक्षा और कौशल विकास के लिए उमरी में 108 करोड़ रुपये की लागत से उत्तर भारत के पहले राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान की स्थापना करना गर्व का विषय है। इसके साथ ही 14.51 करोड रुपये की लागत से राजकीय पॉलिटेक्निक भवन का निर्माण और बहलोलपुर में 8.33 करोड़ रुपये की लागत से आईटीआई का निर्माण किया गया है। ये संस्थान युवाओं के भविष्य को संवारने का कार्य करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव उमरी में लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से संत शिरोमणि गुरु रविदास स्मारक का निर्माण किया जा रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों को सामाजिक समरसता और समानता के मूल्यों की प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए राक्षी नदी पर तीन पक्के पुलों का निर्माण और 3 करोड़ 12 लाख रुपये की लागत से आरसीसी ट्रैक परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इनसे न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि किसानों की सिंचाई व्यवस्था बेहतर होने से उनकी आय में भी वृद्धि होगी।

नायब सिंह ने कहा कि लाडवा शहर के सौंदर्यीकरण के लिए करोड़ों रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है और पीडब्ल्यूडी द्वारा 46 किलोमीटर लंबी 23 सड़कों का नवीनीकरण किया गया है। लाडवा में 31 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला सब–डिवीजन कार्यालय प्रशासनिक कार्यों में गति लाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति को सुद्रढ करने के लिए कनीपला में 5 करोड रुपये का बिजली सब स्टेशन और आमजन के लिए परिवहन सेवाएं शुरू की गई हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को जनता के द्वार तक पहुँचाने के लिए गांव डीग में 6 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया है। इसके अलावा, बरोट और बिहोली में भी नए पी.एच.सी. निर्माण के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि पशुपालकों की सुविधा के लिए बिहोली में पशु वेटरनरी पॉलीक्लिनिक और मथाना के गौवंश धाम में गौ चिकित्सालय की स्थापना करना सरकार की पशुधन संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

नायब सिंह ने कहा कि गांव धनौरा जाटान में 2 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत से बना खेल स्टेडियम युवाओं को खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा निखारने के लिए वैश्विक मंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि लाडवा में 26 करोड़ रुपये की लागत से मल शोधन संयंत्र स्थापित कर सीवरेज की समस्या का समाधान किया गया है। क्षेत्र के 65 गांवों में स्वच्छ पेयजल पहुँचाने के लिए 11 करोड़ 51 लाख रुपये की लागत से पाइपलाइन बिछाई गई है। यातायात को सुगम बनाने के लिए 10 करोड 20 लाख रुपये की लागत से सहारनपुर–कुरुक्षेत्र सड़क मार्ग को चार–मार्गी किया गया है।

# अटल जी पर आधारित पुस्तक का लोकार्पण भावुक क्षण : सीपी. राधाकृष्णन

## सनातन संस्कृति के आलोक में अटल जी का जीवन राष्ट्र के लिए प्रेरणा : वासुदेव देवनानी

**नई दिल्ली/जयपुर,23 दिसंबर (एजेंसियां)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा लिखित पुस्तक सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि का भव्य लोकार्पण मंगलवार को उपराष्ट्रपति एनक्लेव, नई दिल्ली में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय कृषि राज्य मन्त्री भागीरथ चौधरी , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष मिलिंद मराठे उपराष्ट्रपति के सचिव अमित खरे सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि आज का भारत विश्व में सबसे अधिक शक्तिशाली और सबसे अधिक संभावनाओं वाला राष्ट्र बनकर उभर रहा है। भारत माता के चरणों में नमन करते हुए सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि जैसी पुस्तक का लोकार्पण करना उनके लिए अत्यंत भावुक और गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन और विचारों पर आधारित यह कृति सही समय पर आई है, क्योंकि देश अटल जी की जन्म शताब्दी के अवसर की ओर



अग्रसर है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि वे स्वयं अटल बिहारी वाजपेयी के साथ लंबे समय तक जुड़े रहे और उनके नेतृत्व में कार्य करने का सौभाग्य उन्हें मिला। महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम सहित अनेक अवसरों पर अटल जी के साथ संवाद और मंच साझा करने की स्मृतियां उनके लिए अमूल्य हैं। उन्होंने अटल जी को भारत का जॉन एफ. कैनेडी बताते हुए कहा कि उनके विचार, दृष्टि और नेतृत्व ने देश को नई दिशा दी।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि विकास की प्रत्येक बड़ी शुरुआत एक बिंदु से होती है। मुंबई-पुणे फोरलेन जैसी परियोजनाओं ने यह सिद्ध किया कि बेहतर कनेक्टिविटी कैसे अर्थव्यवस्था को गति देती है, जिसे आज माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में देश प्रत्यक्ष अनुभव कर रहा है। उन्होंने कहा कि अटल जी के शासनकाल में आधारभूत संरचना, मेट्रो रेल, राष्ट्रीय राजमार्ग और परमाणु शक्ति के क्षेत्र में जो नींव रखी गई, वही आज विकसित भारत की मजबूत आधारशिला है ।

उपराष्ट्रपति ने अपने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि अटल जी की सबसे बड़ी विशेषता उनके सिद्धांतों और मूल्यों के प्रति अडिग प्रतिबद्धता थी। वे कोमल, उदार, सौम्य और अत्यंत काव्यात्मक व्यक्तित्व के धनी थे, किंतु विचारों में कभी समझौता नहीं करते थे। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्र प्रथम, पार्टी बाद में और स्वयं सबसे अंत में के आदर्श को समर्पित था। वास्तव में, उनके जीवन में 'स्व' के लिए कोई स्थान नहीं था।

उन्होंने कहा कि सांसद के रूप में सात वर्षों तक अटल जी के साथ कार्य करने का सौभाग्य उन्हें मिला। तमिलनाडु से निर्वाचित पहले सांसद के रूप में उन्हें अटल जी का विशेष स्नेह और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बिना पूर्व नियुक्ति उनके कक्ष में प्रवेश की अनुमति मिलना, अटल जी की उदारता और मानवीय संवेदना का उदाहरण था, जिसे वे कभी नहीं भूल सकते।उपराष्ट्रपति ने कहा कि जनसंघ के कार्यकर्ता के रूप में अटल जी का सार्वजनिक जीवन अत्यंत संघर्षपूर्ण रहा। कोयंबटूर के शास्त्री मैदान की ऐतिहासिक जनसभा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद हजारों की भीड़ का एकत्र होना अटल जी के करिश्माई नेतृत्व और ओजस्वी वाणी का प्रमाण था। आपातकाल से पूर्व का वह दौर जनसंघ और लोकतंत्र दोनों के लिए निर्णायक था ।

# हिंदू-मुस्लिम राजनीति से ऊपर उठे सरकार, बांग्लादेश के हालात पर भी दें ध्यान : इमरान मसूद

**नई दिल्ली,23 दिसंबर (एजेंसियां)।** बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उन्हें सिर्फ देश के अंदर हिंदू-मुस्लिम राजनीति ही नजर आती है, लेकिन पड़ोसी देश बांग्लादेश में जो हो रहा है, उस पर उनका कोई ध्यान नहीं है। इमरान मसूद ने साफ कहा कि यह मामला सिर्फ हिंदुओं का नहीं है, बल्कि वहां सभी अल्पसंख्यकों को एक तरह से कुचला जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को लगता है कि हिंदू-मुसलमान सिर्फ भारत में ही हैं। बांग्लादेश में जो लोग परेशान हैं, जो माइनॉरिटीज हैं, उनकी तरफ सरकार की कोई सुध नहीं है। उनका कहना है कि बांग्लादेश में हालात लगातार खराब हो रहे हैं और वहां अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ते जा रहे हैं।



उन्होंने हालिया दौरों का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी पश्चिम बंगाल गए, वहां चुनावी भाषण दिए और असम गए, वहां भी चुनावी भाषण दिए। लेकिन, सवाल यह है कि बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू क्या हमारे रिश्तेदार नहीं हैं? उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वे यहां के हिंदुओं को तो देखते हैं, लेकिन उधर जो लोग मुश्किल में हैं, उनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

इमरान मसूद ने यह भी कहा कि पहले भी कांग्रेस ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया था। उन्होंने कहा कि जब हमने संसद में खड़े होकर प्रदर्शन किया था, तब जाकर भारत सरकार की आंख खुली थी। उस वक्त कांग्रेस ने मांग की थी कि कम से कम बांग्लादेश में भारत के राजदूत को बुलाकर वहां की सरकार को नोटिस तो दिया जाए और कड़ा संदेश भेजा जाए।

उन्होंने बांग्लादेश को लेकर सरकार से सख्त रुख अपनाने की मांग की। इमरान मसूद ने कहा कि अगर बांग्लादेश भारत विरोधी अड्डा बनता जा रहा है, तो भारत को अपनी सुरक्षा और संप्रभुता के लिए वहां सख्ती दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शेख हसीना इस वक्त भारत में हैं और उनकी पार्टी की एक बड़ी नेता भी यहां मौजूद हैं। ऐसे में भारत सरकार को मजबूत कदम उठाने की जरूरत है।

इमरान मसूद ने कहा कि हमारा बनाया हुआ मुल्क आज हमें आंख दिखा रहा है और सरकार चुपचाप बैठी हुई है। उनका कहना है कि अगर भारत ने समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाले समय में हालात और बिगड़ सकते हैं।

# दुबई में हिरासत में सेलिना जेटली का भाई, दिल्ली हाईकोर्ट ने कानूनी सहायता के लिए विदेश मंत्रालय को दिए निर्देश



**नई दिल्ली,23 दिसंबर (एजेंसियां)।** बॉलीवुड अभिनेत्री सेलिना जेटली ने दुबई में हिरासत में रखे गए अपने भाई, रिटायर्ड मेजर विक्रांत कुमार जेटली, के लिए दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। पिछले कई महीनों से सेलिना अपने भाई से संपर्क नहीं कर पा रही थीं। उन्हें चिंता थी कि विक्रांत को उचित कानूनी और चिकित्सा सहायता नहीं मिल रही है। मंगलवार को अदालत ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए विदेश मंत्रालय को अहम निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि दुबई स्थित भारतीय दूतावास हिरासत में लिए गए विक्रांत जेटली के लिए स्थानीय रूप से मान्यता प्राप्त वकीलों और लॉ फर्मों की एक सूची तैयार करेगा और उसे अदालत में पेश करेगा। इस सूची में शामिल वकील या फर्म विक्रांत को कानूनी सहायता प्रदान कर सकेंगे। हालांकि, कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि इन वकीलों या लॉ फर्म के खर्च का भार सेलिना जेटली के परिवार को वहन करना होगा।अदालत ने अगली सुनवाई 22 जनवरी को निर्धारित की है।

यह मामला सेलिना जेटली और उनके परिवार के लिए लंबे समय से चिंता का विषय रहा है। सेलिना के भाई, मेजर (रिटायर्ड) विक्रांत कुमार जेटली 2016 से दुबई में रह रहे हैं और सितंबर 2024 से वह एक राष्ट्रीय सुरक्षा मामले में हिरासत में हैं। सेलिना ने बताया कि उनके भाई को बिना किसी कानूनी प्रतिनिधित्व या चिकित्सा सुविधा के रखा गया और पिछले 15 महीनों से उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया।

सेलिना जेटली ने अपनी याचिका में बताया कि विदेश मंत्रालय उनकी मदद करने में काफी समय से विफल रहा है। उन्होंने अदालत से अनुरोध किया कि उनके भाई को प्रभावी कानूनी सुविधा, बुनियादी सुविधा और कम्युनिकेशन मुहैया कराया जाए।

सुनवाई के दौरान अदालत ने यह निर्देश देकर भारतीय अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की कि वे दुबई में विक्रांत तक पहुंच बनाने के लिए तुरंत कदम उठाएं।

# वायु प्रदूषण पर एलजी ने लिखी केजरीवाल को चिट्ठी, बोले- आपके कारण दिल्ली भयानक आपदा से गुजर रही

**नई दिल्ली,23 दिसंबर (एजेंसियां)।** दिल्ली में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है। उपराज्यपाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की राजनीति सिर्फ नकारात्मकता और तथ्यहीन प्रोपेगेंडा पर आधारित है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मंगलवार को अरविंद केजरीवाल लिखे पत्र में 56 बिंदुओं को रखा। इसमें उन्होंने प्रदूषण के मुद्दे को केजरीवाल की बड़ी बेपरवाही बताया। उपराज्यपाल ने अरविंद केजरीवाल के साथ अपनी बातचीत का खुलासा किया। उन्होंने पत्र में लिखा, मैं मेरे और आपके (अरविंद केजरीवाल) बीच नवंबर-दिसंबर 2022 में हुई चर्चा की तरफ आकर्षित करना चाहूंगा। गंभीर वायु प्रदूषण के बीच मैंने हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा था। पंजाब के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र की प्रति



आपको भी भेजी थी। जब मैंने आपसे इस मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए इसके समाधान के लिए निर्णायक कदम उठाने को कहा, तो आपने मुझसे कहा था, 'सर, यह हर साल होता है, 15-20 दिन मीडिया इसको उठाती है। एक्टिविस्ट और अदालतें इसका मुद्दा बनाते हैं और फिर सब भूल जाते हैं। आप भी इस पर ज्यादा ध्यान मत दीजिए।' अब इससे अधिक दोहरा रवैया क्या होगा ?पत्र में उपराज्यपाल ने लिखा, यह लगभग 11 साल की आपकी सरकार की अकर्मण्यता ही थी, जिसके कारण दिल्ली आज इस भयानक आपदा से गुजर रही है। आपने बहुत आसानी से और बहुत ही कम खर्च में, कम से कम दिल्ली की धूल भरी सड़कों की मरम्मत ही करवा दी होती। फुटपाथ और किनारों को कवर करवा दिया होता, तो धूल से उत्पन्न प्रदूषण से दिल्ली को निजात मिल जाती, लेकिन आपने ऐसा जान बूझकर नहीं किया।वीके सक्सेना ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने पड़ोसी राज्यों और भारत सरकार के साथ टकराव के बजाय अगर आपने समन्वय से काम किया होता, तो दिल्ली आज वायु प्रदूषण की इस आपदा से नहीं गुजर रही होती। अफसोस है कि आपने दिल्ली के लिए कुछ नहीं किया।उपराज्यपाल ने लिखा, मुझे आप (केजरीवाल) और आपके सहयोगी निरंतर अपशब्द कहते रहे हैं, क्योंकि मैं दिल्ली के लोगों के हित में काम करता हूं। मेरे काम करने से अगर आपकी अकर्मण्यता उभरकर लोगों के सामने आई है, तो इसमें मेरा कोई दोष नहीं है। अगर काम करने के एवज में किसी को गालियां दी जाने लगें, तो आप स्वयं विचार करें कि काम न करने वाले लोग क्या डिजर्व करते हैं।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ : बाढ़ संकट में पशुधन पालन विभाग ने 3.19 लाख पशुओं का किया इलाज

**चंडीगढ़, 23 दिसंबर (एजेंसियां)।** पंजाब के पशुपालन विभाग ने वर्तमान वर्ष के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां दर्ज करने के साथ-साथ बाढ़ के दौरान राज्य के पशुधन की सुरक्षा के लिए मिसाली काम किए हैं। पंजाब के पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य पालन मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि राज्य के 12 बाढ़ प्रभावित जिलों में पशुधन को बचाने के लिए त्वरित एवं सक्रिय भूमिका निभाई गई। उन्होंने बताया कि 713 प्रभावित गांवों में 492 रैपिड-रिस्पॉन्स वेटरनरी टीमें तैनात की गईं। इसके अलावा, 24 घंटे इमरजेंसी ग्रिड स्थापित किया गया तथा 3.19 लाख से अधिक पशुओं को मुफ्त चिकित्सा इलाज प्रदान किया गया। उन्होंने कहा, ''हमारी टीमों ने जमीनी स्तर पर अथक मेहनत की, न केवल इलाज किया बल्कि बीमारियों को फैलने से भी रोका ताकि हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।'' खुड्डियां ने कहा कि बाढ़ के प्रभाव को कम करने के प्रयासों में इलाज एवं रोकथाम दोनों शामिल थे। पशुओं में गलघोटू की बीमारी से बचाव के लिए 2.53 लाख से अधिक पशुधन को मुफ्त बूस्टर डोज लगाई गई। इसके अलावा विभाग ने जिला प्रशासन एवं गैर-सरकारी संगठनों के साथ तालमेल करके पशुओं के लिए महत्वपूर्ण प्रबंध किए, जिसमें 20,000 क्विंटल से अधिक फीड, 16,000 क्विंटल से अधिक साइलेज, हजारों क्विंटल चारा एवं तुड़ी (भूसा), 234 क्विंटल मिनरल मिक्सचर, डीवर्मर की 68 हजार से अधिक खुराकें एवं 194 किलोग्राम पोटैशियम परमैंगनेट प्रदान किया गया। इसके अलावा, पशुपालकों को आपदा के दौरान मार्गदर्शन करने के लिए 1,619 जागरूकता कैंप भी लगाए गए।बाढ़ राहत के



अलावा विभाग की प्रगति को उजागर करते हुए गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि राज्य के पॉलीक्लीनिकों के लिए 22 आधुनिक पशु लिफ्टर खरीदे गए। इसके अलावा गुरदासपुर, पटियाला, लुधियाना, संगरूर, श्री मुक्तसर साहिब एवं अमृतसर में स्थित छह पॉलीक्लीनिकों को बेहतर पशु देखभाल के लिए नए आई.पी.डीज़. से अपग्रेड किया गया। उन्होंने कहा कि पंजाब भर में एक मजबूत रोकथाम स्वास्थ्य ढाल स्थापित की गई, जिसमें अधिकारियों ने लंपी स्किन बीमारी से बचाव के लिए 24.27 लाख मुफ्त खुराकों, मुंहखुर की बीमारी के खिलाफ 126.22 लाख खुराकों एवं गलघोटू के विरुद्ध 68.88 लाख खुराकों के प्रबंधन की रिपोर्ट पेश की है।खुड्डियां ने बताया कि पटियाला वेटरनरी पॉलीक्लीनिक में 54 लाख रुपये की लागत से एलनगोर-800 एम.ए. डिजिटल रेडियोग्राफी प्रणाली स्थापित की गई है जिससे पशुओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का एक्स-रे फिल्म मुक्त डायग्नोसिस किया जा सकेगा। यह प्रणाली तुरंत किसी भी प्रकार के फ्रैक्चर, हड्डियों के कैंसर एवं आंतरिक स्थितियों जैसे शरीर में कोई बाहरी वस्तु का प्रवेश होना, गुर्दे की पथरी एवं मूत्र में रुकावटों का पता लगाने में सक्षम है तथा पता लगाने के बाद संबंधित स्वास्थ्य समस्या के बारे में मॉनिटर पर तुरंत तस्वीरें प्रदान करती है। ऐसी सुविधा पहले केवल वेटरनरी यूनिवर्सिटी लुधियाना में उपलब्ध थी तथा यह उन्नत सुविधा राज्य के पशुपालकों के लिए एक वरदान साबित होगी।

उन्होंने कहा कि पशुओं की नस्ल सुधार एवं किसानों का मुनाफा बढ़ाने के लिए विभाग द्वारा जनवरी 2023 एवं मार्च 2025 के बीच सेक्स सॉर्टेड सीमेन की 1.82 लाख खुराकों का उपयोग किया गया, जिससे उच्च-मूल्य वाली बछियों एवं बछड़ियों की जन्म दर में वृद्धि हुई है। मत्स्य पालन क्षेत्र की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए खुड्डियां ने कहा कि विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान मत्स्य पालन प्रोजेक्टों के लिए 187 लाभार्थियों को 5.82 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्रदान की। राज्य में मत्स्य पालन के अधीन 43,683 एकड़ क्षेत्र में से 2 लाख टन से अधिक मछली उत्पादन हुआ, जबकि झींगा पालन के अधीन 985 एकड़ में से चालू वर्ष के दौरान 2,550 टन उत्पादन हुआ है।सरकार ने 15.99 करोड़ मछली पुंग का उत्पादन किया एवं 9,200 से अधिक लोगों को मत्स्य पालन तकनीकों की ट्रेनिंग दी। इस दौरान डेयरी क्षेत्र की प्रगति के बारे में बताते हुए गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि ग्रामीण युवाओं को डेयरी कौशल प्रदान करने के लिए सालाना लगभग 8,500 किसानों को ट्रेनिंग दी जाती है, जिससे सालाना लगभग 3,500 डेयरी यूनिट स्थापित होते हैं।

# ऊना में सियासी घमासान: पूर्व विधायक रायजादा करेंगे सतपाल सत्ती पर मानहानि का मुकदमा



**ऊना,23 दिसंबर (एजेंसियां)।** हिमाचल प्रदेश में ऊना जिले की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। पूर्व कांग्रेस विधायक सतपाल सिंह रायजादा ने वर्तमान भाजपा विधायक सतपाल सिंह सत्ती पर मानहानि का दावा करने को कहा है। पूर्व कांग्रेस विधायक सतपाल सिंह रायजादा और वर्तमान भाजपा विधायक सतपाल सिंह सत्ती के बीच आर-ोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है। पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में एक प्रेस वार्ता के दौरान स्पष्ट किया कि वह विधायक सत्ती के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे। उन्होंने बताया कि विधायक सतपाल सिंह को उन्होंने कानूनी नोटिस भेजा था, लेकिन इसके जवाब में सत्ती ने आरोपों से इनकार कर दिया। इसके बावजूद उनके बयान मीडिया और सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से फैल गए, जिससे रायजादा की छवि पर गहरा असर पड़ा। अब वह अदालत का दरवाजा खटखटाने जा रहे हैं।

इस मुद्दे के अलावा रायजादा ने जिला प्रशासन की व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने नो पार्किंग और नो वेंडिंग जोन को लेकर प्रशासन की आलोचना करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। सरकारी दुकानों के किराए और सबलेटिंग के मामलों पर भी उन्होंने प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया और इन मुद्दों की जांच कर उचित कदम उठाने की मांग की है।पूर्व विधायक ने कहा कि जिला प्रशासन की लापरवाही से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। प्रशासन को जल्द से जल्द जनता की समस्या दूर करनी चाहिए।विधायक सतपाल सिंह सत्ती पर निशाना साधते हुए सतपाल सिंह ने कहा कि अपने साले को गलत तरीके से दुकान दिलाई। इसको लेकर मैंने कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया था, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

मामला 19 नवंबर को रायजादा के होटल के बाहर हुए गोलीकांड के बाद शुरू हुआ, जब विधायक सत्ती ने होटल पर वेश्यावृत्ति जैसे गंभीर आरोप लगाए। रायजादा ने इसे अपनी छवि धूमिल करने की साजिश करार दिया है और कहा है कि इन आरोपों से न सिर्फ उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा, बल्कि यह पूरे राजनीतिक माहौल को भी विषाक्त कर दिया।

# अमृतसर में ड्रोन से भेजी गई 12 किलो से अधिक हेरोइन बरामद

**अमृतसर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)।** पंजाब एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (बॉर्डर रेंज) ने बीएसएफ के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए ड्रोन के जरिए भेजी गई करीब 12 किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन बरामद की है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि ड्रोन मूवमेंट की खुफिया जानकारी मिलने के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान संदिग्ध पैकेट बरामद किए गए, जिनमें भारी मात्रा में हेरोइन पाई गई। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि यह खेप सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से भेजी गई थी, जिसे स्थानीय नेटवर्क के जरिए आगे सप्लाई किया जाना था। इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। साथ ही तस्करी से जुड़े आगे और पीछे के लिंक का पता लगाने के लिए टेक्निकल सबूतों और मुखबिर की मदद से जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस नेटवर्क में कौन-कौन से लोग शामिल हैं और ड्रोन ऑपरेशन को कहां से नियंत्रित किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस ड्रोन आधारित नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने और बॉर्डर बेल्ट में सक्रिय ड्रग नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आने वाले दिनों में इस तरह की संयुक्त कार्रवाइयों को और तेज किया जाएगा।

# राहुल गांधी पर भाजपा के आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद : वी. गुरुनाथम

**अमरावती,23 दिसंबर (एजेंसियां)।** आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वी. गुरुनाथम ने भाजपा के उन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें लगातार यह कहा जा रहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने बर्लिन दौरे के दौरान भारत विरोधी बयानबाजी की है। वी. गुरुनाथम ने मंगलवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि भाजपा की ओर से लगाए गए इन आरोपों में बिल्कुल भी सत्यता नहीं है। राहुल गांधी ने विदेश में भारत विरोधी किसी भी प्रकार का बयान नहीं दिया है। भाजपा की तरफ से लगाया गया यह आरोप राष्ट्र



विरोधी है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। भाजपा यह सबकुछ राहुल गांधी के छवि को धूमिल करने के मकसद से कर रही है। लेकिन, हम ऐसा नहीं होने देंगे। राहुल गांधी हमेशा से ही राष्ट्र हित को अपनी प्राथमिकता की सूची में शीर्ष पर रखते हुए आए हैं और आगे भी रखते हैं। कुल मिलाकर, भाजपा का यह राजनीतिक दुर्भावना से ग्रसित है।

उन्होंने आगे कहा कि मैं पिछले कुछ समय से यह देख रहा हूं कि भाजपा के लोग हमारे नेता राहुल गांधी के बर्लिन दौरे को लेकर सवाल उठा रहे हैं, जबकि यह सवाल पूरी तरह से अप्रासंगिक हैं। राहुल गांधी बर्लिन जाए या किसी अन्य विदेश दौरे पर जाएं, इससे आपको क्या लेना-देना है? यह उनका अपना व्यक्तिगत विषय है। उनके पास अपना पासपोर्ट हैं, अन्य दस्तावेज मौजूद हैं। ऐसी स्थिति में उनका अधिकार है, वे कहीं भी जा सकते हैं। भाजपा को इस संबंध में किसी भी प्रकार का सवाल पूछने का कोई अधिकार नहीं बनता है।

आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि अब राहुल गांधी ने बर्लिन में जो कहा है, उसे लेकर किसी को भी आपत्ति नहीं होनी चाहिए। राहुल गांधी ने चीन के आर्थिक विकास का जिक्र किया। इसके अलावा, उन्होंने भारत में मौजूदा समय में भाजपा के शासनकाल में संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने की जा रही कोशिश का भी जिक्र किया।



# महिला सुपर स्मैश में रन गति बढ़ाने के लिए न्यूज़ीलैंड क्रिकेट ने लागू किया बोनस प्वाइंट का सिस्टम

**वेलिंगटन,23 दिसंबर (एजेंसियां)।**

न्यूज़ीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने महिला सुपर स्मैश के मौजूदा सत्र के लिए अंक प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए बोनस प्वाइंट सिस्टम लागू करने का फैसला किया है। इसका उद्देश्य मैचों में स्कोरिंग रेट बढ़ाना और घरेलू क्रिकेट को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाना है।

नई व्यवस्था के तहत लीग चरण में जीत के लिए मिलने वाले चार अंकों के अलावा, प्रत्येक मैच में टीम एक अतिरिक्त बोनस प्वाइंट भी हासिल कर सकेगी। यह बोनस प्वाइंट तब मिलेगा जब कोई टीम 150 रन या उससे अधिक का स्कोर करेगी—चाहे वह पहले बल्लेबाजी करे या लक्ष्य का पीछा करते हुए। इसके अलावा, दूसरी पारी में विरोधी टीम की तुलना में 1.25 गुना से अधिक रन रेट हासिल करने पर भी बोनस प्वाइंट दिया जाएगा। हालांकि, एक मैच में एक टीम अधिकतम एक ही बोनस प्वाइंट अर्जित कर सकती है। एनजेडसी के अनुसार, यह फैसला अंतरराष्ट्रीय और घरेलू टूर्नामेंटों के आंतरिक विश्लेषण के बाद लिया गया है, जिसमें यह सामने आया कि वैश्विक स्तर पर स्कोरिंग रेट, बाउंड्री प्रतिशत और पहली पारी के औसत स्कोर में लगातार इजाफा हो रहा है। इससे यह स्पष्ट होता है कि टी20 क्रिकेट में प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन की परिभाषा बदल रही है।

**फ्रैन जोनास ने सुपर स्मैश से नाम वापस लिया** – इस बीच, आकलैंड और न्यूज़ीलैंड की बाएं हाथ की स्पिनर फ्रैन जोनास महिला सुपर स्मैश में हिस्सा नहीं लेंगी। वह अगले छह हफ्तों तक अपनी गेंदबाजी तकनीक में सुधार पर काम करेंगी और फरवरी में होने वाली हैलिबर्टन जानस्टोन शील्ड के दूसरे चरण में वापसी का लक्ष्य रखेंगी।

एनजेडसी की महिला हाई परफार्मेंस प्रमुख लिज़ ग्रीन ने कहा, इस समय मैच दबाव से दूर रहना फ्रैन के लिए सबसे सही फैसला है। वह व्हाइट फर्न्स की योजनाओं का अहम हिस्सा हैं और उन्हें एनजेडसी व आकलैंड क्रिकेट का पूरा समर्थन हासिल है। इस परिपक्व निर्णय के लिए वह सराहना की हकदार हैं।

**पिछले सत्र के आंकड़े** – पिछले सीजन में 32 मैचों में केवल छह बार पहली पारी में टीमों ने 150 रन का आंकड़ा पार किया था। सर्वाधिक टीम स्कोर 171 रहा। 140 से 149 के बीच कोई स्कोर नहीं बना, जबकि 131 से 140 के बीच आठ स्कोर दर्ज किए गए। वहीं, 17 पारियों में—जिनमें कुछ बारिश से प्रभावित मैच भी शामिल थे—पहली पारी का स्कोर 130 या उससे कम रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### नेमार की सर्जरी सफल, फीफा वर्ल्ड कप 2026 में ब्राजील टीम में वापसी की उम्मीद

**साओ पाउलो।** ब्राज़ील के स्टार फुटबालर नेमार की बाएं घुटने की सफल सर्जरी हुई है। नेमार के घुटने में मेनिस्कस की चोट थी, जिसे ठीक करने के लिए आर्थ्रोस्कोपिक सर्जरी की गई। उनके क्लब सैंटोस ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। 33 वर्षीय नेमार के लिए यह सीजन काफी चुनौतीपूर्ण रहा। उन्होंने चोट के बावजूद खेलते हुए सैंटोस को ब्राज़ील की शीर्ष लीग में रेलिगेशन से बचाने में अहम भूमिका निभाई। यह सर्जरी ब्राज़ील की राष्ट्रीय टीम के डाक्टर ने की, जो इससे पहले भी नेमार के पैर की हड्डी में फ्रैक्चर और अक्टूबर 2023 में उरुग्वे के खिलाफ मैच के दौरान हुए एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) के आपरेशन कर चुके हैं। नेमार के लगभग एक महीने में फिट होने की उम्मीद है। उनका सैंटोस के साथ मौजूदा अनुबंध साल के अंत में समाप्त हो रहा है, हालांकि क्लब के साथ नए करार को लेकर बातचीत जारी है। पूर्व बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन स्टार नेमार पिछले दो साल से ब्राज़ील की राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं खेले हैं, लेकिन वह फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए कोच कार्लो एंचेलोटी की योजनाओं में शामिल होने की उम्मीद कर रहे हैं। गौरतलब है कि नेमार ब्राज़ील के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने अब तक 128 मैचों में 79 गोल दागे हैं।



### नेपोली ने बोलोन्या को 2-0 से हराकर जीता इटैलियन सुपर कप का खिताब



**जेद्दा।** इटली के मौजूदा सेरी ए चैंपियन नेपोली ने सोमवार को इटैलियन सुपर कप का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में नेपोली ने बोलोन्या को 2-0 से हराया। यह मैच सऊदी अरब के जेद्दा स्थित अल-अव्वाल पार्क में खेला गया। यह नेपोली का इटैलियन सुपर कप में तीसरा खिताब है। इससे पहले टीम ने 1990 और 2014 में यह ट्राफी जीती थी। ब्राजीलियाई विंगर डेविड नेरेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों गोल दागे। उन्होंने पहले हाफ में दूर से बेहतरीन कर्लिंग शाट लगाकर नेपोली को बढ़त दिलाई। इसके बाद दूसरे हाफ में बोलोन्या के गोलकीपर फेडेरिको रावाग्लिया की कमजोर पास को इंटरसेप्ट कर नेरेस ने दूसरा गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। नेरेस ने इस टूर्नामेंट में कुल तीन गोल किए। इससे पहले उन्होंने एसी मिलान के खिलाफ खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में भी 2-0 की जीत के दौरान एक गोल किया था। मैच के बाद नेपोली के कोच एंटोनियो कान्टे ने कहा, खिलाड़ियों को बधाई दी जानी चाहिए। उन्होंने दिखा दिया कि वे इस ट्राफी को फैंस के लिए कितना जीतना चाहते थे। अब हमारे पास जश्न मनाने का एक और बड़ा मौका है। परंपरागत रूप से सेरी ए और इटैलियन कप विजेता के बीच खेले जाने वाला इटैलियन सुपर कप, वर्ष 2023 से लीग और कप के उपविजेता टीमों को भी शामिल कर चार टीमों का टूर्नामेंट बना दिया गया है। यह टूर्नामेंट 2029 तक सऊदी अरब में आयोजित किया जाएगा। नेपोली फिलहाल सेरी ए तालिका में शीर्ष पर मौजूद इंटर मिलान से दो अंक पीछे है और रविवार को क्रेमोनेसे के खिलाफ अपना अगला लीग मुकाबला खेलेगी। बोलोन्या का सामना घरेलू मैदान पर सासुओलो से होगा।

### बीसीसीआई ने अंडर-19 एशियाकप में खराब प्रदर्शन पर कोच और कप्तान से जवाब मांगा

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया कप अंडर-19 के फाइनल में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन पर टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे और टीम के मुख्य कोच ऋषिकेश कानिटकर से जवाब मांगा है। भारतीय टीम को फाइनल में करारी हार का सामना करना पड़ा था जिससे प्रशंसकों में निराशा का भाव है। इसके बाद से ही बीसीसीसी के सभी सदस्यों ने टीम के कमजोर प्रदर्शन की समीक्षा की मांग की थी। जिसे बीसीसीसी ने मान लिया है। फाइनल में भारतीय टीम को 191 रनों से हार मिली थी। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज दोनो ही विफल रहे थे। वहीं इससे पहले के सभी मैच भारतीय टीम जीती थी। ग्रुप स्तर पर हावी रही भारतीय टीम ने तब पाक को भी हराया था पर फाइनल में वह नाकाम रही। ये समीक्षा इसलिए भी की गयी ताकि अगले साल 2026 में होने वाले अंडर-19 विश्व कप से पहले टीम को हो रही परेशानी को हल किया जाये। पाकिस्तान की टीम ने फाइनल में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में ही प्रभाव जमाया और भारतीय टीम को कोई अवसर नहीं दिया। भारतीय टीम के गेंदबाजों के सामने पाक ने 347 रन बनाये और इसके बाद भारतीय टीम को 26 ओवरों में ही समेट दिया।

# फार्मूला 1 वार्षिकी : मोटरस्पोर्ट के लिए ऐतिहासिक साल, भारत में बढ़ी लोकप्रियता

**नई दिल्ली,23 दिसंबर (एजेंसियां)।**

**फार्मूला 1 ने वर्ष 2025 में भारतीय उपमहाद्वीप में अभूतपूर्व लोकप्रियता हासिल की है। भारत में इस खेल के प्रशंसकों की संख्या बढ़कर रिकार्ड 7.88 करोड़ तक पहुंच गई है। यह ऐतिहासिक वृद्धि ऐसे सीज़न के साथ आई है, जिसे शानदार प्रदर्शन, रोमांचक मुकाबलों और आख़िरी रेस तक खिंची ड्राइवर्स चैंपियनशिप की लड़ाई ने यादगार बना दिया।**



मोनाको में कुश मैनी की जुझारू जीत और आर्विड लिंडब्लाड का फार्मूला 1 ग्रिड तक पहुंचना इस सीज़न की खास झलकियां रहीं। वहीं, 15 वर्षों में सबसे करीबी फिनाले में लैंडो नारिस की खिताबी जीत ने दुनिया भर के फैंस को रोमांचित कर दिया। 2025 का अभियान फार्मूला 1 के आधुनिक इतिहास में एक क्लासिक के रूप में दर्ज होगा। लैंडो नारिस ने अपने करियर का पहला विश्व खिताब जीतकर इतिहास रचा, जबकि मैकलारेन की शीर्ष पर वापसी ने लंबे समय से चला आ रहा खिताबी सूखा खत्म किया। वैश्विक स्तर पर भी इस खेल की लोकप्रियता नए शिखर पर पहुंची, जहां रिकार्ड 67 लाख दर्शकों ने दुनियाभर में रेस ट्रैक्स पर पहुंचकर मुकाबलों का आनंद लिया।

भारतीय बाजार के लिहाज़ से फार्मूला 1 से जुड़ाव पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है। रिकार्ड व्यूअरशिप ने भारत को खेल की वैश्विक रणनीति का अहम स्तंभ बना दिया है। इसके साथ ही फैनकोड के साथ एक्सक्लूसिव ब्राडकास्ट पार्टनरशिप का 2028 तक विस्तार भारतीय फैंस के लिए बड़ी राहत और उत्साह की खबर है, जिससे वे आने वाले वर्षों में भी इस रोमांच से जुड़े रहेंगे। 2025 का सीज़न केवल ट्रैक पर रोमांच तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने 2026 में भारतीय प्रतिभाओं की वैश्विक मंच पर दमदार वापसी की नींव भी रखी। तकनीकी समस्याओं से जूझने के बावजूद कुश मैनी ने इनविक्टा रेसिंग के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को फार्मूला 2 कंस्ट्रक्टर्स खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। मोनाको ग्रां प्री की प्रतिष्ठित स्प्रिंट रेस में उनकी यादगार जीत भारतीय मोटरस्पोर्ट के लिए गर्व का पल रही। पोस्ट-सीज़न टेस्टिंग में अल्पाइन के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद अब कुश, अपने नए फार्मूला 2 टीम एआरटी ग्रां प्री के साथ शीर्ष स्तर तक पहुंचने की तैयारी में हैं। वहीं, रेड बुल जूनियर टीम के उभरते सितारे आर्विड लिंडब्लाड, जिनकी जड़ें भारत से जुड़ी हैं, को रेसिंग बुल्स टीम में प्रमोशन मिला है। 2025 में उनके शानदार रेसक्राफ्ट और रफ्तार ने सभी का ध्यान खींचा। 2026 में फार्मूला 1 ग्रिड पर उनकी एंट्री भारतीय फैंस के लिए एक नया नायक लेकर आएगी, जो नई तकनीकी नियमावली के तहत दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्राइवर्स को चुनौती देंगे। फार्मूला 1 अब दुनिया का सबसे लोकप्रिय वैश्विक खेल बन चुका है, जिसकी फैनबेस दूसरे सबसे बड़े खेल एनबीए से 11.4 प्रतिशत अधिक है। सोशल मीडिया पर भी यह खेल लगातार पांचवें साल सबसे तेजी से बढ़ने वाला ग्लोबल स्पोर्ट्स लीग रहा है, जहां फार्मूला 1 प्लेटफार्म्स पर 2.3 अरब से ज्यादा एंगेजमेंट्स दर्ज किए गए—एनबीए, यूएफा चैंपियंस लीग, एनएफएल और प्रीमियर लीग से भी आगे। ट्रैक से बाहर भी फार्मूला 1 ने बड़ी सफलता हासिल की। फार्मूला 1 द मूवी ने बाक्स आफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए एप्पल की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म और इतिहास की सबसे सफल स्पोर्ट्स मूवी का दर्जा हासिल किया। 630 मिलियन डालर से अधिक की वैश्विक कमाई के साथ यह फिल्म अमेरिका और कनाडा के बाहर 78 बाजारों में 44,000 से ज्यादा स्क्रीन्स पर दिखाई गई। इसका असर युवा दर्शकों पर भी दिखा, जहां इस साल कुल फैनबेस का 43 प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम उम्र का रहा। अब नजरें 2026 के नए नियमों पर टिकी हैं, जहां सस्टेनेबल फ्यूल्स और नए पावर यूनिट्स के साथ खेल एक नए युग में प्रवेश करेगा। आडी और कैडिलैक की ग्रिड में एंट्री और लिंडब्लाड व कुश मैनी जैसे युवा चेहरों में तिरंगे की उम्मीदें—फार्मूला 1 का अगला अध्याय भारतीय फैंस के लिए बेहद खास और रोमांचक होने वाला है।

# आईसीसी रैंकिंग : दीप्ति शर्मा बनीं नंबर 1 टी-20 गेंदबाज़



**नई दिल्ली,23 दिसंबर (एजेंसियां)।**

भारतीय महिला टीम की आलराउंडर दीप्ति शर्मा ने अपने करियर में पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टी-20 गेंदबाज़ों की रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज़ के पहले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के दम पर हासिल की। आईसीसी की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, विशाखापत्तनम में खेले गए इस मैच में दीप्ति ने चार ओवर में सिर्फ 20 रन देकर एक विकेट लिया था। आस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड अगस्त से टी-20 गेंदबाज़ों की रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई थीं लेकिन दीप्ति के इस प्रदर्शन ने उन्हें पीछे छोड़ दिया। भारत की आठ विकेट की जीत के बाद दीप्ति को पांच रेटिंग अंक का फायदा हुआ और अब वह सिर्फ एक अंक की बढ़त के साथ नंबर-1 स्थान पर काबिज हैं। वहीं, वनडे बल्लेबाज़ों की रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लारा वोलवार्ड्ट ने स्मृति मंधाना से नंबर-1 का ताज वापस छीन लिया है। आयरलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज़ के आखिरी मैच में शानदार शतक जड़ने के बाद वोलवार्ड्ट शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ अंतिम दो मैचों में लगातार शतक लगाए और दक्षिण अफ्रीका ने यह सीरीज़ 3-0 से अपने नाम की। इस प्रदर्शन के साथ वोलवार्ड्ट ने करियर का सर्वश्रेष्ठ रेटिंग स्कोर भी हासिल किया। स्मृति मंधाना अब वनडे बल्लेबाज़ों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं। भारतीय टीम की अन्य खिलाड़ियों को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। अरुंधति रेड्डी टी-20 गेंदबाज़ों की सूची में पांच स्थान की छलांग लगाकर 36वें नंबर पर पहुंच गई हैं। वहीं, जेमिमा रोड्रिग्स टी-20 बल्लेबाज़ों की रैंकिंग में पांच स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गई हैं। श्रीलंका के खिलाफ नाबाद अर्धशतक के लिए जेमिमा को प्लेयर आफ द मैच चुना गया था। वह अब टाप-10 टी-20 बल्लेबाज़ों में शामिल हो गई हैं, जहां उनके साथ स्मृति मंधाना (तीसरे) और शैफाली वर्मा (10वें) स्थान पर मौजूद हैं। दक्षिण अफ्रीका की सुने लूस ने भी वनडे रैंकिंग में सुधार किया है। वह वनडे बल्लेबाज़ों की सूची में सात स्थान की छलांग लगाकर 34वें और वनडे आलराउंडरों की रैंकिंग में 11 स्थान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

**गियोवानी डी लारेंजो इटालियन सुपर कप जीतने के बाद ट्रॉफी उठाये हुए**



रियाद में नेपोली क्लब के डिफेंडर गियोवानी डी लारेंजो इटालियन सुपर कप जीतने के बाद ट्रॉफी उठाये हुए। इस दौरान उनके साथ पूरी टीम नजर आयी।

# बाक्सिंग डे टेस्ट के लिए मर्फी और रिचर्डसन टीम में शामिल, नाथन लियोन की होगी सर्जरी

**मेलबर्न, 23 दिसंबर (एजेंसियां)।**



आस्ट्रेलिया को बाक्सिंग डे टेस्ट से पहले बड़ा झटका लगा है। अनुभवी आफ स्पिनर नाथन लियोन चोट के कारण चौथे एशेज टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह 25 वर्षीय आफ स्पिनर टाड मर्फी को 15 सदस्यीय आस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। वहीं तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन भी चार साल बाद टेस्ट टीम में वापसी की दहलीज पर हैं।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने पुष्टि की है कि 38 वर्षीय नाथन लियोन को एडिलेड टेस्ट के आखिरी दिन फील्डिंग के दौरान दाहिनी हैमस्ट्रिंग में गंभीर चोट लगी थी। विशेषज्ञ से परामर्श के बाद उनके सर्जरी कराने का फैसला लिया गया है, जिसके चलते वह लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहेंगे।

**मर्फी को मिली प्राथमिकता** – लियोन के विकल्प के तौर पर टाड मर्फी को मैथ्यू कूनमैन, कोरी रोचिचियोली और अनुभवी लेग स्पिनर मिचेल स्वीपसन पर तरजीह दी गई है। मर्फी अब तक खेले गए सात टेस्ट में 22 विकेट ले चुके हैं, सभी टेस्ट विदेश में रहे हैं। इसके अलावा मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर शील्ड क्रिकेट में उनके आंकड़े भी प्रभावशाली रहे हैं।

अगर मर्फी एमसीजी टेस्ट खेलते हैं, तो यह 14 साल में पहला मौका होगा, जब आस्ट्रेलिया घरेलू टेस्ट में नाथन लियोन के अलावा किसी अकेले विशेषज्ञ स्पिनर को उतारेगा।

**कप्तान कमिंस भी बाहर** – आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस पीठ की चोट के चलते चौथा टेस्ट नहीं खेलेंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बताया कि यह फैसला उनके वर्कलोड मैनेजमेंट प्लान के तहत लिया गया है। उनकी अनुपस्थिति में स्टीव स्मिथ एक बार फिर कप्तानी संभालेंगे।

**बल्लेबाजी और तेज गेंदबाजी में बदलाव संभव** – कमिंस के बाहर होने से तेज गेंदबाजी आक्रमण में एक स्थान खाली हुआ है, जिसके लिए ब्रेंडन डागेट, माइकल नेसर और झाय रिचर्डसन के बीच मुकाबला है। रिचर्डसन हाल ही में कंधे की सर्जरी से लौटे हैं और उनका टेस्ट में खेलना तय नहीं माना जा रहा।

बल्लेबाजी में भी टीम चयन को लेकर मंथन जारी है। उस्मान ख्वाजा ने तीसरे टेस्ट में 82 और 40 रनों की पारियां खेलकर वापसी को मजबूत किया है, जबकि जोश इंग्लिस नंबर 7 पर अभी तक खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं।

**पिच पर स्पिन की भूमिका** – एमसीजी के क्यूरेटर मैट पेज ने संकेत दिए हैं कि इस बार पिच पर स्पिन गेंदबाजों को भी मदद मिल सकती है, जैसा कि हाल ही में शील्ड मैच और भारत के खिलाफ टेस्ट में देखने को मिला था।

**आस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम** – स्टीव स्मिथ (कप्तान), स्काट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डागेट, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, टाड मर्फी, माइकल नेसर, झाय रिचर्डसन, मिचेल स्टार्क, जेक वेदराल्ड, ब्यू वेबस्टर।

# जूनियर वर्ल्ड कप के हीरो सुनील पीबी पर कर्नाटक की हाकी विरासत आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली,23 दिसंबर (एजेंसियां)।**

कर्नाटक की धरती ने भारतीय हाकी को कई दिग्गज खिलाड़ी दिए हैं। एमपी गणेश, एमएम सोमैया, एबी सुब्बैया, आशीष बल्लाल, अर्जुन हलप्पा जैसे दिग्गजों से लेकर हाल के वर्षों में वीआर रघुनाथ, एसके उथप्पा, निक्किन थिमैया और एसवी सुनील तक ने भारतीय हाकी में कर्नाटक की मजबूत पहचान बनाई है। 2016 के रियो ओलंपिक में भी इन चार खिलाड़ियों ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था। अब इसी विरासत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी उभरते हुए खिलाड़ी पीबी सुनील के कंधों पर आ गई है।

हालांकि, कर्नाटक के मोहम्मद रहील, अभरण सुदेव और एचएस मोहित जैसे खिलाड़ी सीनियर कोर ग्रुप और राष्ट्रीय टीम के लिए संघर्ष करते रहे हैं, लेकिन हाल ही में पुरुष जूनियर हाकी विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम में सुनील के शानदार प्रदर्शन ने राज्य की हाकी को फिर से नई उम्मीद दी है।




शिवमोग्गा जिले के सोराब तालुक के अनावत्ती गांव जैसे छोटे से कस्बे से निकलकर सुनील ने 10 साल की उम्र में अपने जिले के स्पोर्ट्स हास्टल से हाकी की शुरुआत की थी। कृषि क्षेत्र में दिहाड़ी मजदूरी करने वाले माता-पिता के लिए सुनील की यह सफलता किसी उम्मीद की किरण से कम नहीं है।

सुनील को हाकी इंडिया लीग में वेदांता कलिंगा लांसर्स ने 2 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया है। लीग में अच्छे प्रदर्शन के महत्व को समझते हुए सुनील ने कहा, जूनियर वर्ल्ड कप मेरे लिए सपने के सच होने जैसा था, लेकिन अब वह अतीत बन चुका है। अब मेरा पूरा ध्यान कलिंगा लांसर्स के लिए अच्छा प्रदर्शन करने पर है। टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है और इस सीजन मुझे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

कर्नाटक की समृद्ध हाकी विरासत पर बात करते हुए सुनील ने कहा, जब मैंने हाकी खेलना शुरू किया था, तब मुझे न तो इस खेल की ज्यादा जानकारी थी और न ही कर्नाटक के योगदान के बारे में। लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर आने के बाद मुझे अपने कंधों पर आई जिम्मेदारी का अहसास हुआ है, जो मुझे राज्य के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों की तरह कुछ हासिल करने के लिए प्रेरित करता है।

डिफेंडर के तौर पर खेलने वाले सुनील को हाकी इंडिया लीग में बेल्जियम के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता आर्थर वान डोरेन और एलेक्जेंडर हेंड्रिक्स जैसे दिग्गजों के साथ खेलने का मौका मिलेगा, जिसे लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, एक डिफेंडर के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से सीखने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। आर्थर और एलेक्स दोनों ही शानदार डिफेंस, बेहतरीन गेम नालेज और पेनल्टी कार्नर डिफेंस में माहिर हैं। सुनील ने आगे कहा कि वह सिर्फ मैदान पर ही नहीं, बल्कि उनसे मैच की तैयारी, मैदान के बाहर व्यवहार और मानसिक रूप से खुद को तरोताजा रखने के तरीके भी सीखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, एक महीने की हाकी इंडिया लीगके दौरान किसी अंतरराष्ट्रीय स्टार के इतना करीब रहने का मौका मिलना बड़ी बात है और इससे बेहतर मंच कोई नहीं हो सकता।




# सिप्ला ने भारत में लॉन्च की पहली इनहेल्ड इंसुलिन अफ्रेजा

**डायबिटीज पीड़ित वयस्कों के लिए इंजेक्शन का नया विकल्प, सांस के जरिए ली जाने वाली इंसुलिन**

**नई दिल्ली,23 दिसंबर (एजेंसियां)।**

दवा कंपनी सिप्ला ने भारत में डायबिटीज से पीड़ित वयस्कों के लिए इनहेल्ड इंसुलिन 'अफ्रेजा' को लॉन्च करने की घोषणा की है। इसके साथ ही अफ्रेजा भारत में व्यावसायिक रूप से उपलब्ध होने वाली पहली ऐसी इंसुलिन बन गई है, जिसे इंजेक्शन की बजाय सांस के जरिए लिया जाता है। कंपनी के अनुसार उसे पिछले साल के अंत में इस दवा के विशेष वितरण और विपणन के लिए केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) से नियामकीय मंजूरी मिली थी। अफ्रेजा एक तेजी से असर करने वाली इंसुलिन है, जिसे मुंह से सांस के जरिए लिया जाता है। इसका निर्माण अमेरिका की मैनकाइंड कॉर्पोरेशन द्वारा किया जाता है। यह दवा एक बार इस्तेमाल किए जाने वाले कार्ट्रिज में उपलब्ध होती है, जिसे एक छोटे, हाथ में पकड़े जाने वाले इनहेलर उपकरण के माध्यम से लिया जाता है।

कंपनी के मुताबिक, इंसुलिन लेने के बाद यह तेजी से घुल जाती है और लगभग 12 मिनट के भीतर ब्लड ग्लूकोज को कम करना शुरू कर देती है। इस उपचार की शुरुआत आमतौर पर दिन के प्रमुख भोजन के साथ की जाती है और मरीज की क्लीनिकल जरूरतों के अनुसार इसकी खुराक को समायोजित किया जा सकता है। सिप्ला ने बताया कि यह इनहेल्ड फॉर्मूलेशन टाइप 1 और टाइप 2 डायबिटीज से पीड़ित वयस्कों के लिए इंजेक्टेबल प्रैंडियल इंसुलिन का एक वैकल्पिक विकल्प है। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि इंजेक्शन से जुड़ी चिंता, इलाज की जटिलता और व्यवहार संबंधी कारणों के चलते कई मरीज इंसुलिन थेरेपी शुरू करने में देरी करते हैं या बीच में छोड़ देते हैं। ऐसे में अफ्रेजा जैसे विकल्प इंसुलिन उपचार को अधिक स्वीकार्य बना सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री हुई 18 लाख यूनिट, जीएसटी कटौती का असर



**नई दिल्ली।** नवंबर महीने में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर करीब 18 लाख यूनिट तक पहुंच गई। बिक्री के आंकडे में आए इस उछाल को जीएसटी कटौती के सकारात्मक असर के रुप में देखा जा रहा है। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती और कंपनियों द्वारा डीलरों को दिए गए आकर्षक ऑफर्स के चलते त्योहारी सीजन के बाद भी शोरूम में ग्राहकों की आवाजाही बनी रही, जिससे डीलरों ने इन्वेंट्री दोबारा भरने पर जोर दिया। आईसीआरए का मानना है कि इन सकारात्मक कारकों का असर आगे भी देखने को मिल सकता है। रेटिंग एजेंसी ने अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2026 में दोपहिया वाहनों की वॉल्यूम ग्रोथ 6 से 9 प्रतिशत के बीच रह सकती है। इसमें जीएसटी कटौती, शहरी क्षेत्रों में खपत बढ़ने और सामान्य मानसून के चलते ग्रामीण मांग में सुधार से मदद मिलने की उम्मीद है। हालांकि, थोक बिक्री के उलट नवंबर में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में गिरावट दर्ज की गई। सालाना आधार पर रिटेल बिक्री 9.1 प्रतिशत घटी है। इसकी मुख्य वजह यह बताई गई है कि अक्टूबर में दशहरा और दीपावली जैसे बड़े त्योहारों के दौरान बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, जिससे नवंबर में स्वाभाविक गिरावट देखने को मिली। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि शादी के मौजूदा सीजन और जीएसटी कटौती के सकारात्मक असर से डीलरों को ग्राहकों से लगातार अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में नवंबर में सालाना आधार पर 1.4 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई और इनकी बिक्री 1,17,335 यूनिट रही। वित्त वर्ष 2026 के पहले आठ महीनों में कुल दोपहिया बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 6-7 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) के आंकड़ों के अनुसार, खुदरा बिक्री में सुधार के चलते इन्वेंट्री का स्तर भी बेहतर हुआ है। सितंबर के अंत में जहां इन्वेंट्री करीब 60 दिनों की थी, वहीं नवंबर 2025 तक यह घटकर 44-46 दिनों पर आ गई।

### भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में संस्थागत निवेश 10 अरब डॉलर से अधिक होगा



**मुंबई।** भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में संस्थागत निवेश 2025 में 10 अरब डॉलर से अधिक होगा है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि 2025 में रियल एस्टेट में कुल 77 लेनदेन देखने को मिले हैं और इस दौरान कुल 10.4 अरब डॉलर का निवेश हुआ है। यह लगातार दूसरा साल है, जब रियल एस्टेट में रिकॉर्ड निवेश हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया हैं कि यह आंकड़ा बीते साल के मुकाबले 17 प्रतिशत अधिक है और 2024 में सेक्टर में कुल संस्थागत निवेश 8.9 अरब डॉलर रहा था। 2025 में निवेश के अलावा कुल 11.43 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता देखने को मिली है और यह निवेश अगले 3-7 वर्षों के दौरान देश के रियल एस्टेट सेक्टर में आएगा। रियल एस्टेट सेक्टर की जानकार ने कहा, '2014 के बाद पहली बार, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 52 प्रतिशत की मजबूत बाजार हिस्सेदारी हासिल की है। साथ ही, 2025 में मुख्य परिसंपत्ति अधिग्रहण में दोगुनी वृद्धि यह दिखाती है कि निवेशक न केवल भारत की ग्रोथ स्टोरी पर दांव लगा रहे हैं, बल्कि हमारी स्थिर, आय-सृजन करने वाली संपत्तियों के माध्यम से सक्रिय रूप से दीर्घकालिक संपत्ति का निर्माण कर रहे हैं।

### नवंबर में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि घटकर 1.8 प्रतिशत पर



**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि नवंबर 2025 में घटकर 1.8 प्रतिशत रह गई, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 5.8 प्रतिशत थी। कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली के उत्पादन में कमजोरी इसके मुख्य कारण रहे। अक्टूबर में इन उद्योगों का उत्पादन 0.1 प्रतिशत घटा था। अप्रैल-नवंबर 2025-26 में आठ प्रमुख उद्योगों का कुल उत्पादन 2.4 प्रतिशत बढ़ा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में वृद्धि 4.4 प्रतिशत थी। इससे पता चलता है कि इस वर्ष उद्योगों की वृद्धि पिछली अवधि की तुलना में धीमी रही। नवंबर में कोयला और इस्पात उत्पादन में नरमी आई।


# वाणिज्य मंत्रालय न्यूजीलैंड सहित 3 देशों के साथ व्यापार समझौता करने में कामयाब रहा

**वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में भारत का अबतक का सर्वश्रेष्ठ निर्यात प्रदर्शन**

**नई दिल्ली,23 दिसंबर (एजेंसियां)।**

भारत और न्यूजीलैंड ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत संपन्न होने की सोमवार को घोषणा की। इसके साथ ही भारत इस साल तीन बड़े व्यापार समझौता करने में कामयाब रहा। इस साल जुलाई में सबसे पहले ब्रिटेन के साथ भारत का व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) हुआ। जिसके बाद भारत ने इसी महीने 18 दिसंबर को ओमान के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) पर हस्ताक्षर किया। न्यूजीलैंड के साथ एफटीए के बाद भारत के केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि ये व्यापक और भविष्य की ओर देखने वाला मुक्त व्यापार समझौता है, यह हमारे किसानों और डेयरी को बढ़ावा देगा। उन्होंने बताया कि ये 9 महीने में किया गया एफटीए है, जो पिछले 5 सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भारत की 7वीं सबसे बड़ी ट्रेड डील है। खास बात ये है कि भारत ने ये सभी समझौता विकसित देशों के साथ किया है। भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत पूरी होने पर पीयूष गोयल ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हम अमेरिका के साथ अपनी बातचीत में पहले ही उन्नत चरण में हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका के उप-व्यापार प्रतिनिधि रिक स्विट्जर अपने दल के साथ हाल में व्यापार वार्ता की समीक्षा के लिए भारत आए थे। दो दिवसीय बातचीत 11 दिसंबर को पूरी हुई। उन्होंने कहा कि हमारे व्यापारियों, निर्यातकों, एमएसएमई, किसानों, महिला उद्यमियों, युवाओं और प्रोफेशनल्स को बेहतर अवसर मिलेंगे।

वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ निर्यात प्रदर्शन देश के निर्यात इकोसिस्टम को बदलने के लिए 25,060 करोड़ रुपये के मिशन का अनावरण और ब्रिटेन के साथ सीईटीए समझौते से भारतीय वस्तुओं और सेवाओं की बाजार




तक पहुंच में बड़ा उछाल आया। वाणिज्य मंत्रालय के डिजिटल सुधार से व्यापार अनुपालन और इंटेलीजेंस को सुव्यवस्थित किया गया। जेईएम 16.41 लाख करोड़ रुपये के जीएमवी के साथ भारत का सबसे बड़ा खरीद मंच बनकर उभरा है। इसके अलावा अमेरिका, यूरोपीय संघ, जीसीसी और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में भारत की बढ़ती भागीदारी के साथ विदेशी व्यापार समझौतों (एफटीए) को गति मिली। वर्ल्ड एक्सपो ओसाका 2025 में मिली प्रमुख मान्यता के साथ भारत को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली।

**भारत का अबतक का व्यापार प्रदर्शन** - भारत ने विदेश व्यापार में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। देश का कुल निर्यात (वस्तु और सेवाएं) वित्त वर्ष 2024-25 में 825.25 अरब यूएस डॉलर के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो 6.05 फीसदी की मजबूत सालाना बढ़ोतरी प्रदर्शित करता है। यह तेज चाल चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भी जारी रही, जिसमें अप्रैल-सितंबर 2025 के दौरान निर्यात बढ़कर 418.91 अरब यूएस डॉलर हो गया, जो बीते वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले 5.86 फीसदी की बढ़ोतरी है, यह भारत के निरंतर बढ़ते निर्यात पथ को और सुदृढ़ करता है। विशेष तौर पर वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर 2025) के दौरान भारत का व्यापार प्रदर्शन अब तक का उच्चतम रिकॉर्ड है। साथ ही वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2025) और दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2025) दोनों ने अपनी-अपनी तिमाहियों में अब तक का उच्चतम स्तर दर्ज किया है। मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 में भी यह रुझान सकारात्मक तौर पर जारी रहा, अप्रैल-सितंबर 2025 के दौरान माल निर्यात बढ़कर 219.88 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो बीते वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले 2.90 फीसदी अधिक है। अप्रैल-सितंबर 2025 के दौरान निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं (41.94 फीसदी), इंजीनियरिंग वस्तुएं (5.35 फीसदी), दवाएं और फार्मास्यूटिकल्स (6.46 फीसदी), समुद्री उत्पाद (17.40 फीसदी) और चावल (10.02 फीसदी) शामिल हैं, जिन्होंने मिलकर भारत के मजबूत हो रहे निर्यात को गति दी। इसके अलावा भारत के निर्यात प्रदर्शन को अमेरिका (13.34 फीसदी), संयुक्त अरब अमीरात (9.34 फीसदी), चीन (21.85 फीसदी), स्पेन (40.30 फीसदी) और हॉन्ग कॉन्ग (23.53 फीसदी) जैसे निर्यात स्थलों से भरपूर सहयोग मिला, जिनमें से प्रत्येक ने बीते वित्त वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले अप्रैल-सितंबर 2025 में मजबूत बढ़ोतरी दर्ज की है।

**मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत** - वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत और न्यूजीलैंड ने एक व्यापक, संतुलित और भविष्योन्मुखी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) किया है, विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह किसी विकसित देश के साथ भारत के सबसे तेजी से पूरे किए गए मुक्त व्यापार समझौते में से एक है। दरअसल हाल ही में हुए कई व्यापार समझौतों के जरिए भारत की वैश्विक आर्थिक साझेदारियों को महत्त्वपूर्ण गति मिली है, जो इसके निर्यात परिदृश्य को नया आकार दे रहे हैं। इससे पहले ऐतिहासिक भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) भारत के निर्यात के 99 फीसदी हिस्से को शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करता है, जिससे साल 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार के 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का रास्ता मिलता है।

# विदेश भेजे जाने वाले धन में सालाना आधार पर 1.81 प्रतिशत की गिरावट



**नई दिल्ली,23 दिसंबर (एजेंसियां)।**

**यात्रा और शिक्षा खर्च घटे, लेकिन विदेशी निवेश में तेज उछाल**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की उदारीकृत धनप्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत अक्टूबर 2025 में विदेश भेजे जाने वाले धन में सालाना आधार पर 1.81 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। आरबीआई के ताजा आंकड़ों के अनुसार यह धनप्रेषण एक साल पहले के 2.40 अरब डॉलर की तुलना में घटकर 2.35 अरब डॉलर रह गया। अंतरराष्ट्रीय यात्रा और विदेश में शिक्षा पर खर्च कम होने से कुल धनप्रेषण में कमी आई, हालांकि विदेश में निवेश बढ़ने से गिरावट कुछ हद तक थमी है।

एलआरएस के तहत कुल धनप्रेषण में अंतरराष्ट्रीय यात्रा की हिस्सेदारी लगभग 60 प्रतिशत होती है। अक्टूबर 2025 में अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर खर्च सालाना आधार पर 7.02 प्रतिशत घटकर 1.35 अरब डॉलर रह गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 1.45 अरब डॉलर था। इसी तरह, विदेश में शिक्षा पर खर्च में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई। यह खर्च 26.19 प्रतिशत घटकर 16.33 करोड़ डॉलर रह गया, जो एक साल पहले 22.118 करोड़ डॉलर था। जहां उपभोग से जुड़े खर्च घटे, वहीं विदेश में निवेश के मोर्चे पर मजबूत बढ़ोतरी देखने को मिली। इक्विटी और डेट में निवेश सालाना आधार पर 83 प्रतिशत बढ़कर 27.309 करोड़ डॉलर हो गया, जो पिछले साल इसी अवधि में 14.934 करोड़ डॉलर था।

इसके अलावा विदेश में अचल संपत्ति की खरीद से जुड़ा धनप्रेषण 78.8 प्रतिशत बढ़कर 4.464 करोड़ डॉलर पहुंच गया। जमा (डिपॉजिट) के लिए भेजे गए धन में भी 20.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। गौरतलब है कि वर्ष 2004 में शुरू की गई एलआरएस योजना के तहत कोई भी भारतीय, अवयस्क सहित, एक वित्त वर्ष में 2.50 लाख डॉलर तक विदेश भेज सकता है। शुरुआत में इसकी सीमा 25,000 डॉलर थी, जिसे समय-समय पर आर्थिक परिस्थितियों के अनुसार बढ़ाया गया।

## आरआईटीईएस को दक्षिण अफ्रीका में 315 करोड़ का लोकोमोटिव ठेका



**नई दिल्ली।** रेल अवसंरचना, परामर्श एवं इंजीनियरिंग कंपनी (आरआईटीईएस लिमिटेड) ने दक्षिण अफ्रीका की नडालामा कैपिटल लिमिटेड से डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की आपूर्ति और संचालन का ठेका हासिल किया है। ठेके की कुल लागत 315.7 करोड़ रुपये (35.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर) है। कंपनी ने बीएसई को बताया कि यह प्रोजेक्ट डेढ़ वर्ष में पूरा किया जाएगा। आरआईटीईएस लिमिटेड, जो रेल मंत्रालय के अधीन नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम है, इस ठेके के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रही है। इस परियोजना से भारत-दक्षिण अफ्रीका के द्विपक्षीय रेल सहयोग को भी बल मिलेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, यह ठेका भारतीय रेल प्रौद्योगिकी की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रतीक है।

# सोना-चांदी के बाद अब तांबा बनेगा निवेशकों की नई पसंद

**एआई डेटा सेंटर्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और ग्रीन एनर्जी बढ़ा रहे तांबे की मांग**

**नई दिल्ली,23 दिसंबर (एजेंसियां)।**

साल 2025 में सोना और चांदी ने निवेशकों को हैरान करने वाला रिटर्न दिया, लेकिन अब तांबा निवेशकों की नजर में नया किंग बनता जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले वर्षों में तांबे की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक एआई डेटा सेंटर्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी), ग्रीन एनर्जी और इलेक्ट्रिफिकेशन की बढ़ती जरूरत तांबे की मांग को तेजी से बढ़ा रही है। वैश्विक तांबा बाजार में 2025 में लगभग 1.24 लाख टन और 2026 में 1.50 लाख टन की कमी रहने का अनुमान है।

भारत में तांबे का एकमात्र प्रमुख उत्पादक हिंदुस्तान कॉपर है, जिससे सप्लाई सीमित बनी हुई है। उनका कहना है कि बिजली के इस्तेमाल में वृद्धि, इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग और ग्रिड वायरिंग में तांबे की अहम भूमिका इसे रणनीतिक धातु बनाती है। इस साल अब तक तांबे की कीमतों में लगभग 35



फीसदी की तेजी आई है, जो 2009 के बाद सबसे बड़ी बढ़त मानी जा रही है। वर्तमान में तांबे की कीमत लगभग 12,000 डॉलर प्रति मीट्रिक टन तक पहुँच चुकी है।

निवेशक इसे सिर्फ सट्टा नहीं मान रहे, बल्कि वास्तविक मांग पर आधारित निवेश विकल्प के रूप में देख रहे हैं। बताया जा रहा है कि 2026 में वैश्विक तांबे की मांग 27 मिलियन टन तक पहुंच सकती है, जिसमें अकेले चीन की मांग में 3.7 फीसदी की वृद्धि शामिल है। विशेषज्ञ मानते हैं कि एआई डेटा सेंटर्स, इलेक्ट्रिक वाहनों और ग्रीन एनर्जी की तेजी से बढ़ती जरूरत तांबे की कीमतों को नए रिकॉर्ड तक ले जा सकती है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### संपत्ति कर...

राजस्व आधार भी मजबूत होगा।

**विस्तारित GHMC क्षेत्रों को भी मिलेगा लाभ**

यह घोषणा ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के हालिया विस्तार के तुरंत बाद हुई है। हाल ही में, सरकार ने आउटर रिंग रोड (ORR) के भीतर स्थित 20 नगर पालिकाओं और सात नगर निगमों को GHMC में विलय करने की अधिसूचना जारी की थी। अब मौजूदा GHMC संपत्ति कर प्रणाली इन नए जोड़े गए क्षेत्रों पर भी लागू होगी। इसके परिणामस्वरूप, OTS योजना का लाभ अब बहुत बड़े स्तर पर संपत्ति मालिकों को मिलेगा।

GHMC विस्तार की समय रेखा

राज्य सरकार ने GHMC विस्तार की प्रक्रिया को बहुत कम समय में पूरा किया है-

**25 नवंबर:** कैबिनेट ने विस्तार को मंजूरी दी।

**1 दिसंबर:** GHMC अधिनियम तैयार किया गया और राज्यपाल की स्वीकृति मिली।

**2 दिसंबर:** मुख्य सचिव ने आधिकारिक तौर पर 27 शहरी स्थानीय निकायों के विलय की घोषणा की।

**परिणाम:** सरकार ने परिसीमन (Delimitation) के आदेश जारी किए, जिससे कॉर्पोरेटर सीटों की संख्या 150 से बढ़ाकर 300 कर दी गई ।

### रफ्तार का...

जिनमें से एक की इस दुर्घटना में मौत हो गई।इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम उस वाहन की तलाश कर रही है जिसने बाघ को टक्कर मारी।राजमार्गों पर वन्यजीवों की लगातार हो रही मौतों पर स्थानीय लोगों ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने मांग की है कि वन क्षेत्रों से गुजरने वाले राजमार्गों पर गति सीमा को सख्ती से लागू किया जाए।चेतावनी प्रणाली और वन्यजीव संरक्षण तंत्र को मजबूत किया जाए।भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एनिमल अंडरपास या अन्य सुरक्षात्मक उपाय किए जाएं।

### बांग्लादेश में हिंदुओं...

और प्रमुख केंद्रों पर बड़े पैमाने पर विरोध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।उन्होंने पूरे हिंदू समाज से अपील की है कि वे बांग्लादेश में अपने हिंदू भाइयों और बहनों के साथ एकजुटता और समर्थन दिखाने के लिए बड़ी संख्या में इन प्रदर्शनों में भाग लें।

### ज्ञानपीठ से...

श्री शुक्ल कवि, कथाकार और उपन्यासकार के रूप में समान रूप से प्रतिष्ठित रहे। उनकी पहली कविता मलगभग जयहिंदफ वर्ष 1971 में प्रकाशित हुई। उपन्यास मनौकर की कमीजफ, मदीवार में एक खिड़की रहती थीफ और मखिलेगा तो देखेंगेफ को हिंदी साहित्य की महत्वपूर्ण कृतियों में गिना जाता है। मनौकर की कमीजफ पर प्रसिद्ध फिल्मकार मणिकौल द्वारा इसी नाम से फिल्म भी बनाई गई थी। वहीं मदीवार में एक खिड़की रहती थीफ को साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया। उनका लेखन प्रयोगधर्मी होने के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं और मध्यवर्गीय जीवन की सूक्ष्म परतों को बेहद सहज भाषा में अभिव्यक्त करता है।

श्री शुक्ल के उपन्यासों ने लोकजीवन और आधुनिक मनुष्य की जटिल भावनाओं को एक साथ पिरोते हुए हिंदी उपन्यास को नई दृष्टि दी। उनकी रचनाओं ने भारतीय कथा-साहित्य को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी विशिष्ट भाषिक संरचना और गहन भावात्मक दृष्टि ने आलोचना की नई समझ विकसित करने की प्रेरणा दी। अपने दीर्घ साहित्यिक जीवन में श्री शुक्ल को साहित्य अकादमी पुरस्कार, रज़ा पुरस्कार, शिखर सम्मान, मैथिलीशरण गुप्त सम्मान सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया गया। वर्ष 2021 में उन्हें साहित्य अकादमी, नई दिल्ली का सर्वोच्च सम्मान "महत्तर सदस्य" चुना गया था। उनके निधन से हिंदी साहित्य जगत को अपूरणीय क्षति पहुंची है। साहित्य प्रेमी, लेखक और पाठक उन्हें उनकी सादगीपूर्ण लेकिन गहराई से भरी रचनाओं के लिए सदैव स्मरण करेंगे।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, बुधवार, 24 दिसंबर, 2025

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# एएसटी सुपर सिंगर का ग्रैंड फिनाले 4 जनवरी को



**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज, तेलंगाना के तत्वावधान में आयोजित एएसटी सुपर सिंगर प्रतियोगिता के 4 जनवरी 2026 को संपन्न होने वाले ग्रैंड फिनाले में कुल 15 प्रतिभागी अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

हिमायत नगर स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित द्वितीय ऑडिशन में 45 वर्ष तथा उससे अधिक आयु के कुल 34 महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग से 5 प्रतिभागियों तथा 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग से 10 प्रतिभागियों का चयन कर उन्हें ग्रैंड फिनाले में प्रवेश दिया गया।

## फाईनल में पहुँचे 15 प्रतिभागी

18 से 45 वर्ष आयु वर्ग में कनक पित्ती, प्रशांत देव गुप्ता, रोहन अग्रवाल, संदीप अग्रवाल तथा विकास अग्रवाल पहुंचे।

45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अमित अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, अशोक बंसल, दीपक अग्रवाल, मानिक लाल अग्रवाल, निधिश सिंघल, शिखा अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, विशाल अग्रवाल तथा विश्वनाथ अग्रवाल चयनित हुए।

द्वितीय ऑडिशन से पहले अग्रवाल समाज अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता, उपाध्यक्ष रुपेश अग्रवाल, सचिव विकास केसान, कोषाध्यक्ष अचल गुप्ता, सह मंत्री डॉ. सीमा जैन, आयोजन समिति के चेयरमैन डॉ. दिलीप पंसारी, वाइस चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने महाराज श्री अग्रसेन जी की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई दी तथा ग्रैंड फिनाले में सफलता के लिए शुभकामनाएँ प्रदान कीं।




# नामपल्ली पर किया गया अन्नदान



**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में आयोजित नियमित अन्नदान कार्यक्रम में आज नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन पिलर नंबर 1265 ए के पास नियमित अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अलसर रामप्रकाश अग्रवाल, सुनिता अग्रवाल, महेश गुप्ता, रोहित अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, ई जगन चंपापेट, बरखाराम कुमावत, कमला देवी, सुरेश बजाज, आदि उपस्थित थे।

# बांग्लादेश में दीपू चंद्रा की नृशंस हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन




**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बांग्लादेश में दीपू चंद्रा को बर्बरतापूर्वक जिंदा जलाए जाने की अमानवीय और निंदनीय घटना के खिलाफ मंगलवार को भाजपा गोलकोण्डा जिला अध्यक्ष टी. उमा महेंद्र के नेतृत्व में विशाल विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए पुतला दहन किया।

इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में हिंदू भाइयों और बहनों ने एकजुट होकर भाग लिया और बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों की कड़े शब्दों में निंदा की।

कार्यक्रम के दौरान वीर शिवाजी सेना के अध्यक्ष नितिन नांदकर ने भी भाग लिया और मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे निरंतर अत्याचारों पर गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दीपू चंद्रा की हत्या केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं है, बल्कि यह पूरी मानवता और हिंदू समाज पर हमला है, जिसे किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की और भारत सरकार के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी अपील की कि वे बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाएं ताकि वहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# क्रेडाई हैदराबाद प्रॉपर्टी शो 6 फरवरी से

## परमानेंट हो जाओ के आह्वान पर हाईटेक्स में होगा आयोजन

**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत में निजी रियल एस्टेट डेवलपर्स के शीर्ष निकाय क्रेडाई के सिटी चैप्टर, क्रेडाई हैदराबाद ने मंगलवार दि. 23 दिसंबर को क्रेडाई हैदराबाद प्रॉपर्टी शो 2026 की घोषणा की। यह भव्य आयोजन 6 से 8 फरवरी 2026 तक हाईटेक्स प्रदर्शनी केंद्र के हॉल नंबर 4 में आयोजित किया जाएगा।

यह प्रॉपर्टी शो क्रेडाई के दीर्घकालिक दर्शन क्रेडाई-बिलिटी पर आधारित है, जो विश्वास, पारदर्शिता, नैतिक प्रथाओं और उपभोक्ता भरोसे का प्रतिनिधित्व करता है। इसी मूल मूल्य को सुदृढ़ करते हुए, 2026 संस्करण का मुख्य संदेश ङ्गपरमानेंट हो जाओफ रखा गया है। यह घर खरीदारों को हैदराबाद में निवेश करने और आत्मविश्वास के साथ इस शहर को अपना स्थायी घर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने वाला एक सशक्त आह्वान है। यह थीम हैदराबाद के एक स्थिर, अवसरों से भरपूर और भविष्य के लिए तैयार महानगर के रूप में विकास को दर्शाती है।

इस कार्यक्रम की घोषणा क्रेडाई हैदराबाद के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा की गई, जिसमें अध्यक्ष एन. जयदीप रेड्डी, निर्वाचित अध्यक्ष बी. जगन्नाथ राव, और महासचिव के. क्रांति किरण रेड्डी शामिल थे। इस अवसर पर प्रॉपर्टी शो के संयोजक श्री सुशील कुमार जैन और सह-संयोजक श्री एन. वेणुगोपाल के साथ प्रबंध समिति के सदस्य भी उपस्थित थे।




क्रेडाई हैदराबाद प्रॉपर्टी शो ने खुद को एक प्रीमियम और खरीदार-केंद्रित प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित किया है। प्रदर्शनी में केवल क्रेडाई सदस्य डेवलपर्स के रेरा अनुमोदित प्रोजेक्ट ही प्रदर्शित किए जाएंगे। इससे यह सुनिश्चित होगा कि आगंतुकों को केवल सत्यापित और विश्वसनीय विकास परियोजनाओं तक ही पहुंच मिले। इस प्रदर्शनी में अपार्टमेंट, विला, प्लॉटेड डेवलपमेंट और ऑफिस स्पेस सहित आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की जाएगी।

इस अवसर पर बोलते हुए, क्रेडाई हैदराबाद के अध्यक्ष श्री एन. जयदीप रेड्डी ने कहा कि हैदराबाद का रियल एस्टेट क्षेत्र मजबूत बुनियादी सिद्धांतों का प्रदर्शन कर रहा है। 2025 में हाल ही में हुई जीएचएमसी और एचएमडीए भूमि नीलामियों ने कोकापेट-नियोपोलिस, रायदुर्ग और बाचुपल्ली जैसे उच्च-विकास गलियारों में हैदराबाद की स्थिति को भारत के सबसे प्रीमियम बाजार के रूप में पुख्ता किया है। घर खरीदारों के दृष्टिकोण से, मूल्य वृद्धि के अगले चक्र के शुरू होने से पहले निवेश करने का यह सबसे उपयुक्त समय है।

निर्वाचित अध्यक्ष बी. जगन्नाथ राव ने कहा कि हैदराबाद अब केवल एक टेक्नोलॉजी हब नहीं रह गया है, बल्कि जीवनशैली, खेल, पर्यटन और निवेश के लिए एक वैश्विक गंतव्य के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भविष्य के शहर को प्रदर्शित करने का सरकार का दृष्टिकोण समय से आगे है, जो इसकी दीर्घकालिक रियल एस्टेट आकर्षण को बढ़ाता है।

महासचिव के. क्रांति किरण रेड्डी ने बताया कि 2026 के इस प्रॉपर्टी शो में आगंतुकों के अनुभव को और बेहतर बनाया जाएगा। इसमें बड़े स्टॉल, समर्पित वेलनेस ज़ोन, वरिष्ठ नागरिकों के अनुकूल स्थान और परिवार के लिए विशेष क्षेत्र होंगे। उन्होंने खरीदारों से आग्रह किया कि वे शो में आएं और क्रेडाई की विश्वसनीयता के साथ सुरक्षित संपत्ति निर्णय लें।

# राजा सिंह ने 57 लाख की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन



**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गोशामहल विधानसभा क्षेत्र के विधायक टी. राजा सिंह एवं पार्षद लाल सिंह ने मंगलवार को गोशामहल डिवीजन के विभिन्न क्षेत्रों में जनहित से जुड़ी कई विकास परियोजनाओं का विधिवत उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र में जल निकासी और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। जिन प्रमुख कार्यों का उद्घाटन किया गया, उनमें-

**नई सीवरेज लाइन:** शिवानंद होटल के पास स्थित प्रेम लाल जी गली में 10 लाख की अनुमानित लागत से निर्मित नई सीवरेज लाइन का लोकार्पण।

**स्टॉर्म वॉटर लाइन:** जिंसी चौराहा स्थित वाल्मीकि मंदिर के पास 31 लाख की लागत से वर्षा जल निकासी कार्य का उद्घाटन।

नई सीवरेज लाइन (पान मंडी): हनुमान मंदिर के बगल में पान मंडी मार्ग पर 16 लाख की अनुमानित लागत से तैयार नई सीवरेज लाइन का शुभारंभ। कार्यक्रम में आला पुरुषोत्तम , डी. गोपाल , नरहरि, रमेश लाल यादव, जेडी नितिन, दसारी अनिल, विद्या शिंदे, कैलाश सिंह, एम. किशन, गोशामहल भाजपा अध्यक्ष सोमराज सिंह और भाजपा गोशामहल डिवीजन के सभी कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान विधायक टी. राजा सिंह ने स्थानीय निवासियों से बातचीत की और क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि गोशामहल की जनता की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है।

# दमरे में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न



**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दक्षिण मध्य रेलवे के मुख्यालय में मंगलवार 23.12.2025 को संजय कुमार शीवास्तव, (महाप्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे) की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजेश पी.खाडे, सभी प्रधान विभागाध्यक्ष, अपर मंडल रेल प्रबंधक/सिकंदराबाद, संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। अन्य मंडलों व कारखानों के प्रतिनिधियों ने ऑन लाइन माध्यम से सहभागिता की।

अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा कि इस रेलवे पर राजभाषा के क्षेत्र में अच्छा कार्य हो रहा है। इस रेलवे के मुख्यालय को रेल मंत्री राजभाषा शील्ड का प्रथम पुरस्कार प्राप्त होने पर उन्होंने सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षणों को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी/कर्मचारी काम करें।

बैठक के आरंभ में मुख्य राजभाषा अधिकारी ने अध्यक्ष महोदय तथा सभी सदस्यों का स्वागत किया।

उन्होंने बताया कि इस रेलवे के मुख्यालय सहित सभी मंडलों और कारखानों में हिंदी के प्रयोग-प्रसार के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

डॉ.श्याम सुंदर साहु, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने पिछली तिमाही की राजभाषा प्रगति रिपोर्ट की मदों पर विस्तार से चर्चा की। एम.के.नागराजु, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी, प्रधान कार्यालय ने पिछली तिमाही के दौरान किए गए विशेष कार्यों की जानकारी दी।

मंडलों और कारखानों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की और अगली तिमाही की कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी। बैठक के बाद रेल निलयम ऑडिटोरियम में विजयवाडा मंडल के नाटक की टीम ने ङ्गअखंड पर्वफ नामक नाटक का मंचन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक/दमरे, सभी प्रधान विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारी, दमरे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# जैन पुराण भाग–3 पर घर बैठे परीक्षा का भव्य पुरस्कार वितरण



**बेंगलोर, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अखिल भारतीय जैन मंच (पं.) बेंगलोर द्वारा जैन पुराण भाग–3, आचार्य चरित्र नामक ग्रन्थ पर रखी गई घर बैठे खुली परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह श्रीरामपुर जैन स्थानक में श्री बद्रीलालजी पितलीया–समाजसेवी, पूर्व अध्यक्ष तेरापंथ सभा–बेंगलोर की अध्यक्षता में रखा गया। सर्वश्री ललितकुमारजी मांडोत–अध्यक्ष: मदारिया जैन ओसवाल साजनान संघ, श्री कांतिलालजी गांधी–वरिष्ठ स्वाध्यायी एवं वीर पति, तेजमलजी दक–वीर पिता–ससुर–दादाजी, डॉ. मनोहरजी भारती–अध्यक्ष कर्नाटक हिन्दी प्रचार संघ, ताराचंदजी गुगलिया–अध्यक्ष–व. स्था. जैन संघ श्रीरामपुर, सुरेशकुमारजी मेहता–दानवीर–प्रमुख समाज–सेवी, उत्तमचन्दजी कोठारी–अध्यक्ष कांठा परिषद, गौतमचन्दजी ओस्तवाल–वरिष्ठ स्वाध्यायी एवं पत्रकार, शान्तिलालजी खिवेंसरा पूर्वअध्यक्ष–व. स्था. जैन संघ श्रीरामपुर आदि मुख्य अतिथियों ने कार्यक्रम की शान बढ़ाई।

मधुर गायक देवीलाल पितलीया के मंगलाचरण से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। अ.भा. जैन मंच के अध्यक्ष श्री देवीलाल सुखलेचा ने सभी अतिथियों का भावभरा स्वागत किया। संघ की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अखिल भारतीय जैन मंच (पं.) बेंगलोर द्वारा आयोजित जैन पुराण भाग–3, आचार्य चरित्र नामक ग्रन्थ पर अखिल भारतीय घर बैठे खुली किताब प्रश्नोत्तर का आयोजन रखा गया। जिसमें कर्नाटक, आन्ध्रा, तेलगु प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, दिल्ली, ओडिशा, पं. बंगाल आदि प्रांतों से 674 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। जिसका पुरस्कार वितरण कार्यक्रम रखा गया। शेष परीक्षार्थियों को पुरस्कार उनके यहाँ पहुंचाने की व्यवस्था रखी है। आगे कहा कि जिस दिन जैन, जैन को सहायता करने लगेगा, उस दिन जैन दुनिया का बेताज बादशाह होगा। सभी जैन यह सोच बनाएं कि आओ एक बने, नेक बने, टेक बने और जैन बने।

समारोह अध्यक्ष बद्रीलालजी पितलीया, ललितजी मांडोत, कांतिलालजी गांधी, तेजमलजी दक, डॉ. मनो–हरजी भारती, ताराचंदजी गुगलिया, सुरेशजी मेहता, उत्तमचन्दजी कोठारी, गौतमजी ओस्तवाल, शान्तिलालजी खिवेंसरा एवं मंगलचंदजी भलगट का माला, शाल, कर्नाटक साफा एवं जैन पट्टे द्वारा सर्वश्री देवराज कोठारी, संतोष दक, जसवंत मांडोत, निर्मल मोगरा, राजेश पोख–रना, सूरजमल पितलीया, शांतिलाल दलल, शांतिलाल बाबेल, पवन सुखलेचा, किरण कोठारी, सिद्धार्थ बोहरा, मनोज सुखलेचा, मनोज गुगलिया, संदीप छल्लाणी आदि ने स्वागत किया।

वरिष्ठ स्वाध्यायी एवं पत्रकार गौतमचन्दजी ओस्तवाल ने संचालन करते हुए जैन धर्म में हुए पूर्व आचार्यों की जीवन गाथा बताते हुए अनेक ऐतिहासिक सुस्मरणों से अवगत कराया। कर्नाटक हिन्दी प्रचार संघ के अध्यक्ष डॉ. मनोहरजी भारती ने जैन धर्म की महानता पर विचार रखते हुए कहा कि विश्व में सबसे श्रेष्ठ धर्म जैन धर्म ही है। जो सत्य, अहिंसा, अचौर्य, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह की बात बताता है।

जैन धर्म के सिद्धांतों से ही विश्व में शांति स्थापित हो सकती है। वरिष्ठ स्वाध्यायी एवं वीर पति श्री कांतिलालजी गांधी ने कहा कि जैन धर्म के स्थानकवासी, मूर्तिपूजक, तेरापंथ एवं दिगंबर सप्रदायों के सभी आचार्यों के जीवन परिचय एक ही ग्रंथ में प्रकाशित करना असंभव कार्य है, जिसे देवीलालजी सुखलेचा ने कर दिखाया। आपके इस अपूर्व कार्य को साधुवाद।

म. जैन ओ. सा.न संघ के अध्यक्ष ललितकुमारजी मांडोत, सुरजमल पितलीया आदि ने अपने विचार रखे। परीक्षार्थी श्रीमती आशा जैन एवं श्रीमती रेखा जैन आदि ने आचार्य चरित्र ग्रंथ की सराहना की। बेंगलोर के परीक्षार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान की। बंबर पुरस्कार के विजेता श्रीमती भाग्यवंती बाई पगारिया रही।

समारोह अध्यक्ष श्री बद्रीलालजी पितलीया के शुभाशीष एवं पवन सुखलेचा के धन्यवाद संग श्री गौतमजी ओस्तवाल के मांगलिक से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# पीएम श्री स्कूलों के प्रधानाचार्यों व शिक्षकों के लिए चरण–2 आईडीई बूटकैंप का समापन आज



**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पीएम श्री स्कूलों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के लिए आयोजित चरण–2 नवाचार, डिजाइन और उद्यमिता (आईडीई) बूटकैंप का समापन कार्यक्रम आज संपन्न होगा। यह बूटकैंप स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) तथा शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल (एमआईसी) के सहयोग से आयोजित किया गया, जो 24 दिसंबर 2025 तक चला।

आईडीई बूटकैंप का आयोजन वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से गुरु नानक इंस्टीट्यूशंस टेक्निकल कैंपस, रंगा रेड्डी जिला, तेलंगाना में किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर इस बूटकैंप का उद्घाटन एआईसीटीई अध्यक्ष प्रो. टी.जी. सीताराम, श्री धीरज साहू, अतिरिक्त सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा डॉ. अभय जेरे, उपाध्यक्ष, एआईसीटीई द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।राज्य स्तरीय उद्घाटन गुरु नानक यूनिवर्सिटी के चांसलर सरदार गगनदीप सिंह कोहली एवं वाइस चांसलर डॉ. एच.एस. सैनी द्वारा किया गया। स्वागत भाषण डॉ. श्रीनाथ रेड्डी, निदेशक, गुरु नानक इंस्टीट्यूशंस टेक्निकल कैंपस ने दिया।

कार्यक्रम का अवलोकन श्री विधिकर विशाल, एआईसीटीई समन्वयक ने प्रस्तुत किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. एस. वी. रंगनायकुलु, डीन (आर एंड डी) एवं नोडल समन्वयक ने किया।बूटकैंप के दौरान वाधवानी फाउंडेशन की सुश्री जी. लावण्या और श्री के. राजेश द्वारा नवाचार, डिज़ाइन थिंकिंग, उत्पाद विकास एवं उद्यमिता पर विशेषज्ञ सत्र दिए गए। वहीं एआईसीटीई इनोवेशन सेल के श्री विधिकर विशाल ने नवाचार को बढ़ावा देने वाली विभिन्न एआईसीटीई योजनाओं की जानकारी दी।कार्यक्रम में सीए संतोषी रेड्डी वी, उपाध्यक्ष, टी–हब तथा डॉ. एम. अर्जुन, राज्य शिक्षाशास्त्र समन्वयक, समग्र शिक्षा, तेलंगाना के साथ व्यावहारिक संवाद हुआ। इसमें 25 राज्यों एवं 2 केंद्र शासित प्रदेशों से बड़ी संख्या में पीएम श्री स्कूलों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने भाग लिया।आईडीई बूटकैंप का उद्देश्य शिक्षकों को नवाचार और उद्यमशील सोच से सशक्त बनाते हुए पीएम श्री स्कूलों में नवाचार आधारित शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना है, ताकि 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा को विकसित किया जा सके।

# अग्रवाल समाज तेलंगाना की एकमात्र मैरिज डेटा कमिटी की बैठक संपन्न



**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा संचालित अग्रवाल समाज मैरिज डेटा समिति की बैठक रविवार, 21 दिसंबर को समाज के तेलंगाना कार्यालय में संपन्न हुई। यह समिति गत कई वर्षों से अग्रवाल समाज के बंधुओं के लिए निःशुल्क मैरिज ब्यूरो के रूप में कार्य कर रही है और विवाह संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से सक्रिय है। यह अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा पंजीकृत एकमात्र मैरिज डेटा समिति है, जो इस क्षेत्र में नियमित रूप से कार्यरत है।बैठक में निर्णय लिया गया कि अब प्रति सप्ताह अग्रवाल समाज तेलंगाना की विभिन्न शाखाओं के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि अधिक से अधिक समाज बंधुओं के बायोडाटा समिति को प्राप्त हो सकें और विवाह संबंधों की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाया जा सके।

रविवार को आयोजित इस बैठक में चेयरमैन अजय कुमार अग्रवाल, संयोजक सतीश अग्रवाल, वाइस चेयरमैन सुनील मित्तल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल के साथ–साथ बायोडाटा लेकर आए अभिभावकगण एवं समाज को निःशुल्क सेवाएं प्रदान करने वाली डॉ. सुरेखा भी उपस्थित रहीं।इस अवसर पर चेयरमैन अजय अग्रवाल ने अग्रवाल समाज तेलंगाना की सभी शाखाओं से मैरिज डेटा समिति से सक्रिय रूप से जुड़ने का निवेदन किया, ताकि समाज के अधिक से अधिक परिवार इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

# ग्रुप नहीं, परिवार है राधे राधे ग्रुप हैदराबाद : लता गोयल



**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे राधे ग्रुप हैदराबाद केवल एक सेवा संस्था नहीं, बल्कि स्नेह, अपनत्व और संस्कारों से जुड़ा हुआ एक परिवार है, जो अपने प्रत्येक सदस्य का स्वयं से बढ़कर ख्याल रखता है। ये भाव बेगम बाजार स्थित गौशाला के सामने राधे राधे ग्रुप हैदराबाद द्वारा संचालित नियमित अन्नदान कार्यक्रम के दौरान श्रीमती लता गोयल ने व्यक्त किए।श्रीमती लता गोयल ने कहा कि राधे राधे ग्रुप से जुड़कर यह अनुभूति होती है कि हम किसी संगठन का नहीं, बल्कि एक आत्मीय परिवार का हिस्सा हैं।

यहां सेवा केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि प्रेम और श्रद्धा से की जाती है।

अन्नदान के माध्यम से भूखे को भोजन कराना ही नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा का भाव जागृत होता है।उन्होंने आगे कहा कि स्वयं को सौभाग्यशाली मानती हूं कि इस पुण्य कार्य से जुड़े इस परिवार का हिस्सा बनने का अवसर मिला।

राधे राधे ग्रुप के साथ जुड़कर जीवन धन्य हो गया है और सेवा के इस मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

अवसर पर जगतनारायण अग्रवाल, रवि अग्रवाल,विनोद तोष्णीवाल,अनिल अग्रवाल धरसुवाले, गोविंद राम पचेरिया, अरुण विजयवर्गीय, लता गोयल, नीलम विजयवर्गीय मीना अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# अटल बिहारी वाजपेयी के 101वें जन्मदिवस पर 46वां राष्ट्रीय एकता कवि सम्मेलन कल

**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पूर्व प्रधानमंत्री कविवर श्री अटल बिहारी वाजपेयी के 101वें जन्मदिवस पर जी. राजेंद्र कुमार द्वारा स्थापित 46वें राष्ट्रीय एकता कवि सम्मेलन का आयोजन नगरद्वय के कवियों की संस्था गीत चाँदनी के तत्वावधान में गोशामहल स्थित हज़ारी भवन में सायं 4:30 बजे से संपन्न होगा।

गीत चाँदनी के अध्यक्ष व वरिष्ठ गीतकार चंपालाल बैद कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। गीत चाँदनी के कार्यकारी, मगोलकोण्डा दर्पणफ के संपादक व कवि गोविंद अक्षय संचालन करेंगे। मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध समाजसेवी श्री अमृत कुमार जैन होंगे। विशेष अतिथि आईसीएआर मेंबर श्री डी. गोपाल जी और भाजपा के गोशामहल पार्षद श्री लाल सिंह मंच पर विराजमान रहेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन और अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण से होगा। सरस्वती वंदना, अटल जी के व्यक्तित्व–कृतित्व पर प्रकाश, उनकी चुनी हुई कविताओं का पाठ होगा।

डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव व श्री अनिल कुमार गुप्ता उनके गीत प्रस्तुत करेंगे। श्री अशोक दोषी, कवयित्री आशा ठाकुर व ममता मिश्रा उनके व्यक्तित्व, कृतित्व व राष्ट्रीय सेवाओं पर विचार रखेंगे। नगर के प्रमुख कविगण काव्य पाठ करेंगे।

मुख्य संयोजक जी. अश्विन कुमार व गोविंद अक्षय ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अनेक समाजसेवी, राजनीतिक व सामाजिक नेता मुख्य, विशेष व विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। सभी का सम्मान किया जाएगा। व्यवस्थापक श्रीमती मिनाक्षी व सौरिश ने सभी कवियों, कविता प्रेमियों व हिंदी सेवियों से समय पर उपस्थिति का निवेदन किया है।

# बांग्लादेशी हिंदुओं के समर्थन में पेटबशीराबाद में भव्य जुलूस




**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** 23 दिसंबर को पेटबशीराबाद स्थित पाइपलाइन रोड में बांग्लादेशी हिंदुओं के समर्थन में स्थानीय लोगों ने भव्य जुलूस निकाला। जुलूस में महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे तथा नवयुवकों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया तथा युनुस सरकार और बांग्लादेश के मुसलमानों द्वारा किए गए कृत्यों की आलोचना की। यह जुलूस एनसीएल एसोसिएशन से शुरुआत करके जेडीमेटला विलेज के गांधी मूर्ति के पास समाप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया।

# हैदराबाद प्रेस क्लब के मैनेजर ने अपने पैतृक गाँव के स्कूल को भेंट किया ठज वाटर प्लांट, विद्यार्थियों को बांटे परीक्षा पैड



**मेदक, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सहायता करने और उन्हें बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल की गई है। हैदराबाद प्रेस क्लब के मैनेजर लक्ष्मी रामचंद्र ने मेडक जिले के चिन्ना शंकरमपेट मंडल स्थित अपने पैतृक गाँव सूरारम के जिला परिषद हाई स्कूल में, जहाँ से उन्होंने स्वयं शिक्षा प्राप्त की थी, एक ठज मिनरल वाटर प्लांट दान किया है।

इस वाटर प्लांट की स्थापना उन्होंने अपने माता–पिता शामम्मा और नरहरि की स्मृति में की है, जिसका आज विधिवत उद्घाटन किया गया।

उद्घाटन समारोह के बाद, लक्ष्मी रामचंद्र ने स्कूल में पढ़ने वाले सभी 152 विद्यार्थियों को परीक्षा पैड (एरा झरवी) वितरित किए। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि वह अपने गाँव के विकास के लिए भविष्य में भी अपना पूर्ण सहयोग और सहायता प्रदान करते रहेंगे।

स्कूल में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए विद्यार्थियों ने लक्ष्मी रामचंद्र के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण भी शामिल हुए।

कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्ति: इस अवसर पर स्थानीय सरपंच चिलुका नागराजू, उप–सरपंच मल्लेश, स्कूल के प्रधानाध्यापक साई रेड्डी, गाँव के निवासी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।


# राधे राधे ग्रुप द्वारा केबीआर पार्क पर किया गया अन्नदान



**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे राधे ग्रुप हैदराबाद की तत्वावधान में आयोजित नियमित अन्नदान कार्यक्रम में आज इंदौर अमेरिकन हॉस्पिटल के सामने केबीआर पार्क के पास नियमित अन्नदान किया गया।

इस अवसर पर मनीष अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल,सुरेश बजाज मुंबई, हरीश तोलाराम हिंदुजा,रणधीर, ई जगन चंपापेट, रोहित अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, भगताराम कुमावत, कमला देवी आदि उपस्थित थे।

# जांगुबाई उत्सव के लिए पूर्ण व्यवस्था की जानी चाहिए : वेंकटेश धोत्रे



**आसिफाबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि कुमरामभीम आसिफाबाद जिले के केरामेरी मंडल में 22 दिसंबर से 17 जनवरी 2026 तक चलने वाले जांगुबाई उत्सव के दौरान लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पूर्ण व्यवस्था की जानी चाहिए। मंगलवार को केरामेरी मंडल के हट्टी आदिवासी आश्रम विद्यालय में उत्नूर समग्र आदिवासी विकास संगठन के परियोजना अधिकारी युवराज मरमत, जिला अतिरिक्त एसपी चित्तरंजन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष आत्रम सुगुणा, जांगुबाई देवस्थानम समिति के सदस्य सरपंच आत्रम लक्ष्मण ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।कलेक्टर ने कहा कि आदिवासियों की पूजनीय देवी जांगुबाई का त्योहार परंपरा के अनुसार मनाया जाए। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए लगातार स्वच्छता, हाइपोक्लोराइट छिड़काव, 24 घंटे चिकित्सा शिविर, एम्बुलेंस, जल आपूर्ति, शौचालय, पार्किंग, सड़कें साफ करने, कड़ी सुरक्षा, बिजली आपूर्ति, पूजा सामग्री और विद्युतीकरण की पुख्ता व्यवस्था हो। मंदिर समिति के झोपड़ियां बनाने के अनुरोध पर निर्माण प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।बाद में युवराज मरमत ने कोटापरंदोली स्थित जांगुबाई देवस्थानम का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा सभी कार्य बिना बाधा पूरे करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# वाहन जांच विशेष अभियान: नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई



**चेन्नूर, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** कोटपल्ली मंडल के पारुपल्ली चेक पोस्ट पर चेन्नूर रूरल सीआई, कोटपल्ली पुलिस स्टाफ एवं स्पेशल पुलिस बल के संयुक्त तत्वावधान में वाहन जांच विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान शाम 6 से 8 बजे तक जारी रहा, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से व्यापक वाहन जांच की गई।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान प्रतिदिन सुबह, दोपहर और शाम कोटपल्ली एवं नीलवाई मंडलों में 31 दिसंबर तक लगातार जारी रहेगा। अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने, गलत दिशा (रॉन्ग रूट) में वाहन चलाने तथा ट्रिपल राइडिंग करने वालों के खिलाफ न केवल मामले दर्ज किए जाएंगे, बल्कि उनके वाहन जब्त भी किए जाएंगे। इसके साथ ही सड़क किनारे अवैध रूप से पार्क किए गए वाहनों को भी जब्त किया जाएगा।

पुलिस ने स्पष्ट किया कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं शराब के नशे में वाहन चलाने, ट्रिपल राइडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाने और अत्यधिक गति के कारण हो रही हैं। ऐसे में लापरवाही से वाहन चलाने वालों के प्रति किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी और उनके खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की कि वे पूरी सावधानी बरतें। लापरवाही से वाहन चलाकर यदि कोई अपनी जान गंवाता है तो उसके परिवार को अपूरणीय दुख झेलना पड़ता है। इसलिए सभी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित रूप से अपने गंतव्य तक पहुंचेंयही पुलिस की जनता से अपील है।

## ईसीआईएल में तकनीकी अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन

# तकनीकी अनुवाद में दक्षता ही राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन की कुंजी है : अनुराग कुमार



**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), हैदराबाद–सिकंदराबाद के तत्वावधान में इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल), हैदराबाद द्वारा तकनीकी अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यालयीन एवं तकनीकी कार्यों में हिंदी के प्रभावी, सटीक एवं मानकीकृत प्रयोग को बढ़ावा देना तथा अधिकारियों/कर्मचारियों को तकनीकी अनुवाद की व्यवहारिक समझ प्रदान करना था। प्रशिक्षण सत्रों में तकनीकी शब्दावली, अनुवाद की चुनौतियाँ, मानक संदर्भ स्रोतों का उपयोग, तथा सरकारी कार्यों में तकनीकी अनुवाद की उपयोगिता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), हैदराबाद–सिकंदराबाद से संबद्ध विभिन्न सदस्य कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं व्यवहारिक बताया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं द्वारा प्रतिभागियों को अनुवाद की भूमिका तथा राजभाषा कार्यान्वयन में गुणवत्ता और शुद्धता के महत्व पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजकों द्वारा सभी प्रतिभागियों के सक्रिय योगदान की सराहना की गई तथा भविष्य में इस प्रकार के और भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम में रमेश प्रसाद मिश्र, राजभाषा अधिकारी, पावरग्रिड; भावना कुमारी भट्ट, प्रशासनिक अधिकारी, बीईएमएल लिमिटेड; विजया रानी, प्रबंधक (राजभाषा), बीएचईएल आरसीपी; वी सुरेश कुमार, उप प्रबंधक (राजभाषा); पिंटु सिंह, परियोजना अधिकारी (राजभाषा), बीईएल; भीष्म नारायण शर्मा, कार्यालय सहायक (राजभाषा), भारत सरकार टकसाल; सीएच उदयश्री, सहायक, वाप्कोस; सीमा रानी, कनि अनुवाद अधि. (राजभाषा); एम. नरेन्द्रनाथ, कनि. हिन्दी अनुवादक, बीएसएनएल, परिमंडल; पी. रचना, अधिकारी (इंजीनियरिंग), आरईसी-आईपीएमटी; शेख चांद बाषा, राजभाषा सलाहकार, रेलटेल; स्मिता ओसेकर, सहायक– राजभाषा, एचपीसीएल; कमल पारमुवाल, अनुवादक, एनएससी; अंकित मोर, गुणवत्ता नियंत्रण, एनएससी; ए. दिवाकर, वरिष्ठ प्रबंधक, एनएमडीसी; डॉ. विकास कुमार आज़ाद, कनि. हिंदी अनुवादक; डी.वी. रत्ना कुमारी, कार्यपालक ग्रेड-1; डॉ. बी. बालाजी, प्रबंधक, मिधानि; जे. वेंकट रमणा, सहायक श्रेणी-2; के. प्रतिमा कुमारी, सहायक श्रेणी-1, एफसीआई सनतनगर; करिश्मा गिरी, सहायक श्रेणी-3; जी. महेश कुमार, प्रबंधक, एफसीआई तथा के. हर्षवर्धन कुमार, अधिकारी, आरईसी लिमिटेड ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में डॉ. बी. बालाजी, प्रबंधक (राजभाषा), मिधानि एवं रमेश प्रसाद मिश्र, अधिकारी (राजभाषा), पावरग्रिड ने भी अपने विचार रखे। ईसीआईएल की ओर से वी. कनका श्री महालक्ष्मी, डॉ. चिप्पाड़ा अंबेडकर, वरि. हिन्दी अनुवादक, अजहर सुल्तान, अनुभाग सहायक तथा सीएच. निहारिका, प्रशिक्षु (राजभाषा) का सक्रिय योगदान रहा।

# महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र द्वारा कपड़े की थैलियों व जीवन रक्षक किट का वितरण




**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र द्वारा जैन रत्न सुरेन्द्रमल जी लुनिया के निवास लुनिया एस्टेट में जैन रिलीफ फाउंडेशन को प्लास्टिक के विकल्प के रूप में 800 कपड़े की थैलियाँ एवं 1100 जीवन रक्षक किट उपहार स्वरूप प्रदान की गईं।

यह वितरण 24 दिसंबर से प्रारंभ होने वाली भारत गौरव जैन संघ यात्रा के लिए किया गया, जिसमें लगभग 800 यात्री भाग लेंगे। कपड़े की थैलियाँ विशेष रूप से यात्रियों के यात्रा के दौरान उपयोग हेतु तैयार की गई हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले।

प्रदान की गई जीवन रक्षक किट में एस्पिरिन 150 एमजी, सोरबिट्रेट 10 एमजी तथा एटोरवास्टेटिन 80 एमजी की गोलियाँ शामिल हैं, जो हृदयाघात अथवा छाती में दर्द की स्थिति में प्राथमिक उपचार के रूप में अस्पताल पहुंचने तक सहायक सिद्ध होंगी। इसका मुख्य उद्देश्य यात्रियों को यात्रा के दौरान अपनी सेहत के प्रति सतर्क रखना है।

इस सेवा कार्य में चेयरमैन विनोद संचेती, अजय नाहाटा, शील कुमार जैन, सीमा शील कुमार जैन, संजय कोटेचा सहित जैन रिलीफ फाउंडेशन के दीपक कुमार किम्ती, पवन कटारिया, धर्मेंद्र नाहर, प्रशांत कोटेचा, प्रमोद खिवसरा, विक्रम किम्ती, राजेन्द्र पिंचा, मुन्ना भाई भंडारी, श्रेयांस तलेडा, राजेश रंका, प्रिया किम्ती, अनु पिंचा, प्रियंका कटारिया, रेखा कोटेचा आदि की उपस्थिति रही।

# कादम्बिनी क्लब की 401वीं मासिक गोष्ठी सम्पन्न



**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कादम्बिनी क्लब हैदराबाद के तत्वावधान में 21 दिसंबर को संगोष्ठी सत्र संयोजक अवधेश कुमार सिन्हा (नई दिल्ली) की अध्यक्षता में ऑनलाइन 401वीं मासिक गोष्ठी का सफल आयोजन संपन्न हुआ।

संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अहिल्या मिश्र एवं कार्यकारी अध्यक्ष मीना मुथा ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि प्रथम सत्र का आरंभ सस्मिता नायक की सरस्वती वंदना से हुआ। डॉ. अहिल्या मिश्र ने सभी साहित्यकारों का स्वागत किया तथा हिंदी साहित्य सेवा में निरंतर सहयोग का आह्वान किया।

प्रथम सत्र में मुख्यवक्ता प्रवीण प्रणव ने गीतकार शैलेंद्र के जीवन पर व्याख्यान दिया। अवधेश कुमार सिन्हा ने उनका परिचय देते हुए कहा कि सॉफ्टवेयर विशेषज्ञ प्रवीण साहित्य में भी ऑलराउंडर हैं। प्रवीण ने शैलेंद्र के मेधावी छात्र काल, आर्थिक कठिनाइयों, कवि सम्मेलनों, राजकपूर द्वारा मबरसातफ में अवसर, भावपूर्ण गीतों, मतीसरी कसमफ की कर्जदार फ्लॉप फिल्म, अंतिम गीत मजीना यहाँ, मरना यहाँ...फतक की संघर्षपूर्ण यात्रा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि शैलेंद्र के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। सुनीता लुल्ला, उमा सोनी, डॉ. आशा मिश्र ने विचार रखे। सस्मिता नायक ने शैलेंद्र के गीत गाए। विनोदगिरी अनोखा ने धन्यवाद दिया।

दूसरे सत्र में कवि गोष्ठी हुई, जिसकी अध्यक्षता श्रुतिकांत भारती (ऑस्ट्रेलिया) ने की। भावना पुरोहित, प्रियंका वाजपेयी, सुनीता लुल्ला, गजानन पांडे, मीरा ठाकुर, मोहिनी गुप्ता, शीला भनोत, निशी कुमारी, वर्षा शर्मा, चंद्रप्रकाश दायमा, तृप्ति मिश्रा, डॉ. सुरभि दत्त, दर्शन सिंह, उमा सोनी, मोनिका भट्ट, शिल्पी भटनागर, डॉ. कृष्णा सिंह, डॉ. आशा मिश्र, सूरज कुमारी गोस्वामी, प्रवीण प्रणव, मीना मुथा, विनोदगिरी अनोखा ने काव्य पाठ किया। उपस्थित: डॉ. रमा द्विवेदी, सीताराम माने, मधु दायमा, के राजन्ना, किरण सिंह, शोभा देशपांडे, डॉ. स्वाति गुप्ता, डॉ. विनिता शर्मा, अनिल कुमार सिंह, रेखा अग्रवाल, सत्यनारायण काकड़ा, डॉ. गंगाधर वानोडे, विभूति सिन्हा।

श्रुतिकांत भारती ने अध्यक्षीय टिप्पणी में प्रवीण के व्याख्यान की प्रशंसा की। तृप्ति मिश्रा ने धन्यवाद दिया।

क्लब अध्यक्षा ने 2026 के लिए नूतन कार्यकारिणी गठन की घोषणा की, जो करतल ध्वनि से स्वीकृत हुई। डॉ. आशा मिश्र ने तकनीकी सहयोग दिया, मीना मुथा ने संचालन संभाला। सभी ने नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

**PUBLIC NOTICE**

My client intended to purchase a house G+1H.No 16-4-342/3, admeasuring 50 Sq.yrds situated at Chanchalguda, Hyderabad from its Lawful owner Mr.SYED ALI S/o LATE SYED KHUDA BAKSH @ LATE SYED KHUDA BAQASH and paid an initial amount towards advance. If any person/s having any religious/ legal claim over the said property should approach with relevant documents with in 07 days otherwise the property shall be registered & no claim will be entertained thereafter.

**SYED HASHIM ADIL**
B.A LL.B [M.A(Pscy)]
ADVOCATE SUPREME COURT OF INDIA
#16-3-991/29, Flat # 601, AA Enclave
Officers' Colony, Chanchalguda, Hyd-024
Cell : 97000 00531, 9966881255
Email : lawfirmshadil@gmail.com

# भाकृअनुप–भाश्रीअनुसं में श्री अन्न आधारित खेती एवं किसान कल्याण पहल केंद्रित किसान सम्मान दिवस



**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भाकृअनुप–भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान (भाकृअनुप–भाश्रीअनुसं), हैदराबाद ने किसान कल्याण, सतत कृषि तथा राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के अनुरूप, स्वच्छता पखवाड़ा के भाग के रूप में 23 दिसंबर 2025 को किसान सम्मान दिवस 2025 का आयोजन किया। यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की देशव्यापी पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर किसान समुदाय को सम्मानित करना एवं ग्रामीण आजीविका को मज़बूत करने के हेतु किए गए महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सुधारों के बारे में जागरूकता पैदा करना था।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों तथा हितधारकों को विकसित भारत – रोज़गार व आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल, 2025 (जी राम जी बिल, 2025) के बारे में जागरूक करना था। यह बिल रोज़गार के अवसर बढ़ाकर, आय में स्थिरता, तथा ग्रामीण विकास के प्रयासों को विकसित भारत 2047 के दीर्घकालीन राष्ट्रीय दूरदृष्टि के साथ जोड़कर ग्रामीण रोज़ी–रोटी की सुरक्षा को मज़बूत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। प्रस्तावित सुधारों का उद्देश्य बुआई व कटाई के महत्वपूर्ण मौसम के दौरान खेती में काम करने वालों की उपस्थिति को संतुलित करते हुए ज़्यादा पारिश्रमिक वाला रोज़गार देना है, जिससे किसानों व ग्रामीण श्रमिकों दोनों को सहायता मिलेगी।डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाकृअनुप–भाश्रीअनुसं ने लोगों को संबोधित करते हुए, राष्ट्र निर्माण तथा खाद्य सुरक्षा में किसानों की अहम भूमिका पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विशेषकर शुष्क भूमि एवं वर्षा आधारित क्षेत्रों में, श्री अन्न फसलें जलवायु लचिली तथा सतत खेती हेतु आवश्यक फ़सलों के रूप में उभर रही है। डॉ. तारा सत्यवती ने श्री अन्न के पौष्टिक लाभ, उनकी खेती पर कम लागत, प्रतिकूल मौसम झेलने की क्षमता एवं घरेलू पोषण के साथ–साथ राष्ट्रीय खाद्य प्रणाली की स्थिरता में उनके बढ़ते महत्व बारे में सविस्तार बताया। उन्होंने किसानों को बेहतर श्री अन्न उत्पादन प्रौद्योगिकी, कटाई उपरांत वैज्ञानिक प्रबंधन के तरीके तथा उत्पादकता, लाभ तथा रोज़ी–रोटी की सुरक्षा बढ़ाने हेतु मूल्यवर्धन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।भाकृअनुप–भाश्रीअनुसं के वैज्ञानिकों ने किसानों के साथ सक्रिय रूप से परस्पर चर्चा की और मूल्य श्रृंखला में श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए संस्थान के निरंतर प्रयासों पर बल दिया। इसमें बेहतर किस्मों का विकास और उनका प्रसार, किसानों के क्षमता निर्माण, खेती के वैज्ञानिक तरीकों का प्रक्षेत्र प्रदर्शन, और श्री अन्न प्रसंस्करण तथा मूल्यवर्धन हेतु तकनीकी सहायता शामिल है। कार्यक्रम के हिस्से के के रूप में, भाकृअनुप–भाश्रीअनुसं में न्यूट्रीहब तथा श्री अन्न प्रसंस्करण एवं प्रशिक्षण एकक का एक ज्ञानवर्धक दौरा भी आयोजित किया गया, जहां किसानों को आधुनिक श्री अन्न प्रसंस्करण उपकरणों, मूल्यवर्धन तथा पैकेजिंग प्रौद्योगिकी, एवं उद्यमिता विकास मॉडल से परिचित कराया गया। संगारेड्डी ज़िले के किसानों सहित लगभग 250 हितधारकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।इस अवसर पर, डॉ. तारा सत्यवती ने किसान समुदाय की लगन, कड़े परिश्रम एवं हिम्मत के लिए उनकी सराहना की और धन्यवाद किया। उन्होंने भाकृअनुप–भाश्रीअनुसं के द्वारा किसानों के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता को दोहराया ताकि श्री अन्न को बढ़ावा दिया जा सके, किसान–केंद्रित नवोन्मेषों को मज़बूत किया जा सके और सबको साथ लेकर चलने वाले और सतत खेती के विकास में सहायता की जा सके।

# वीर बाल दिवस से युवाओं में साहस का प्रोत्साहन : आदेपु भास्कर

**आसिफाबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला कल्याण अधिकारी आदेपु भास्कर ने कहा कि वीर बाल दिवस के माध्यम से युवाओं में साहस और व्यापक मानवीय मूल्यों को प्रोत्साहित किया जाएगा। जिला महिला एवं बाल कल्याण विभाग और महिला सशक्तिकरण केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 29 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को मनाए जाने वाले इस दिवस पर आंगनवाड़ी विद्यालयों में कहानी सुनाना व खेलकूद, प्राथमिक विद्यालयों में चित्रकला व कहानी, उच्च विद्यालयों में निबंध लेखन तथा कॉलेजों में वाद-विवाद प्रतियोगिताएं होंगी। विजेताओं को 30 दिसंबर को जिला कलेक्टर द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण केंद्र की जिला समन्वयक शारदा, लैंगिक समानता विशेषज्ञ रानी, राजेश्वरी, स्कूल शिक्षिकाएं, प्रशिक्षु और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# श्री समर्थ कामधेनु गौशाला में नव वर्ष 2026 के 'गौ माता कैलेंडर' का भव्य विमोचन

**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गौ सेवा मित्र मंडल द्वारा नव वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में गौ माता को समर्पित एक विशेष कैलेंडर का विमोचन किया गया। यह कार्यक्रम जियागुडा स्थित श्री समर्थ कामधेनु गौशाला में अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।



कैलेंडर का विमोचन पूज्य प्रभुदत्त महाराज के कर–कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाराज जी ने गौ सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला और इस नेक कार्य के लिए मंडल के सदस्यों की सराहना की।

कार्यक्रम में गणमान्य जनों की उपस्थिति: इस विमोचन समारोह में गौ सेवा मित्र मंडल के कई प्रमुख सदस्य और समाजसेवी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से मनोज अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, प्रदीप मोर, विनोद राठी, अजय गुप्ता, यश अग्रवाल, विजय अग्रवाल और महेश अग्रवाल शामिल थे। इनके अलावा मंडल के अन्य सक्रिय सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और गौ सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। गौ सेवा मित्र मंडल का यह कैलेंडर समाज में गौ संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जारी किया गया है।

IN THE COURT OF THE HON'ABLE III JUNIOR CIVIL JUDGE, CITY CIVIL COURT, AT HYDERABAD
O.S. No. 4765 of 2025
BETWEEN
Sunil Dilakar ::PLAINTIFF
AND
The Tahsidar, Nampally Mandal & another ::DEFENDANTS
To
All concerned ::Defendants No.2
PLEASE TAKE NOTICE that the above said plaintiff has filed the above suit of Declaration of legal heirs to declare the plaintiffs as the legal heirs of deceased Krishna Rao Dilakar against you before the Hon'ble Court of III Junior Civil Judge Court, City Civil Court, Hyderabad and this Hon'ble Court has directed for service of Notice to you. The above case is posted for your appearance on 29-12-2025 at 10:30 AM either in person or through an Advocate, failing which the matter will be decided as per Law.
//BY ORDER OF THE COURT//
Sd/-
AFSHAN JABEEN
Advocate,
O/o. 19-2-21/23/55/A/9, Basharat Nagar, Nawab Sahab Kunta, Hyderabad, T,S,
Cell No. 7330651487.

# कपास खरीद प्रक्रिया प्रभावी ढंग से संचालित होनी चाहिए : कुमार दीपक



**मंचेरियाल, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला कलेक्टर कुमार दीपक ने कहा कि किसान कल्याण के तहत सरकार ने सीसीआई के माध्यम से कपास खरीद प्रक्रिया शुरू की है और इसे कुशलतापूर्वक संचालित किया जाना चाहिए। मंगलवार को उन्होंने तंदूर मंडल के रेपालेवाड़ा स्थित महेश्वरी कॉटन जिनिंग मिल का दौरा कर खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर बोलते हुए, कलेक्टर ने कहा कि सरकार नियमों के अनुसार सीसीआई के माध्यम से किसानों से गुण–वत्तापूर्ण कपास खरीदेगी और समर्थन मूल्य का भुगतान करेगी। इस बार किसानों की सुविधा के लिए कपास किसान ऐप के माध्यम से प्रक्रिया पारदर्शी बनाई जाएगी। किसानों को बिचौलियों पर भरोसा न कर सीसीआई खरीद केंद्रों पर कपास बेचकर धोखाधड़ी से बचना चाहिए। इस वर्ष कपास का समर्थन मूल्य 8,110 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है।

उन्होंने कहा कि पैदावार अधिक होने पर किसान अपने क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारियों के पास ऑनलाइन पंजीकरण कराएं और सत्यापन करवाएं। फसल उत्पादन के आधार पर खरीद शुरू होगी। अधिकारियों को किसानों को कपास किसान ऐप पर स्लॉट बुकिंग और निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण कपास लाने के लिए शिक्षित करना चाहिए।

इस कार्यक्रम में संबंधित अधिकारी, खरीद केंद्र प्रबंधक और अन्य लोग उपस्थित थे।

DAILY शुभ लाभ Classifieds
FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, P VASANTHI Spouse of Service No. JC 734484K Sub GUJJU SATYA NARAYANA REDDY, Resident of 1-36, Vill:Boyapalem, Mandal: Anandapuram, Gambheeram, Dist:Visakhapatnam, Andhra Pradesh-531163 have changed my name from P VASANTHI to GUJJU VASANTHI vide affidavit dt:23-12-2025 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.


**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No.15163891K Hav (DMT) MD BABUL AKTHAR of Unit:22 Medium Regt. C/o.56 APO, Resident of Ward No.4, Jala Bazar, Uttar Padmabil, North Tripura-799260 have changed my name spelling from MD BABUL AKTAR to MD BABUL AKTHAR vide affidavit dt:20-12-2025 before Smt.Zeenath Begum, Advocate and Notary, Karkhana, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, P C VANAJA Mother of Service No.JC 312649K Sub Maj JAYESH P C, Resident of Maniyatta House, Chittariparamba (PO), Kannur Dist, Kerala-670650 have changed my name and DOB from P C VANAJA, DOB:01-07-1958 to VANAJAKSHI P C, DOB:01-01-1956 vide affidavit dt:23-12-2025 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, MANNAT MIR D/o.HAV AB RASHID, resident of Chani Pora Bala, Tehail Tangdhar, District - Kupwara, State - Jammu & Kashmir. do hereby declare that my name has been wrongly mentioned in my father service records/documents as MANAT MIR instead of MANNAT MIR, vide Affidavit date.18-12-2025 before D Satyanarayana B.Com, LLB advocate and Notary High Court Hyderabad, TS

**CHANGE OF NAME**
I, RAMRAO, is legally father of Service No.15174123H, Rank-L/HAV Name-DASARE DIPAK RAMRAO, presently residing at VPO-SAKHAR KHERDA, Teh- SINDKHED RAJA, Dist - BULDHANA, MAHARASHTRA-443202, have changed my name from RAMRAO to RAMRAO VITHOBA DASARE, for all future purposes vide Affidavit dated 23/12/2025 before C Samuel Advocate and Notary Secunderabad

# तेलंगाना विधानसभा सत्र 29 दिसंबर से



## तीखी बहस होने की संभावना
## केसीआर की मौजूदगी पर सबकी निगाहें टिकीं

**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना विधानसभा का सत्र 29 दिसंबर से प्रारंभ होने जा रहा है। इस सत्र में एमपीटीसी और जेडपीटीसी चुनावों में आरक्षण, पैक्स (PACS) चुनाव, नगरपालिका व नगर निगम चुनावों का शेड्यूल, तथा बीसी समुदाय को 42 प्रतिशत आरक्षण लागू करने जैसे अहम मुद्दों पर गरमागरम चर्चा होने की संभावना है।सत्र को लेकर राजनीतिक गलियारों में इस बात की भी जोरदार चर्चा है कि पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) इस सत्र में भाग लेंगे या नहीं। उनकी उपस्थिति को लेकर सभी दलों और जनता की निगाहें टिकी हुई हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की सरकार ने स्थानीय निकाय चुनावों में बीसी समुदाय को 42 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव रखा था। इसके लिए अगस्त 2025 में विधानसभा ने पंचायत राज अधिनियम में संशोधन को भी मंजूरी दी थी। हालांकि, अक्टूबर में हाई कोर्ट ने 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण पर रोक लगाते हुए 42 प्रतिशत आरक्षण को असंवैधानिक बताया था।इस पृष्ठभूमि में बीसी एसोसिएशन ने मांग की है कि एमपीटीसी और जेडपीटीसी चुनाव 42 प्रतिशत आरक्षण के बिना न कराए जाएं। सरकार इस मुद्दे पर विधानसभा में प्रस्ताव पारित करने, संसद में प्राइवेट बिल लाने और दिल्ली में धरना प्रदर्शन जैसे कदम उठाने की योजना बना रही है, ताकि केंद्र सरकार पर संविधान संशोधन कर 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा हटाने का दबाव बनाया जा सके।

वहीं, सभी राजनीतिक दलों और बीसी संगठनों की निगाहें 2 जनवरी से शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में इस संबंध में लिए जाने वाले फैसलों पर टिकी हुई हैं।

# बंडारू दत्तात्रेय ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की शिष्टाचार भेंट





**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हरियाणा के पूर्व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सोमवार को सिकंदराबाद स्थित राष्ट्रपति निलयम मेंराष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की।इस मुलाकात के दौरान बंडारू दत्तात्रेय के साथ उनका परिवार भी मौजूद था। उनके साथ उनकी सुपुत्री श्रीमती बंडारू विजयलक्ष्मी और उनकी पोतियाँ कुमारी वेदांशी एवं जशोधरा भी राष्ट्रपति जी से मिलीं।यह भेंट राष्ट्रपति मुर्मू के वार्षिक शीतकालीन प्रवास के दौरान हुई, जहाँ उन्होंने राज्यपाल और उनके परिवार के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत की।

# माय ओम साई फोटोग्राफी को कुंदन लाल जायसवाल सिरमौरिया पुरस्कार से सम्मानित किया गया



**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कलाली जायसवाल सभा, हैदराबाद द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन 0 2025 में माय ओम साई फोटोग्राफी को प्रतिष्ठित कुंदन लाल जायसवाल सिरमौरिया पुरस्कार से नवाजा गया है। यह सम्मान रविवार, 21 दिसंबर 2025 को आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया।बाग लिंगमपल्ली स्थित कल्याण मंडपम में आयोजित इस वार्षिक सम्मेलन में फोटोग्राफी के क्षेत्र में उत्कृष्टता और समुदाय के प्रति उत्कृष्ट योगदान के लिए इस फर्म को चुना गया।यह पुरस्कार समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. चंद्रमुखी सुनहरा, एमडी, डीएनबी (एआईजी हॉस्पिटल्स की प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ) के हाथों प्रदान किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में विजेताओं की उनके शिल्प के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना की।समारोह में माय ओम साई फोटोग्राफी का प्रतिनिधित्व श्रीमती राय दुर्गेश नंदिनी जायसवाल और कुमारी राय रिद्धि जायसवाल ने किया, जिन्होंने संस्था की ओर से इस गौरवशाली पुरस्कार को स्वीकार किया।

# नए साल के जश्न पर हैदराबाद पुलिस की सख्त चेतावनी

## हुड़दंगियों और नशे में गाड़ी चलाने वालों की खैर नहीं

**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद के पुलिस आयुक्त वी.सी. सज्जनार ने मंगलवार को नए साल के जश्न के दौरान कानून का उल्लंघन करने वालों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उत्सव के नाम पर किसी भी प्रकार की गैर-कानूनी गतिविधि होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

तेलंगाना इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर में फील्ड अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान, सीपी सज्जनार ने क्रिसमस, वैकुंठ एकादशी और नए साल की सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

कमिश्नर ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

बुधवार से शहर भर में विशेष चेकिंग अभियान शुरू होगा।31 दिसंबर की रात शहर के 100 प्रमुख स्थानों पर सघन जांच की जाएगी।

इसके लिए अतिरिक्त बलों की 7 प्लाटून तैनात की जाएंगी।पकड़े जाने पर 10,000 जुर्माना, 6 महीने तक की जेल और लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द करने की



सिफारिश की जा सकती है।महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, भीड़भाड़ वाले इलाकों और पार्टी स्थलों पर सादे कपड़ों में 15 शी टीम्स तैनात रहेंगी। छेड़छाड़ या दुर्व्यवहार करने वालों को तुरंत गिरफ्तार किया जाएगा।

पार्टियों और पब के लिए नियम

3-सितारा और उससे ऊपर के होटलों व पबों में कार्यक्रम रात 1 बजे तक समाप्त होने चाहिए।

शोर प्रदूषण के नियमों का सख्ती से पालन करना होगा। निर्धारित सीमा से अधिक शोर करने वाले साउंड सिस्टम जब्त कर लिए जाएंगे।

यदि किसी प्रबंधन ने गांजा या अन्य नशीले पदार्थों के उपयोग या अश्लील नृत्य की अनुमति दी, तो उनका लाइसेंस रद्द कर आपराधिक कार्रवाई की जाएगी।

युवाओं द्वारा सड़कों पर की जाने वाली रेसिंग, व्हीलिंग और खतरनाक ड्राइविंग के खिलाफ भी पुलिस सख्त रहेगी। पुलिस ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे सुरक्षित रहने के लिए कैब सेवाओं का उपयोग करें या किसी ऐसे व्यक्ति को गाड़ी चलाने दें जिसने शराब न पी हो।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) एम. श्रीनिवासुलु, और डीसीपी एन. श्वेता, रक्षिता कृष्णमूर्ति, रूपेश, आर. वेंकटेश्वरलू, वी. अरविंद बाबू और लावण्य नायक जाधव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

कमिश्नर सज्जनार ने जनता से जिम्मेदारी के साथ जश्न मनाने और सुरक्षित रूप से 2026 का स्वागत करने का आग्रह किया है।

# हिंदी सेवासदन की हिंदी प्रतियोगिता परीक्षाओं के परीक्षा केंद्र निर्धारण की अंतिम तिथि 27 दिसंबर


**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिंदी सेवासदन द्वारा तेलंगाना राज्य भर में पाठशाला स्तर एवं कॉलेज स्तर पर आयोजित की जाने वाली हिंदी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र स्थापित करने की अंतिम तिथि 27 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है।हिंदी सेवासदन के संस्थापक सचिव एवं हिंदी प्रचार सभा, हैदराबाद के प्रधानमंत्री एस. गैबुवली ने बताया कि राज्य भर में कक्षा 6वीं से 12वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए आयोजित इन प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतु इच्छुक पाठशालाओं एवं कॉलेजों को विद्यार्थियों का विवरण 27 दिसंबर 2025 तक हिंदी सेवासदन को भेजना अनिवार्य है।इस अवसर पर एस. गैबुवली ने कहा कि पाठशाला स्तर से ही हिंदी भाषा के महत्व को उजागर करने तथा विद्यार्थियों की प्रतिभा को उनके हिंदी पाठ्यपुस्तकों के माध्यम से सामने लाने के उद्देश्य से इन परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता विशेष रूप से 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।परीक्षा में भाग लेने वाले प्रत्येक छात्र को प्रशंसा पत्र प्रदान किया जाएगा। वहीं



विद्यालय, कॉलेज, जिला एवं राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशिष्ट हिंदी प्रतिभा रत्न पुरस्कार02025 से सम्मानित किया जाएगा, जो प्रमुख व्यक्तियों के करकमलों द्वारा प्रदान किया जाएगा।

हिंदी प्रतियोगिता परीक्षाएँ 30 दिसंबर 2025 को पाठशाला एवं कॉलेज स्तर पर आयोजित की जाएँगी। इसके पश्चात 18 जनवरी 2026 को जिला एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिता परीक्षाओं का आयोजन कर अंतिम विजेताओं का चयन किया जाएगा।अधिक जानकारी के लिए इच्छुक संस्थान एवं अभिभावक मोबाइल नंबर 9912858009 एवं 8247475256 पर संपर्क कर सकते हैं।

# महेश बैंक के वाइस चेयरमैन गोविंद नारायण राठी ने पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकय्या नायडू से की भेंट



**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** महेश बैंक के वाइस चेयरमैन गोविंद नारायण राठी ने पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकय्या नायडू से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री राठी ने शॉल ओढ़ाकर श्री नायडू का सम्मान किया।

मुलाकात के दौरान सामाजिक, आर्थिक एवं सेवा से जुड़े विषयों पर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई। श्री नायडू ने महेश बैंक की गतिविधियों की सराहना करते हुए जनसेवा एवं सामाजिक सहभागिता को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# 7वीं सरदार वल्लभभाई पटेल केसरी कुश्ती प्रतियोगिता कल से

**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अत्तापुर स्थित रामबाग राम मंदिर खेल मैदान में सरदार वल्लभभाई पटेल केसरी की सातवीं कुश्ती प्रतियोगिता (दंगल) का आयोजन 25 दिसंबर से किया जाएगा।

कुश्ती प्रतियोगिता आयोजन समिति के प्रवक्ता राजू पहलवान एवं विजय पहलवान ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पहलवानों का पंजीकरण 25 दिसंबर की सुबह खेल मैदान में ही किया जाएगा। कुश्ती दंगल का आयोजन प्रतिदिन शाम 5:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक रहेगा।

उन्होंने बताया कि इस विशाल राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में अनेक नामी पहलवान अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन करेंगे। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को प्रथम पुरस्कार 20,000, द्वितीय पुरस्कार 10,000 तथा तृतीय पुरस्कार 5,000 प्रदान किया जाएगा।

इसके अलावा महिला केसरी, पुरुष केसरी एवं बाल केसरी वर्ग के प्रथम विजेताओं को हनुमान जी की गदा के रूप में विशेष प्रतीक चिन्ह भेंट किए जाएंगे।

इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल केसरी के अध्यक्ष एन. मल्ला रेड्डी ने क्षेत्र के सभी खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे इस कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें।

आज का अल्पाहार
राधे राधे ग्रुप



नुकृति गर्ग
के जन्मदिवस के अवसर पर
बाबूलाल अखिल गर्ग
दुर्गा लेटिंग
वितरण स्थल : भू-लक्ष्मी माता गौशाला, बेगम बाज़ार
SATISH KUMAR GUPTA 92465 05234
JAGAT NARAYAN AGARWAL 92465 35311
RAM PRAKASH GOEL 93910 14283
MAHESH AGARWAL 98490 98502

# अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर CCRAS-NIIMH द्वारा औषधीय पौधों का प्रदर्शन व वितरण



**हैदराबाद, 23 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आयुष मंत्रालय के अधीन केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद0राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान (CCRAS-NIIMH), हैदराबाद द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में एक विशेष जागरूकता एवं औषधीय पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संस्थान परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को औषधीय पौधों के महत्व से अवगत कराना तथा घरेलू स्वास्थ्य प्रबंधन में उनके उपयोग के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के सहायक निदेशक (प्रभारी) डॉ. जी. पी. प्रसाद के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक सहभागी बने।

कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को विभिन्न औषधीय पौधों की विशेषताओं की जानकारी दी गई तथा उन्हें निःशुल्क औषधीय पौधे वितरित किए गए। यह पहल भारत के महान सपूत एवं तीन बार प्रधानमंत्री रहे श्री अटल बिहारी वाजपेयी (192402018) की स्मृति को समर्पित रही, जो भारतीय पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों और सांस्कृतिक विरासत के प्रबल समर्थक थे।इस अवसर पर डॉ. जी. पी. प्रसाद ने कहा कि औषधीय पौधों का वितरण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि ङ्गस्वस्थ भारतफ की दिशा में एक सार्थक कदम है। इससे लोगों को वनौषधियों एवं पारंपरिक चिकित्सा विज्ञान के प्रति जागरूकता प्राप्त होगी, जो उनके दैनिक जीवन में उपयोगी सिद्ध होगी। संस्थान की इस पहल की स्थानीय नागरिकों ने सराहना की।

आज का अल्पाहार
राधे राधे ग्रुप



स्व. श्री प्रकाशचन्द्रजी बजाज
के पुण्य स्मृति में
श्रीमती पुष्पादेवी प्रकाशचन्द्रजी बजाज परिवार, मुम्बई
वितरण स्थल : मेट्रो पिल्लर नं. A-1265, पब्लिक गार्डन रोड
SATISH KUMAR GUPTA 92465 05234
JAGAT NARAYAN AGARWAL 92465 35311
RAM PRAKASH GOEL 93910 14283
MAHESH AGARWAL 98490 98502

शुभ लाभ
का वार्षिक सब्सक्रिप्शन लें और उतने ही मूल्य का विज्ञापन छपवाएं

खबरें जो सोच बदल दे शुभ&लाभ R. No. 5305
SPACE COUPON Rs. 2500/-
Worth of 1 Advertisement 10x10 Sq. Cm. in Shubh Labh
Validity : 1 Year from the time of Issue
SUBSCRIPTION FORM
Name : ..........
Period of Subscription : Annual Rs. 2500/-
Mode of Payment : CHEQUE / D.D.
Cheque No. & Date .......... Drawn ..........
Name of the Executive..........
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, T19 Towers, Ranigunj, Secunderabad-500 003 (T.S.)

सुधि पाठकों को यह सूचित करना है कि हिंदी दैनिक शुभ लाभ वार्षिक सब्सक्रिप्शन स्कीम में आंशिक फेरबदल के साथ नये सिरे से सदस्यता अभियान शुरू कर रहा है। रुपये 2500/- के सालाना सब्सक्रिप्शन पर आप निर्धारित अवधि में रुपये 2500/- मूल्य (10x10 वर्ग सेंटीमीटर) का विज्ञापन निःशुल्क प्रकाशित करा सकते हैं। सब्सक्रिप्शन कूपन की प्रकाशित फोटो के अनुरूप आप अपनी प्राप्ति-रसीद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8688868345 पर संपर्क करें। - प्रबंधक

सूचना : सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं से आग्रह है कि वे वार्षिक सब्सक्रिप्शन एवं विज्ञापन की राशि ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए सीधे संस्थान के बैंक खाते में डालें या बार-कोड द्वारा भेजें...

A/C Holder Name : Shree Siddivinayak publications
Bank Name : City Union Bank
OD Account
A/c.No. : 512120020029300
Branch : Balanagar, Hyderabad
IFS Code : CIUB0000464

SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Hyderabad Balanagar

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.